THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

# स्वतंत्र वार्ता

वर्ष-27 अंक : 218 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.12, 2079 शनिवार, 22 अक्टूबर 2022

# मिलिट्री का हेलिकॉप्टर क्रैश

## चार शव मिले, पांचवें की तलाश जारी

ईटानगर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले में मिलिट्री हेलिकॉप्टर 'रुद्र' शुक्रवार को क्रैश हो गया। हादसा टूटिंग हेडक्कार्टर से 25 किलोमीटर दूर सिंगिंग गांव के पास हुआ है। जहां ये हादसा हुआ है वो एरिया सड़क मार्ग से कनेक्टेड नहीं है। भारतीय सेना के मुताबिक दोपहर तक हेलिकॉप्टर क्रैश में मारे गए लोगों में से 4 के शव मिल गए थे। पांचवें की तलाश जारी है।

रुद्र सेना का अटैक हेलिकॉप्टर है। इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने भारतीय सेना के लिए बनाया है। यह हल्के ध्रुव हेलिकाप्टर का वेपन सिस्टम इंटीग्रेटेड Mk-IV संस्करण है।

5 अक्टूबर को तवांग में चीता हेलिकॉप्टर हुआ था क्रैश 5 अक्टूबर यानी दो हफ्ते पहले ही अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में आर्मी का एक चीता हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। हादसा सुबह करीब 10 बजे हुआ था। हेलिकॉप्टर में दो पायलट सवार थे। हादसे के बाद दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनमें से लेफ्टिनेंट कर्नल सौरभ यादव ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था।

### 12 अक्टूबर को गोवा में नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त

12 अक्टूबर को भारतीय नौसेना का मिग 29के लड़ाकू विमान क्रैश हो गया था। नौसेना ने इसकी जानकारी दी थी कि विमान के पायलट सुरक्षित थे और हादसा तकनीकी खराबी की वजह से हुआ था। नौसेना की तरफ से जारी बयान में बताया गया था कि गोवा से समुद्र के ऊपर नियमित उड़ान भर रहे MiG 29K में वापसी के दौरान तकनीकी खराबी आ गई।

### फरवरी में भी सेना का हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था

इससे पहले फरवरी में तेलंगाना के नलगोंडा जिले में सेना का एक हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उस हादसे में दो पायलट शहीद हो गए थे।

वहीं चीता और चेतक जैसे हल्के हेलीकॉप्टर, जिसे भारतीय सेना के जवान इस्तेमाल करते हैं, जो काफी पुराने हो चुके है। इनके स्थान पर दूसरे हाईटेक हेलीकॉप्टर को लाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।










# स्वदेशी हथियारों पर सेना का जोर

## आर्मी चीफ बोले 8 लाख करोड़ तक पहुंचेगा लोकल डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सेना की ओर से देश में बने घातक हथियारों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने विश्वास जताया कि इंडियन इंडस्ट्री सशस्त्र बलों की तत्काल जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अगले 8 साल में लोकल डिफेंस कॉन्ट्रैक्ट 8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है, क्योंकि स्वदेशीकरण को लेकर अभियान जारी है।




**आर्मी चीफ ने कहा कि सेना को युद्ध के विभिन्न क्षेत्रों में नई तकनीक की जरूरत है।**

इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित सैटेलाइट इमेजरी इंटरप्रेटेशन, ड्रोन एंड काउंटर सिस्टम, युद्ध सामग्री, क्वांटम कंप्यूटिंग और सैनिकों की गतिशीलता शामिल है।

यह प्राइवेट सेक्टर के लिए एक बाजार तैयार करता है।

# हिमाचल विस चुनाव

## आठ रैलियां, रोड शो करेंगी प्रियंका, राहुल गांधी भी आ सकते हैं



शिमला, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कमर कस ली है। हिमाचल में सत्ता में आने की उम्मीद कर रही कांग्रेस पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतरेगी। हालांकि, कांग्रेस के लिए स्टार प्रचारक की सूची अब तक जारी नहीं हो सकी है। सूत्रों का दावा है कि प्रदेश में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी प्रचार का जिम्मा संभालेंगी। प्रियंका गांधी आठ रैलियों को संबोधित करेंगी। 31 अक्तूबर से वह प्रचार की शुरुआत करेंगी। प्रचार के दौरान वह रोड शो और जनसभाएं भी करेंगी। 31 अक्तूबर को प्रियंका गांधी मंडी और कुल्लू जिला का दौरा कर सकतीं हैं। 3 नवंबर को कांगड़ा और चंबा में वह चुनाव प्रचार के लिए जाएंगी। सूत्रों ने बताया है कि 7 नवंबर को प्रियंका गांधी हमीरपुर और ऊना में भी रैली करेंगी।

# महबूबा मुफ्ती को सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस



श्रीनगर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पीडीपी अध्यक्ष एवं जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को श्रीनगर के गुपकार स्थित सरकारी बंगले को खाली करने को लेकर नोटिस जारी किया गया है। जम्मू कश्मीर प्रशासन की तरफ से यह नोटिस भेजा गया है। इसे लेकर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कुछ दिन पहले उन्हें सरकारी बंगला फेयर व्यू को खाली करने का नोटिस दिया गया है। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है और यह मौजूदा प्रशासन से अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि नोटिस में उल्लेख किया गया है कि बंगला जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के लिए है, लेकिन ऐसा नहीं है। महबूबा मुफ्ती ने कहा, 'यह स्थान मेरे पिता (मुफ्ती मोहम्मद सईद) को दिसंबर 2005 में आवंटित किया गया था, जब उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ा था। इसलिए प्रशासन द्वारा बताए गए आधार सही नहीं हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या वह अदालत में नोटिस को चुनौती देंगी, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) प्रमुख ने कहा कि वह अपनी कानूनी टीम से सलाह लेंगी।

# सुरक्षाबलों पर उंगली उठाने वालों को चुकानी होगी कीमत- मनोज सिन्हा



श्रीनगर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि सुरक्षाबलों पर उंगली उठाने और निर्दोष लोगों की हत्या को जायज ठहराने वालों को इसकी कीमत चुकानी होगी। श्रीनगर में पुलिस प्रशिक्षण केंद्र जेवान क्षेत्र में आयोजित स्मृति दिवस समारोह के दौरान उपराज्यपाल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि वह तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक केंद्र शासित प्रदेश से आतंकवाद का सफाया नहीं हो जाता।

अगर कोई जम्मू-कश्मीर में शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। एलजी मनोज सिन्हा ने पुलिस स्मृति दिवस के मौके पर ड्यूटी के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में मनोज सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर पुलिस के बहादुरों जवानों की वीरता और उनका अद्वितीय साहस सभी के लिए प्रेरणा है।

# राष्ट्रपति को हटाकर खुद को राष्ट्रपति बनाने की कर रहा था मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति को हटाने की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की. सुप्रीम कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें भारत की राष्ट्रपति को हटाकर याचिकाकर्ता को राष्ट्रपति बनाने की मांग की गई थी. याचिकाकर्ता किशोर जे सावंत का कहना था कि 2004 के बाद से उन्हें राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन नहीं करने दिया जा रहा है. सुनवाई के दौरान जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और हिमा कोहली की बेंच ने याचिका पर कड़ी नाराजगी जाहिर की. जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि ये किस तरह के अपमानजनक आरोप राष्ट्रपति पर लगा रहे हैं? ये याचिका पूरी तरह तुच्छ है.




**ये कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है.**

याचिका में दी गई टिप्पणियों को रजिस्ट्री रिकॉर्ड से हटाएगी. हम याचिका को खारिज करते हैं. रजिस्ट्री ये सुनिश्चित करे कि भविष्य में ऐसी याचिकाएं दाखिल न हों. वहीं याचिकाकर्ता का कहना था कि ये भारत में संवैधानिक लोकतंत्र के मूल मूल्यों की फिर से व्याख्या करेगा.

मैं एक पर्यावरणविद् हूं पर मुझे चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं है. श्रीलंका का हालिया उदाहरण है, जहां राष्ट्रपति के घर में नागरिक घुस गए. रूस में क्या हो रहा है? मैं पूरी दुनिया के लिए काम करूंगा, जहां चीजें गड़बड़ हैं. राष्ट्रपति की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरत है.

# असम के कामरूप से पीएफआई के चार सदस्य गिरफ्तार

कामरूप, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के खिलाफ देश के विभिन्न हिस्सों में कार्रवाई जारी है। असम पुलिस ने आज कामरूप जिले के नगरबेरा इलाके से संगठन के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कामरूप के एसपी हितेश राय ने बताया कि पीएफआई से जुड़े एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया गया है।

छायागांव इलाके से भी पीएफआई के एक और सदस्य को गिरफ्तार कर लिया। इसे मिलाकर कुल चार को पकड़ा गया है। इससे पहले गुरुवार को मुंबई से पनवेल से पीएफआई के चार पदाधिकारियों व सदस्यों को गिरफ्तार किया गया था। यह कार्रवाई महाराष्ट्र एटीएस ने की थी।

**केंद्र ने पिछले माह लगाई थी पाबंदी**

केंद्र सरकार ने पिछले महीने पीएफआई और उसके कई सहयोगियों पर आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी समूहों से संपर्क होने का आरोप लगाते हुए पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। पिछले माह पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 300 से ज्यादा लोगों को पिछले महीने कई राज्यों में छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया था।

# लड़कियों के बाथरूम में झांक रहा था सफाईकर्मी,शिकायत पर हिरासत में लिया गया


छतरपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के छतरपुर में लड़कियों के बाथरूम में झांकने वाले सफाईकर्मी को पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में ले लिया है। आरोपी की पहचान नितेश करोसिया के रूप में हुई है। सफाईकर्मी के महिलाओं के बाथरुम में झांकने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीनियर गर्ल्स हॉस्टल की एक छात्रा ने इस घटना को लेकर होमगार्ड कार्यालय में तैनात सफाईकर्मी को थप्पड़ मार दिया, घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और सफाईकर्मी को थाने ले आई।

# 'गीता में जिहाद' पर घिरी कांग्रेस

## अब सफाई में भी भड़क गए शिवराज पाटिल; हमलावर हुई भाजपा

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शिवराज पाटिल लंबे समय बाद चर्चा में आए हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कह दिया कि गीता में भी भगवान कृष्ण ने अर्जुन को जिहाद की सीख दी थी। इसको लेकर भाजपा हमलावर हो गई है और कांग्रेस को हिंदू विरोधी बताते हुए जवाब मांग रही है। ऐसे समय में जब राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं और मंदिरों में भी जा रहे हैं, तब इस तरह का विवाद कांग्रेस के लिए नई मुश्किलें पैदा करने वाला है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने पीएम नरेंद्र मोदी के केदारनाथ दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि इसकी अहमियत वे लोग नहीं समझ सकते, जिन्हें गीता में भी जिहाद का संदेश दिखता है। हालांकि इस बीच शिवराज पाटिल ने सफाई देते हुए उलटे मीडिया पर ही भड़क गए। एक पत्रकार से तो उन्होंने कहा कि तुम चुप रहो, तुमसे बात नहीं कर रहा। इसके बाद एक अन्य रिपोर्ट से उन्होंने कहा कि आप लोग जिहाद की बात कर रहे हैं। आप सोचिए कि क्या श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो संदेश दिया है, उसे आप जिहाद कहेंगे? नहीं कहेंगे। यही बात मैं भी कह रहा हूं।



**गीता और बाइबल में भी कही थी जिहाद के संदेश की बात**

गुरुवार को शिवराज पाटिल ने कहा था, 'कहा जाता है कि इस्लाम धर्म के अंदर जिहाद की बहुत चर्चा है।

जिहाद की बात तब आ जाती है, जब मन से कोई काम करने के बाद भी दूसरा व्यक्ति नहीं समझता। तब शक्ति के इस्तेमाल की बात कही जाती है। यह सिर्फ कुरान में ही नहीं है। महाभारत में भी जो गीता का भाग है, उसमें श्रीकृष्ण ने भी अर्जुन को जिहाद का ही संदेश दिया था। वह कहते हैं कि बाइबल में भी ऐसा ही जिक्र मिलता है।' शिवराज पाटिल ने यह बयान गुरुवार को एक किताब के विमोचन के दौरान दिया था, लेकिन इससे कांग्रेस की मुश्किल बढ़ गई।

**भाजपा बोली- वोटबैंक का प्रयोग, सीधे राहुल पर साधा निशान**

शिवराज पाटिल यह भी कहते दिखते हैं कि जिहाद की बात ईसाइयों ने भी लिखी है। अगर सबकुछ समझने के बावजूद कोई हथियार लेकर आ रहा है, तो आप भाग नहीं सकते हैं। उसको आप जिहाद भी नहीं कह सकते है। ये तो नहीं होना चाहिए, हथियार लेकर समझाने की बात नहीं होनी चाहिए। शिवराज पाटिल के इस बयान पर भाजपा प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा है और इसे 'वोटबैंक का प्रयोग' बताया है। उन्होंने अपना एक वीडियो ट्वीट करते हुए कहा, 'हिंदुओं से ये नफ़रत संयोग नहीं बल्कि वोटबैंक का प्रयोग है। गुजरात चुनाव से पहले वोटबैंक का ध्रुवीकरण के लिए ये जानबूझकर किया गया है।

# 30 फुट की ऊंचाई से गिरा मजदूर, पीजीआई में मौत

जींद (हरियाणा), 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जींद के गांव किनाना के पास गुरुवार रात को टायर फैक्टरी में 30 फुट की ऊंचाई से गिरकर घायल हुए मजदूर की पीजीआई रोहतक में मौत हो गई। सदर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फैक्टरी ठेकेदार तथा मालिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। रामनगर रोहतक निवासी शमशेर गांव किनाना के निकट टायर फैक्टरी में वैल्डिंग का कार्य करता था। गुरुवार को शमशेर फैक्टरी में काम पर गया था और वह फैक्टरी के अंदर 30 फुट की ऊंचाई पर धुंआ निकालने वाले टावर पर वैल्डिंग कर रहा था।

# शिवसेना में बवाल के बीच शरद पवार ने भंग कर दीं एनसीपी की सारी यूनिट्स



मुंबई, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। शिवसेना में बड़ी बगावत के बीच शरद पवार ने एनसीपी की सभी ईकाइयों और प्रकोष्ठों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। एनसीपी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बुधवार रात ट्वीट किया, 'राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार जी की मंजूरी से एनसीपी के सभी प्रकोष्ठों और विभागों को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।' एनसीपी ने जिन विभागों को भंग किया है, उनमें राष्ट्रवादी महिला कांग्रेस, राष्ट्रवादी यूथ कांग्रेस और राष्ट्रवादी छात्र कांग्रेस शामिल नहीं हैं। एनसीपी की ओर से प्रकोष्ठों और विभागों को भंग करने के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। एनसीपी ने यह कदम ऐसे वक्त में उठाया है, जब तीन सप्ताह पहले ही महा विकास अघाड़ी सरकार महाराष्ट्र की सत्ता से बेदखल हुई है।

**इस सरकार में एनसीपी सबसे बड़ी साझेदार के तौर पर शामिल थी।**

हालांकि सीएम पद पर शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे को बिठाया गया था। ऐसे में एनसीपी की इस आंतरिक कार्रवाई को शिवसेना में मचे बवाल से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि शरद पवार एनसीपी में नए लोगों को मौके देने की तैयारी में हैं।

इसी वजह से प्रकोष्ठों और ईकाइयों को भंग कर दिया गया है। इनके बारे में जल्दी ही अगला फैसला लिया जाएगा। बता दें कि मराठा छत्रप शरद पवार ही महा विकास अघाड़ी सरकार के सूत्रधार थे। माना जाता है कि उन्हीं की सलाह पर शिवसेना और कांग्रेस एक मंच पर आते हुए महा विकास अघाड़ी सरकार का हिस्सा बनने के लिए तैयार हुए थे।

भाजपा से अलग होकर शिवसेना का एनसीपी और कांग्रेस संग सरकार बनाना महाराष्ट्र की सियासत में एक बड़ी घटना थी। दरअसल बालासाहेब ठाकरे के दौर से ही शिवसेना कांग्रेस और एनसीपी के खिलाफ बेहद मुखर रही थी। वहीं भाजपा को स्वाभाविक साझेदार मानती रही थी। ऐसे में भाजपा को छोड़कर इन दलों के साथ सरकार बनाने के फैसले ने लोगों को चौंकाया था।

# पंजाब के सुनाम में राम रहीम बनाएगा सच्चा सौदा का नया डेरा

**वर्चुअल संवाद में किया ऐलान**

चंडीगढ़, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। रेप के दोष में जेल की सजा काट रहा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम इन दिनों 40 दिनों की पैरोल पर बाहर है और लगातार अपने अनुयायियों से वर्चुअल संवाद कर रहा है. इस बीच राम रहीम ने ऐलान कर दिया है कि पंजाब में सच्चा सौदा का नया डेरा बनेगा. वर्चुअल संवाद में राम रहीम गुरुवार को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम ब्लॉग की संगत से रूबरू हुआ. इस दौरान ही राम रहीम ने ऐलान कर दिया कि सुनाम में सच्चा सौदा का डेरा बनेगा. दरअसल, वर्चुअल संवाद के दौरान डेरा प्रेमियों ने राम रहीम के सामने सुनाम नाम चर्चा घर को डेरा में बदलने की इच्छा प्रकट की थी. इस पर राम रहीम ने हामी भरी और एडमिन ब्लॉक के जिम्मेदारों को आदेश जारी कर दिया. संवाद के दौरान राम रहीम ने प्रेमियों से पूछा था कि डेरा बनाने के लिए जगह है क्या? इस पर प्रेमियों ने कहा कि नाम चर्चा घर के आसपास की जमीन वे खरीद लेंगे. इस पर राम रहीम ने सहमति दी. ऐसे में अब पंजाब में एक ओर डेरा बन जाएगा. इसी बीच प्रेमियों ने शहीद उधम सिंह के परिवार के एक सदस्य को भी राम रहीम से मिलाया. अभी तक पंजाब के बठिंडा के सलाबतपुरा में दूसरा सबसे बड़ा डेरा है, जो कि हरियाणा के सिरसा मुख्यालय के बाद दूसरे नंबर पर आता है. बता दें कि पंजाब में अभी आम आदमी पार्टी की सरकार है और गुरु ग्रंथ साहिब के बेअदबी मामले, बरगाड़ी कांड, मौड़ मंडी ब्लास्ट में डेरा प्रेमियों के खिलाफ मामले दर्ज है.

# बीजेपी अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को मिली जान से मारने की धमकी

**चिट्ठी में लिखा- एक ही सजा, सिर तन से जुदा**

गोवा, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को जान से मारने की धमकी मिली है. ये धमकी उन्हें एक चिट्ठी के जरिए दी गई है. नागपुर में सिद्दीकी के ऑफिस में एक चिट्ठी छोड़ी गई है जिसमें सिर तन से जुदा होने की बात लिखी है. जमाल सिद्दीकी राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ से भी जुड़े हुए हैं. जुलाई महीने में नागपुर के चक्रपाणी नगर इलाके में जमाल सिद्दीकी संघ के गुरु दक्षिणा के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए थे. इसी कार्यक्रम की एक फोटो के साथ जमाल सिद्दीकी को धमकी भरी चिट्ठी भेजी गई है. ये चिट्ठी उनके ऑफिस के दरवाजे पर छोड़ दी गई. इसके बाद जमाल सिद्दीकी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है. इस धमकी भरी चिट्ठी में उन्हें आरएसएस का



दलाल कहा है और इस्लाम को बदनाम करने वाले शख्स का तमगा दिया गया है. चिट्ठी में आगे लिखा है कि ऐसे लोगों की एक ही सजा है और वो है सिर तन से जुदा. इस तरह की बातें लिखकर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई. ये धमकी भरा पत्र कार्यालय के दरवाजे पर मिलने के बाद जमाल सिद्दीकी ने नागपुर सक्करदारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. पुलिस ने इस मामले में आईपीसी की धारा 507 के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जमाल सिद्दीकी की सुरक्षा बढ़ाने की बात कही है.

# अब ठाणे होगा उद्धव ठाकरे- एकनाथ शिंदे का मैदान

## पुराने विरोधियों के साथ बनाया नया सियासी प्लान

मुंबई, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अब उद्धव ठाकरे बनाम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नया चैप्टर शुरू होता दिख रहा है। खबर है कि उद्धव अब शिंदे के गढ़ यानी ठाणे में रैली की तैयारी कर रहे हैं। हाल ही में भारत निर्वाचन आयोग ने दोनों नेताओं को समूहों को शिवसेना की अलग-अलग पहचान दे दी है। इसके बाद शिंदे समूह 'बालासाहेबांची शिवसेना' और उद्धव समूह का नाम 'शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे)' के तौर पर जाना जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गुरुवार को ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से ठाणे में रैली आयोजित करने के लिए कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि वह रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने दावा किया कि जिस दिन से महाविकास अघाड़ी सरकार के मुख्यमंत्री पद से उन्होंने इस्तीफा दिया है, तब से ऐसा एक भी दिन नहीं गया जब कोई शिवसेना में शामिल न हुआ हो।



इसके अलावा वह बंजारा समुदाय के लोकप्रिय तीर्थस्थल पोहरादेवी भी पहुंचेंगे। ठाकरे आरोप लगा रहे हैं कि सरकार लोगों के दिमाग से शिवसेना के काम को हटाना चाहती है और इसलिए वे निकाय चुनाव में देरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'पोहरादेवी की यात्रा की घोषणा हो चुकी है। अब मैं ठाणे में भी मीटिंग करूंगा। एक जनसभा होनी है। अगर आप चाहते हैं कि मैं पोहरादेवी आऊं, तो तारीख तय कीजिए। वे जल्दबाजी में चुनाव आयोग के पास गए और हमारी पार्टी का नाम और चिह्न फ्रीज करा दिया, लेकिन मैं नए नाम और चिह्न के साथ आगे बढ़ रहा हूं।

**ठाकरे के साथ आए पूर्व भाजपा विधायक**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक संजय देशमुख अब ठाकरे की पार्टी में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा शिंदे के बड़े विरोधी संजय घड़ीगांवकर भी ठाकरे समूह का हिस्सा बन गए हैं। साल 2019 विधानसभा चुनाव में वह शिंदे के खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इधर, यवतमाल के देशमुख भी शिंदे गुट के नेता और मंत्री संजय राठौड़ के प्रतिद्वंदी रह चुके हैं। साल 2019 में निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर उन्होंने राठौड़ के खिलाफ 73 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे।

# छिंदवाडा में तिलक लगाकर स्कूल पहुंचे बच्चों को शिक्षक ने पीटा

भोपाल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में स्कूल में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आना एक शिक्षक को पसंद नहीं आया। जिसके बाद शिक्षक ने करीब 5-6 विधार्थियों की जमकर पिटाई कर दी। इस मामले की सूचना मिलते ही छात्रों के परिजन स्कूल में पहुंचकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद स्कूल मैनेजमेंट ने पिटाई करने वाले शिक्षक को स्कूल से हटा दिया है। विभाग द्वारा इस मामले की जांच की जा रही है। साथ ही पुलिस ने भी कार्यवाई शुरू कर दी है। दरअसल मामला आदिवासी विकासखंड बिछुआ का है। जहां कक्षा 6 और 7 के छात्र अपने माथे में तिलक लगाकर स्कूल आए थे।

# जेल से निकल श्रीकांत ने जाहिर किए राजनीति के अरमान

**भाजपा को लेकर भी बताया प्लान**



नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नोएडा की ओमेक्स सिटी में महिला से बदसलूकी का वीडियो वायरल होने के बाद गिरफ्तार किए गए श्रीकांत त्यागी गुरुवार की शाम जेल से रिहा हो गया। गैंगस्टर के मामले में सोमवार को श्रीकांत को हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। इसके बाद गुरुवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे श्रीकांत की गौतमबुद्ध नगर जिले की लुक्सर जेल से रिहाई हुई। जेल से रिहा होने के बाद श्रीकांत ग्रैंड ओमेक्स सोसाइटी स्थित अपने फ्लैट के लिए रवाना हो गया। जेल से छूटने के बाद श्रीकांत त्यागी ने अपने समाज का आभार जताया है। उसने कहा कि समाज ने इस संकट की घड़ी में उसका साथ दिया, जिसके लिए वह अपने पूरे समाज का आभारी है। परिजनों ने घर पर किया स्वागत सोसाइटी में उसकी पत्नी अनु त्यागी आरती का थाल लेकर उसका इंतजार कर रही थी। जहां पर परिवारजनों और उसके करीबियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया और उसकी रिहाई पर खुशी जताई।

जहां पर कुछ लोगोंने नारेबाजी कर भी स्वागत किया। यहां पर श्रीकांत ने एक बार फिर से अपने समाज का आभार जताते हुए समाज को सर्वोपरि बताया और राजनीति के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह राजनेता हैं तो राजनीति में तो सक्रिय रहेंगे ही, लेकिन जब उनसे पूछा गया कि क्या वह भाजपा में हैं तो इस पर उनका जवाब था कि इसको लेकर वह अपने लोगों से बात कर इस संबंध में बड़ा निर्णय लेंगे और उसके बाद ही घोषित करेंगे।




THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com




वर्ष-27 अंक : 218 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.12, 2079 शनिवार, 22 अक्टूबर 2022 प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## भ्रष्टाचार के केस में इमरान 5 साल के लिए अयोग्य

इस्लामाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। तोशखाना (गिफ्ट) केस में पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री इमरान खान को 5 साल के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है। आयोग ने कहा कि इमरान की संसद सदस्यता भी रद्द हो गई है। इस फैसले के बाद इमरान अगले 5 साल तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। इमरान के खिलाफ फैसला आने के बाद इमरान के समर्थकों ने पाकिस्तान ईसी के दफ्तर के बाहर प्रदर्शन किया। इन लोगों को हटाने जब सुरक्षा गार्ड्स पहुंचे तो समर्थकों ने फायरिंग कर दी। बाद में इन्हें दफ्तर से हटाया गया।

**विदेशी तोहफों को बेचने का आरोप**

पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान रजा की अध्यक्षता वाली 4 सदस्यों की बेंच ने इमरान के खिलाफ यह फैसला सुनाया। प्रधानमंत्री रहने के दौरान इमरान खान पर विपक्ष के सांसदों ने चुनाव आयोग में मामले की शिकायत की थी। इमरान पर आरोप था कि उन्होंने तोशखाना में जमा गिफ्ट्स को सस्ते में खरीदा और ज्यादा दामों में बेच दिया।

**जानिए क्या है तोशखाना केस**

चुनाव आयोग के सामने सत्ताधारी पाकिस्तानी डेमोक्रेटिक मूवमेंट ने तोशखाना गिफ्ट मामला उठाया था। >14

# देव दर्शन के बाद माणा पहुंचे मोदी

## 25 साल पुरानी कहानी सुनाई, बोले-जब मीटिंग बुलाई तो भाजपा कार्यकर्ता नाराज हो गए थे

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को पहले केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन करने के बाद माणा पहुंचे। यह चीन की सीमा पर उत्तराखंड का आखिरी गांव है। मोदी ने यहां जनसभा की। पीएम ने कहा कि आज बाबा केदार और बद्री विशाल जी के दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त कर मेरा जीवन धन्य होगा और मन प्रसन्न हो गया। ये पल मेरे लिए चिरंजीवी हो गए। इस दौरान उन्होंने माणा गांव से जुड़ी एक कहानी भी सुनाई।

उन्होंने कहा, 'माणा गांव भारत के अंतिम गांव के रूप में जाना जाता है। अब मेरे लिए भी सीमा पर बसा हर गांव देश का पहला गांव ही है। सीमा पर बसे आप सभी मेरे साथी देश के सशक्त प्रहरी हैं। मैं आज माणा की पुरानी यादें ताजा करना चाहता हूं। मैं सीएम बन गया, पीएम बन गया इसलिए सीमा के इस पहले प्रहरी गांव को याद कर रहा हूं ऐसा नहीं है।

25 साल पहले जब मैं उत्तराखंड में भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम करता था, तब कोई मुझे ज्यादा नहीं जानता था। मैं संगठन का काम करता था। उस वक्त माणा में मैंने उत्तराखंड भाजपा की कार्यसमिति की बैठक बुलाई। उत्तराखंड के कार्यकर्ता मुझसे तब नाराज थे कि इतनी मेहनत से जाना पड़ेगा, दूर जाना पड़ेगा।




माणा में 3400 करोड़ की लागत से बनने वाले रोपवे और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करते हुए पीएम मोदी।

**आस्था घरों के विकास पर नफरत का भाव रहा**

'मैंने लाल किले से कहा था- गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त हों। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी, क्योंकि हमारे देश को इस मानसिकता ने ऐसा जकड़ा है कि प्रगति का हर कार्य कुछ लोगों को अपराध की तरह लगता है। लंबे समय तक हमारे यहां आस्था घरों के विकास को लेकर नफरत का भाव रहा। विदेशों में ऐसे काम की तारीफ करते नहीं थकते थे। अपनी संस्कृति को लेकर उनमें हीन भावना, आस्था पर अविश्वास और विरासत से विद्वेश वजह थी।'

**आस्था घरों को जर्जर स्थिति में ला दिया**

'आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के निर्माण के वक्त क्या हुआ, सब जानते हैं। राम मंदिर के इतिहास से भी हम परिचित हैं। गुलामी की इस स्थिति ने हमारे आस्था घरों को जर्जर स्थिति में ला दिया था। सब कुछ तबाह करके रख दिया गया था। दशकों तक हमारे आध्यात्मिक केंद्रों की स्थिति ऐसी थी कि वहां की यात्रा सबसे कठिन यात्रा बन जाती थी। जहां जाना जीवन का सपना हो, लेकिन सरकारें ऐसी थीं कि अपने नागरिकों को वहां तक जाने की सुविधा देने की नहीं सोची। ये अन्याय था कि नहीं? आपका हां का जवाब आपका नहीं 130 करोड़ लोगों का है। इसलिए मुझे ईश्वर का काम सौंपा गया है।'

**ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा**

'बाबा के सान्निध्य में उनके आदेश से उनकी कृपा से पिछली बार जब आया था तो कुछ शब्द निकले थे। वो मेरे नहीं थे। कैसे आए, क्यों आए, किसने दिए पता नहीं। यूं ही मुंह से निकल गया था कि ये दशक उत्तराखंड का दशक होगा। पक्का विश्वास है कि इन शब्दों पर बाबा, बद्री विशाल और मां गंगा के आशीर्वाद की शक्ति बनी रहेगी।'

पीएम सुबह 8.30 बजे छठवीं बार केदारनाथ के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने हिमाचली टोपी और खास पोशाक चोला-डोरा पहनी थी। चंबा की महिलाओं ने यह पोशाक अपने हाथों से से बनाई और मोदी को गिफ्ट की थी। इस पर पीछे स्वास्तिक बना है। वे करीब दो घंटे यहां रुके। गर्भगृह में करीब 20 मिनट पूजा की। इसके बाद आदि शंकराचार्य की समाधि के दर्शन करने पहुंचे। 12 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की यह प्रतिमा 28 टन वजनी है।




## जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंकने वाले अब सरपंच बन गए हैं : अमित शाह

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जो पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंकते थे वो, अब पंच-सरपंच बन गए हैं। अमित शाह ने कहा कि पहले पत्थर फेंकने में शामिल युवा अब सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न विकास परियोजनाओं में शामिल हैं। देश की आंतरिक सुरक्षा में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले पूर्वोत्तर, कश्मीर और वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में बड़ी घटनाएं हुई थीं। पहले सशस्त्र बलों को विशेष अधिकार दिए जाते थे। अब युवाओं को उनकी प्रगति के लिए विशेष अधिकार दिए जाते हैं। इन क्षेत्रों में हिंसा अब 10 प्रतिशत तक कम हुई है। अमित शाह ने कहा कि वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित राज्यों में एकलव्य स्कूलों में राष्ट्रगान गाया जा रहा है और उनकी इमारतों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है।

# 'आंध्र को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध'

कुरनूल, 21 अक्टूब (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के आंध्रप्रदेश के चरण को पूरा करते हुए दोहराया कि उनकी पार्टी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने और अमरावती को राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में यात्रा के अंतिम दिन राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं और सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कुरनूल जिले के मंत्रालयम से शुक्रवार सुबह यात्रा शुरू की।

चार घंटे बाद यात्रा पड़ोसी राज्य कर्नाटक में फिर से प्रवेश कर गई। यह रायचूर जिले के गिलेसुगुर में रुकी। शाम को केरेबुदुर गांव से फिर से शुरू होगी। राहुल गांधी ने यात्रा को जबरदस्त समर्थन देने के लिए आंध्रप्रदेश के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह एक यादगार अनुभव रहा। विशाखापत्तनम स्टील प्लांट के केंद्र सरकार के निजीकरण के कदम का विरोध करते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा कि उनकी पार्टी जनता की संपत्ति के रूप में संयंत्र के सार्वजनिक क्षेत्र के दर्जे का समर्थन करती है। आंध्रप्रदेश में यात्रा के अंत में



जारी एक बयान में उन्होंने आंध्रप्रदेश के लोगों के लिए संसद में की गई प्रतिबद्धता को याद किया और कहा कि इन प्रतिबद्धताओं को तेजी से पूरा किया जाना चाहिए। लेकिन केंद्र व राज्य सरकार इसे पूरा करने में असफल रही है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आंध्रप्रदेश की चुनौतियों से अवगत है। अतीत में राज्य कांग्रेस पार्टी का गढ़ रहा है और पार्टी ने यहां से देश के लिए उत्कृष्ट राजनेता दिए हैं। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी राज्य में अपनी पुरानी प्रतिष्ठा हासिल करे। राहुल ने यह विश्वास व्यक्त किया कि भारत जोड़ो यात्रा राज्य में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की दिशा में पहले कदम के रूप में काम करेगी। यात्रा ने हमें लोगों की आवाज सुनने और हमारे महान राष्ट्र के लोगों की चुनौतियों और समस्याओं की गहन समझ हासिल करने का एक अनूठा अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को जाति, धर्म, भाषा, खान-पान और पहनावे के आधार एक-दूसरे के खिलाफ लड़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। गांधी ने कहा कि आसमान छूती महंगाई और रिकॉर्ड बेरोजगारी और राजनीतिक व आर्थिक शक्ति का कुछ ही हाथों में सीमित होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर कर रही है।

उनकी पार्टी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले का कड़ा विरोध करती है। हम राज्य के किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और अन्य लोगों की आवाज को मुखर करते रहेंगे, जिनसे हमने तीन दिनों में बातचीत की है।




## हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

### देश पर घृणा का माहौल हावी, धर्म की परवाह किए बिना तत्काल कार्रवाई हो

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नफरती बयानों यानी हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तल्ख टिप्पणी की है। जस्टिस के एम जोसफ ने कहा-यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए। लेकिन, आज घृणा का माहौल है। सामाजिक तानाबाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। उसके नाम पर विवाद हो रहे हैं।

**दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस**

कोर्ट ने दिल्ली, यूपी और उत्तराखंड पुलिस को नोटिस जारी करते हुए पूछा कि, हेट स्पीच में शामिल लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। जिम्मेदार ऐसे बयान देने वालों पर फौरन सख्त कार्रवाई करें, नहीं तो अवमानना के लिए तैयार रहें। जस्टिस के एम जोसफ और ऋषिकेश रॉय की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि कोर्ट की जिम्मेदारी है कि वह इस तरह के मामलो में हस्तक्षेप करे।

**मुस्लिमों को डराने-धमकाने का चलन रोका जाए**

शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। उन्होंने कोर्ट से मांग की है कि वह देशभर में हुई हेट स्पीच की घटनाओं की निष्पक्ष, विश्वसनीय और स्वतंत्र जांच के लिए केंद्र सरकार को निर्देशित करें। भारत में मुस्लिमों को डराने-धमकाने के चलन को तुरंत रोका जाए। याचिकाकर्ता ने अदालत से तुरंत सुनवाई की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या मुसलमान ऐसे बयान नहीं दे रहे?

**अदालत या प्रशासन कभी कार्रवाई नहीं करता**

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कपिल सिब्बल ने कहा, हमें इस कोर्ट में नहीं आना चाहिए, लेकिन हमने कई शिकायतें दर्ज कराई हैं। अदालत या प्रशासन कभी कार्रवाई नहीं करता। हमेशा स्टेटस रिपोर्ट मांगी जाती है। हेट स्पीच देने वाले लोग आए दिन ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं।

**सिब्बल ने भाजपा नेताओं के बयानों का हवाला दिया**

सिब्बल ने बेंच के सामने भाजपा नेताओं के बयानों का हवाला दिया। उन्होंने कहा कि सांसद प्रवेश वर्मा ने मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की बात कही। उसी कार्यक्रम में एक और नेता ने गला काटने जैसी बात कही। लगातार ऐसे कार्यक्रम हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने धर्म संसद मामले में जो आदेश दिए थे, उनका कोई असर नहीं हो रहा है।

## भारत ने अग्नि प्राइम का लगातार तीसरी बार सफल परीक्षण किया

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम बैलेस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम (अग्नि प्राइम) मिसाइल का शुक्रवार को तीसरा सफल परीक्षण किया है। दो हजार किलोमीटर तक की रेंज वाली इस नेक्स्ट जेनरेशन मिसाइल का टेस्ट ओडिशा के बालासोर में सुबह 9:45 पर किया गया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक परीक्षण के दौरान अग्नि प्राइम मिसाइल ने अपने मिशन को बेहद सटीकता से पूरा किया। इस दौरान टेलीमेटरी, रडार, इलेक्ट्रो-ऑपटिकल स्टेशन और पूर्वी तट पर तैनात युद्धपोत ने मिसाइल को ट्रैक करने के साथ-साथ मॉनिटर भी किया। इस टेस्ट के साथ अग्नि-पी में सभी एडवांस तकनीक इंटीग्रेट कर दी गई हैं।

# अनिल देशमुख की जमानत याचिका खारिज

### संजय राउत की जमानत पर सुनवाई 2 नवंबर तक टली, नवाब मलिक भी जेल में हैं

मुंबई, 21 अक्टूब (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका सीबीआई कोर्ट ने खारिज कर दी है। वहीं, शिवसेना सांसद संजय राउत की भी जमानत याचिका पर सुनवाई टल गई है।

इस पर सुनवाई अब दो नवंबर को होगी। पिछले दिनों एनसीपी नेता नवाब मलिक की जमानत अर्जी भी खारिज हुई थी। तीनों नेता मुंबई की आर्थर रोड जेल में हैं और तीनों की दीपावली यहीं मनेगी।

**अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का आरोप**

महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख पर भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग का आरोप है। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। 71 साल के देशमुख पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस भी दर्ज किया है, जिसमें उन्हें 4 अक्टूबर को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। इसके बाद ही देशमुख ने भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयों के मामले में जमानत अर्जी दी थी।



संजय राउत अनिल देशमुख नवाब मलिक

**एक साल से जेल में हैं अनिल देशमुख**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) नेता अनिल देशमुख को 2 नवंबर 2021 को गिरफ्तार किया गया था। इस समय वे न्यायिक हिरासत में हैं।

देशमुख को पिछले हफ्ते 'कॉरोनेरी एंजियोग्राफी' के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। देशमुख महाराष्ट्र की पिछली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार में मंत्री थे। एमवीए में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस साझेदार थे। >14

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022 4

सुविचार

आदमी हमेशा ईमानदार होता है, बस बात इतनी-सी है कि वह ईमानदारियाँ बदलते रहता है।

## दीपावली के स्वागत के लिए नगर के बाजारों में दिख रहा है दोगुना उत्साह

### नव वधू के रूप में सज गयी हैं दुकानें, ग्राहकों में खुशी की लहर





हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हाल ही दशहरे की खुशी के बाद कोरोना के कारण पिछले दो वर्षों से शिथिल पड़े बाजारों में दोगुनी रौनक आ ही गई है। शहर के बाजार धनतेरस व दीपावली के लिए सज गए हैं। धनतेरस पर बर्तनों और जेवरों की परंपरागत खरीदी के लिए जहां बाजार सज चुके हैं वहीं अन्य सामानों के साथ ही कपड़ों की खरीददारी करने भी लोग दुकानों पर उमड़ रहे हैं। इस बार कई सालों बाद दिवाली पर ऐसा उत्साह नजर आ रहा है। सरकार ने भी लोगों को पर्व पर कई सौगातें दी हैं। विशेष तौर पर धनतेरस के लिए बर्तन, सर्राफा, मेवा-मिठाई व आटोमोबाइल सेक्टर में घूम रहेगा। कोरोना के कारण दो साल बाद दीपावली मनाने के लिए लोगों में दोगुना उत्साह देखने को मिल रहा है। दुकानों पर ग्राहकों भीड़ लग रही है। नगरद्वय के बाजारों खासकर सिकंदराबाद व हैदराबाद के हर बाजारों में अति उत्साह दिख रहा है। हर बाजार में दुकानें नव वधू की तरह सज गई हैं। नगर के बाजारों में शाम 5 से रात 11 बजे तक ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर बर्तन, सराफा व आटोमोबाइल सेक्टर के कारोबारी भी बड़े खुश नजर आ रहे हैं। सभी प्रकार के बाजारों के व्यापारी बिक्री की बड़ी उम्मीदें लगाई बैठे है। जहां नगर में मिठाई की दुकानें चाहे इलाइची हो या फिर श्री वैष्णव स्वीट्स व कैटर्रर्स या फिर पूजा कैटर्रर्स, सभी ने अपनी-अपनी दुकानों में ग्राहकों के मन मुताबिक मिठाइयां सजा ली हैं। चारों तरफ भीनी-भीनी खुशबू से बाजार सुगंधित है। दुकानों में मिठाई प्रेमियों की भारी भीड़ दिखी जा रही है। ग्राहक काजू कतली से लेकर अन्य मिठाईयों को पसंद कर रहे हैं और भारी मात्रा में खरीददारी भी कर रहे हैं।

धनतेरस पर कई लोगों द्वारा दोपहिया का चार पहिया वाहनों की खरीददारी किये जाने की उम्मीद है। इसके चलते शहर के 100 लग-अलग शोरुम में दो व चार पहिया वाहन की बिक्री हो सकती है। कारों की पहले कई बुकिंग कर ली गई है। इस दिवाली में कार कंपनियों ने कई प्रकार के ऑफर भी पेश किये हैं। इसके अलावा आधुनिक डिजाइनों के बर्तनों से बाजार भी सजे गये हैं। सर्राफा बाजा में भी रौनक लौटी है। नगर के प्रसिद्ध शिवराज लक्ष्मीचंद ज्वैलर्स में ग्राहकों की अपार भीड़दिखी जा रही है। जहां तब कपड़े के बाजार की बात है, नगर में चारमास ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए कई प्रकार के ऑफर दिये हैं। चारों में दिये की दुकान भी तैयार हैं। रंग-बिरंगी लाइटें सड़क के किनारें बिक्री के लिए लगाये गये हैं। रात के समय लाइटों का बाजार तो मानों ऐसा लग रहे हैं कि जैसे स्वर्ग का नंदनकानन हो। उधर, सरकार ने दिवाली की छुट्टी को 25 के बदले 24 अक्तूबर कर दी है तथा 25 को भी कर्मचारियों को ऑप्शनल होली डे मिल सकती है। बस स्टैंड से लकर रेलवे स्टेशनों तक यात्रियों की भारी भीड़ है। सभी लोग दिवाली मनाने के लिउ अपने अपने गांवों को लौट रहे हैं। इसलिए बाजारों में भारी मात्रा में मिठाइयां तथा अन्य सामानों की बिक्री की जानकारी मिल रही है।

**आगजनी से बचाने के लिए 24 घंटे तैनात रहेंगे फायर फाइटर्स**

दिवाली के दौरान दुकानों को पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस जारी किए गए है, साथ ही फायर फाइटर्स को शहर में कई स्थानों पर किया गया है। नगर के एनटीआर स्टेडियम, पुरानापुल गणेशघाट के अलावा कई अन्य खुली जगहों पर पटाखे की दुकाने लगाई गई हैं। प्रशासन किसी भी प्रकार की आगजनी घटना से निपटने के लिए तैयार है तथा अवैध पटाखे कारोबारियों पर भी अंकुश लगाने की तैयारी कर ली गई है।

## कांग्रेस ने भाजपा पर मुनुगोड़े उपचुनावों का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पूर्व मंत्री मोहम्मद अली शब्बीर ने मुनुगोड़े उपचुनाव के प्रचार के दौरान 4% मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ अपनी टिप्पणी के लिए केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी की कड़ी निंदा की है। शब्बीर अली, हैदराबाद अल्पसंख्यक विभाग के पूर्व अध्यक्ष समीर वलीउल्लाह और अन्य नेताओं के साथ शुक्रवार को गांधी भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ भड़काऊ भाषण देकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को औपचारिक शिकायत भेजकर केंद्रीय मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शब्बीर अली ने अपनी शिकायत में चुनाव आयोग को बताया कि कई भाजपा नेता तेलंगाना राज्य में मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के लिए उपचुनाव के प्रचार के दौरान भड़काऊ भाषण देकर आदर्श आचार संहिता का खुले तौर पर उल्लंघन कर रहे हैं। किशन रेड्डी ने पिछले कुछ दिनों में कई बैठकों को संबोधित किया जहां वह जानबूझकर 4% मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठा रहे हैं। वह मतदाताओं से वादा कर रहे हैं कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो केंद्र सरकार मुसलमानों के बीच सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए नौकरियों और शिक्षा में 4% कोटा खत्म कर देगी और इसे अन्य जातियों में वितरित कर देगी। उन्होंने बताया कि 4% मुस्लिम कोटा का मुद्दा विचाराधीन है और वर्तमान में भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय संवैधानिक पीठ मामले की सुनवाई कर रहा है। मुस्लिम आरक्षण पर केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी की टिप्पणी न केवल अदालत की अवमानना के समान है, बल्कि वे आदर्श आचार संहिता का भी उल्लंघन करते हैं जिसमें भाजपा नेता धर्म के आधार पर मतदाताओं को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी और अन्य सभी को 4% मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर बोलने से रोकने के लिए भारत के चुनाव आयोग के हस्तक्षेप की मांग की, क्योंकि मामला विचाराधीन है।

## कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना में हुआ भारी भ्रष्टाचार : शर्मिला



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआरटीपी की संस्थापक अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने आज आरोप लगाया कि तेलंगाना राज्य में कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण में भारी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हालांकि परियोजना की लागत बढ़ गई, लेकिन परियोजना के अयाकट में कोई वृद्धि नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंचाई परियोजना के निर्माण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के पीछे सीएम केसीआर हैं और उन्होंने कहा कि राज्य की हर सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार है, जबकि उन्होंने परियोजना निर्माण में भ्रष्टाचार से संबंधित सभी सबूत भारत के महालेखा परीक्षक नियंत्रक को सौंपे हैं। शर्मिला ने कहा कि सीएजी ने उनसे वादा किया है कि वह आईआईटी के विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर एक स्वतंत्र जांच का आदेश देगी। आगे बोलते हुए, शर्मिला ने मेघा कंस्ट्रक्शन कंपनी पर भी निशाना साधा और आरोप लगाया कि फर्म द्वारा ली गई सभी परियोजनाएं भ्रष्टाचार से भरी हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कलेश्वरम सिंचाई परियोजना में भ्रष्टाचार की शिकायत पहले ही सीबीआई में दर्ज करा दी थी और कहा था कि कलेश्वरम परियोजना के निर्माण में जो भ्रष्टाचार हुआ वह पूरे देश में सबसे बड़ा भ्रष्टाचार कांड है।

मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की बात करते हुए शर्मिला ने क्षेत्र के मतदाताओं से उपचुनाव का बहिष्कार करने का आह्वान किया। उन्होंने उपचुनाव का नहीं बल्कि लोकतंत्र की हत्या करके मुनुगोडु के लोगों पर थोपे गए उपचुनावों का मज़ाक उड़ाया। शर्मिला ने अपने चाचा वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले की सीबीआई जांच पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय को मामले को दूसरे राज्य में स्थानांतरित करना चाहिए। सीबीआई जांच में सभी तथ्य सामने आने की बात स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

## अपनी भाषा पर ध्यान दें बंडी संजय : येरबिल्ली

नलगोंडा, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायतीराज मंत्री येर्रबेली दयाकर राव ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय को मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र के प्रचार के दौरान अपने भाषणों में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और टीआरएस नेताओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग नहीं करने की चेतावनी दी है।

टीआरएस विधायक बालका सुमन के साथ पत्रकारों से बात करते हुए दयाकर राव ने कहा कि हुजूरनगर और नागार्जुन सागर विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवारों की जीत के बाद तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने भाजपा नेताओं को सलाह दी कि अगर वे उनकी बातों पर विश्वास नहीं करते हैं तो वे हुजूरनगर और नागार्जुन सागर निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने दुब्बाका और हुजुराबाद उपचुनाव में झूठे वादे करके जीत हासिल की।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने चौटुप्पल में 8.2 एकड़ में क्षेत्रीय फ्लोराइड अनुसंधान और शमन केंद्र स्थापित करने का वादा किया था, लेकिन उनका आश्वासन अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसके विपरीत मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने तेलंगाना राज्य बनने के बाद मुनुगोड़े विधानसभा क्षेत्र में फ्लोरोसिस की समस्या का समाधान किया। उन्होंने भाजपा नेताओं से लोगों को यह समझाने का आग्रह किया कि केंद्र ने पिछले आठ वर्षों में मुनुगोड़े के विकास के लिए क्या किया। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी कोमाटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी मतदाताओं को पैसे और शराब बांटकर जीत की कोशिश कर रहे हैं। यह कहते हुए कि मुनुगोड़े के लोगों में आम तौर पर अधिक राजनीतिक जागरूकता होगी, उन्होंने कहा कि मुनुगोडु के मतदाता आगामी उपचुनावों में भाजपा को दफन कर देंगे। उन्होंने केसीआर को महान विजन वाला जन नेता बताया। टीआरएस विधायक बालका सुमन ने कहा कि भाजपा उपचुनाव में अनैतिक राजनीति कर रही है।

## कोमटिरेड्डी का ऑडियो क्लिप लीक

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता और पार्टी के सांसद कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने एक कथित ऑडियो क्लिप में पार्टी के नेताओं से प्रतिद्वंद्वी भाजपा को वोट देने का आग्रह किया था, जिसने राज्य के राजनीतिक हलकों में बहुत हलचल पैदा कर दी थी। ऑडियो क्लिप में, वेंकट रेड्डी को जब्बार द्वारा पार्टी के एक नेता से अपने छोटे भाई और मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कोमटिरेड्डी राजगोपाल रेड्डी को आगामी उपचुनावों में वोट करने के लिए कहते हुए सुना गया था। उन्होंने पार्टी नेता को यह कहते हुए भी सुना कि अगर कुछ हुआ तो वह उनका ख्याल रखेंगे।

उन्होंने पार्टी नेता से यह भी कहा कि अगर मुनुगोडु में कांग्रेस पार्टी हार जाती है तो वह अगले साल मार्च में टीपीसीसी के अगले प्रमुख बन जाएंगे और उन्होंने कहा कि वह पार्टी को फिर से सत्ता में लाने के लिए राज्यव्यापी पदयात्रा करेंगे।

## शिक्षा मंत्री ने डीएवी स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिए



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शिक्षा मंत्री पी सबिता इंद्रा रेड्डी ने शुक्रवार को हैदराबाद जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को बंजारा हिल्स स्थित बीएसडी डीएवी स्कूल की मान्यता रद्द करने का निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्री का यह निर्देश स्कूल में चार साल की बच्ची के साथ यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा छात्रों को दूसरे स्कूल में स्थानांतरित कर दिया जाएगा ताकि उन्हें चालू शैक्षणिक वर्ष में कोई नुकसान न हो। मंत्री ने स्कूलों में सुरक्षा और सुरक्षा पहलुओं को राज्य भर में देखने के लिए सचिव, शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का भी गठन किया है। समिति को एक सप्ताह में सिफारिशों के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

## महिला ने ईंट से हमला कर पति की हत्या की

पेद्दापल्ली, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एक महिला ने ईंट से हमला कर पति की हत्या कर दी. यह विचित्र घटना एनटीपीसी की स्थायी बस्ती गोदावरीखानी में शुक्रवार की सुबह हुई। हत्या का कारण पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। मृतक की पहचान चिलुमुला सुमन (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, एल्कलापल्ली के मूल निवासी सुमन और उनकी पत्नी स्पंदना एनटीपीसी के नौकर के क्वार्टर में रह रहे थे। सुबह दोनों का आपस में झगड़ा हो गया। सुमन ने पत्नी को खिड़की से धक्का दिया तो स्पंदना ने उसके सिर पर ईंट से वार कर दिया। सुबह करीब साढ़े छह बजे सुमन की मौके पर ही मौत हो गई। स्पंदना के मुताबिक, सुमन का कल रात से ही उससे झगड़ा हो गया था और उसे घर से सोना लाने के लिए जोर-जोर से पीटा था। सुबह करीब 4 बजे सुमन ने फिर से उसके साथ बहस की। जब उसने उसे खिड़की से धक्का दिया, तो उसने उसके सिर पर ईंट से वार किया, जिससे सुमन की तुरंत मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर रामागुंडम सीआई लक्ष्मीनारायण ने मौके का दौरा किया और मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

**IN THE DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL AT KOLKATA**
**DIARY No.302 OF 2019**

Between
**Madugula Krishna Rao** ...Appellant
Versus:
**Union Bank of India** (Erstwhile Andhra Bank) & 3 others ...Respondents
**R-2: Abdul Naqheeb**
Last known address: Sun n Moon Heights, Block- B, Flat No.F-503, Near Care Hospital, Ram Nagar, Visakhapatnam, Andhra Pradesh.
**R-3: Mohammed Abdul Imran**
Last Known address: Sun n Moon Heights, Block- B, Flat No. F-503, Near Care Hospital, Ram Nagar, Visakhapatnam, Andhra Pradesh.

**SUMMONS**

WHEREAS the appellant has preferred an Appeal Under Section 20 of the Recovery of Debts and Bankruptcy Act,1993 against you for setting aside the impugned judgment dated. 05th July 2019 passed by the Learned presiding officer, Debts Recovery Tribunal Visakhapatnam in the matter of S.A. No.205 of 2016 ( Madugula Krishna Rao Versus Andhra Bank & 3 others) along with other reliefs.

You both are hereby summoned to appear before this Tribunal on Monday **07th November, 2022 at 10.30 A.M.** or at such time immediately thereafter according to the convenience of Tribunal.

A copy of the Memorandum of Appeal along with other applications shall be provided to you, once you appear before the Hon'ble Appellate Tribunal. You should file your registered address and a memo of appearance when you enter appearance before the Tribunal either in person or by a Pleader/Advocate duly instructed.

Take notice that, in default of your appearance on the day mentioned herein before, the proceedings would be heard and determined in your absence.

Given under my hand and the seal of this Tribunal on this **21st day of September 2022.**

Registrar
**DEBTS RECOVERY APPELLATE TRIBUNAL**
Kolkata

## पेट्रोल पंप पर मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी पुलिस कमिश्नर टास्क फोर्स साउथ जोन की टीम ने बहादुर थाने की पुलिस के साथ मिलकर पेट्रोल पंप पर मारपीट करने दो आरोपियों को को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए लोगों के पास से दो दुपहिया वाहन, एक चाकू और नकली पिस्चौल मिला है। इस मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी हैदराबाद सिटी पी. साई चैतन्या ने बताया कि बीते 17 अक्टूबर को बहादुरपुरा के पास स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप में मोहम्मद इफ्तेखार अहमद ने पेट्रोल भरवाने के बाद पैसा नहीं दिया। इसके बाद मोहम्मद इफ्तेखार और मोहम्मद युसूफ ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी प्रभु मेहता के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान कर्मचारी घायल हो गया। इस मामले की शिकायत प्रभु मेहता ने बहादुरपुरा थाने में दर्ज कराया। पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

## बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों का राष्ट्र सदैव ऋणी रहेगा : भागवत

### सीपी ने पुलिस शहीद स्मारक का उद्घाटन किया





हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा सीपी महेश भागवत सीएआर मुख्यालय, अंबरपेट में आयोजित पुलिस ध्वज दिवस समारोह के दौरान पुलिस शहीद स्मारक का उद्घाटन किया और पुलिस शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए, सीपी महेश एम भागवत ने कहा कि देश भर में हजारों पुलिस ने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है। 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में बलिदान देने वाले दस सीआरपीएफ सैनिकों की याद में देश भर में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। सीपी ने कहा कि, देश को शांतिपूर्ण रखने के लिए हजारों पुलिसकर्मियों ने अपना जीवन समर्पित कर दिया और कहा कि देश में वर्तमान वर्ष में 31 अगस्त तक 264 पुलिस कर्मियों ने ड्यूटी पर अपने जीवन का बलिदान दिया है और याद दिलाया है कि राचकोंडा कमिश्नरेट के 16 पुलिस कर्मियों ने अपनी जान गंवाई है। सीपी ने उल्लेख किया है कि राचकोंडा पुलिस के कल्याण के लिए कई सुरक्षा उपाय किए गए हैं जिसमें विशेष चिकित्सा शिविर, पुलिस कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को मुफ्त कोविड टीकाकरण, पारिवारिक स्वास्थ्य जांच शिविर आदि शामिल है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट ने विश्व रक्तदान दिवस पर तेलंगाना के राज्यपाल से उच्चतम रक्तदान पुरस्कार-2022 प्राप्त किया है। सीपी ने उल्लेख किया कि राचकोंडा पुलिस कमिश्नरेट ने महामारी के दौरान नागरिकों की मदद के लिए समर्पित कोविड नियंत्रण कक्ष, मुफ्त एम्बुलेंस, मुफ्त अलगाव केंद्र, चिकित्सा ऑक्सीजन, जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन आदि जैसी कई पहल की हैं और धारणा के प्रतिशत पर अपनी खुशी व्यक्त की है। सीपी ने मृतक पुलिस कर्मियों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर सीपी ने पुलिस शहीद स्मारक का उद्घाटन किया। इस अवसर पर डीसीपी एलबी नगर सनप्रीत सिंह, डीसीपी मलकाजीगिरी कुमारी रक्षिता मूर्ति, डीसीपी सलीमा, अतिरिक्त डीसीपी एडमिन नर्मदा, अतिरिक्त डीसीपी शमीर, अतिरिक्त डीसीपी लक्ष्मीनारायण कार अंबरपेट, सभी के जोन एसीपी और कमिश्नरी के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि की।

## छत पर सब्जियां उगाने मदद करेगा बागवानी विभाग

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वे दिन गए जब आपको सब्जियां उगाने के लिए काफी जमीन की जरूरत होती है। अब आप अपने घर के पीछे, बालकनी और यहां तक कि अपनी छत पर भी सब्जी उगा सकते हैं। शहरों में बढ़ते पौधों और छत पर बागवानी में नागरिकों की दिलचस्पी दिखाने के साथ, हैदराबाद में बागवानी विभाग लोगों को बढ़ते पौधों की बारीकियों को सीखने में मदद करने के लिए एक बार फिर आगे आया है। बागवानी विभाग शहरी खेती पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करके छतों, बालकनियों और खुले स्थानों पर सब्जियां उगाने के लिए हैदराबाद और सिकंदराबाद के जुड़वां शहरों के इच्छुक परिवारों को सहयोग देने जा रहा है। तेलंगाना बागवानी प्रशिक्षण संस्थान हर महीने शहरी खेती पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। प्रशिक्षण सत्रों में, विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि किसी की छत और बालकनी पर सब्जियां देने वाले पौधे कैसे उगाएं। प्रशिक्षण हर महीने चौथे रविवार को आयोजित किया जाता है। इस महीने यह 24 अक्टूबर को तेलंगाना बागवानी प्रशिक्षण संस्थान, रेड हिल्स, नामपल्ली में आयोजित किया जाएगा।

## तेलंगाना सरकार पुलिस कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : हरीश राव



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वित्त मंत्री टी. हरीश राव ने कहा कि तेलंगाना सरकार पुलिस के कल्याण के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगी। शुक्रवार को सिद्दीपेट में पुलिस शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए, मंत्री ने कहा कि सरकार सिद्दीपेट जिले में विभिन्न घटनाओं में शहीद हुए सात पुलिस शहीदों के परिवारों का समर्थन करेगी। मंत्री ने कहा कि तेलंगाना को शांतिपूर्ण बनाए रखने में पुलिस की अहम भूमिका रही है। राव ने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस के लिए छह एकड़ में 11 करोड़ रुपये की लागत से अल्ट्रा मॉडर्न कन्वेंशन हॉल बनाया है। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर चलाने से होने वाली आय को सिद्दीपेट में पुलिस कल्याण पर खर्च किया जाएगा। राव ने लोगों से राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने में पुलिस के बलिदान को याद करने को कहा। मंत्री ने शहीदों के परिजनों से बातचीत की है। पुलिस आयुक्त एन श्वेता ने कहा कि रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। कलेक्टर प्रशांत जीवन पाटिल, अपर कलेक्टर मुजम्मिल खान आदि उपस्थित थे।

## अलग-अलग हादसों में एक की मौत, दो घायल

संगारेड्डी, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को पाटनचेरू थाना क्षेत्र के इसनापुर में एनएच-65 पर तैयार मिक्स कंक्रीट वाहन और डीसीएम की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। जैसे ही डीसीएम में यात्रा कर रहे सफाईकर्मी और अन्य लोग क्षतिग्रस्त वाहन से टकरा गए, पुलिस को उन्हें बाहर निकालने में कुछ घंटे लग गए। घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पताल पाटनचेरू ले जाया गया। पीड़ितों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इस बीच, संगारेड्डी जिले के चौटाकुर मंडल के शिववमपेट पुल पर एक लॉरी ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी, जिससे एनएच-161 पर एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक को राजकीय सामान्य अस्पताल संगारेड्डी ले जाया गया।



# भाजपा ने चला एससी -एसटी आरक्षण बढ़ाने का दांव




बैंगलुरू, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्नाटक की बसवराज बोम्मई सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण की सीमा 15 से 17 फीसदी और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की सीमा को 3 से 7 फीसदी तक बढ़ा दिया है। अध्यादेश को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेज दिया है। बोम्मई सरकार के इस कदम के बाद इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भाजपा एक कठिन विधानसभा चुनाव का सामना करने वाली है। सरकार का यह कदम कितना निर्णायक होगा, इस पर भी निर्भर करेगा क्योंकि इससे पहले राज्य के अन्य समुदाय पंचमासली लिंगायत, वोक्कालिगा, बेड़ा जंगमा और कुरुबास भी आरक्षण संबंधी मांग उठा चुके हैं। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव पर असर पड़ना लगभग तय है। कर्नाटक में बसवराज बोम्मई की नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक फैसला ले लिया। आरक्षण की 50 फीसदी सीमा का उल्लंघन करते हुए प्रदेश सरकार ने अब गेंद राज्यपाल थावर चंद गहलोत के पाले में डाल दी है। अब उनकी मुहर लगते ही प्रदेश में आरक्षण की सीमा 56 फीसदी तक पहुंच जाएगी। बोम्मई मंत्रीमंडल ने बीते 8 अक्टूबर को अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण को मंजूरी किया था। गुरुवार को सीएम बोम्मई ने ट्वीट कर मामले की जानकारी दी। कर्नाटक में सरकार ने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण की सीमा 15 से 17 फीसदी कर दी है वहीं, अनुसूचित जनजाति के लिए 3 से 7 फीसदी तक बढ़ा दिया है।

**विपक्ष से ली मंजूरी**

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने 7 अक्टूबर को एक सर्वदलीय बैठक में एससी के लिए 2% से 17% और एसटी के लिए 4% से 7% तक आरक्षण बढ़ाने पर चर्चा की थी। आरक्षण की सीमा को बढ़ाने के लिए सरकार ने कांग्रेस और जेडीएस सहित सभी दलों की सहमति ली। इसके एक दिन बाद कैबिनेट ने इस पर मंजूरी दी। हालांकि, सरकार ने अपने नए आरक्षण कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की योजना को तत्काल भविष्य में न्यायिक समीक्षा से बचाने के लिए छोड़ दिया।

**अन्य समुदायों की मांगों का क्या होगा**

राज्य सरकार ने विधेयक पारित करने से पहले और केंद्र से इसे नौवीं अनुसूची के तहत रखने का अनुरोध करने से पहले पंचमासली लिंगायत, वोक्कालिगा, बेड़ा जंगमा और कुरुबास सहित अन्य समुदायों से आरक्षण संबंधी मांगों की जांच करने के बाद ऐसा करने का फैसला किया है। कानून मंत्री जेसी मधुस्वामी, जिन्होंने इस फैसले के बारे में मीडिया को जानकारी दी ने कहा कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग के कोटे में बदलाव किए बिना एससी और एसटी कोटा बढ़ाएगी।

**मुस्लिमों के लिए बढ़ेगा कोटा?**

मधुस्वामी ने एससी और एसटी के लिए मुस्लिमों के लिए कोटा बढ़ाने की संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से निर्णय को लागू करने के बारे में सोचा था,

लेकिन इस तरह के आदेश से मुकदमेबाजी में फंसने का खतरा था। इसी संदर्भ में सरकार ने एससी, एसटी कोटे में बदलाव को प्रभावी करने के लिए एक अलग कानून बनाने का फैसला किया।

**स्टालिन भी कर चुके हैं ऐसा**

कानून मंत्री ने कहा, उन्हें उम्मीद है कि केंद्र की भाजपा सरकार हमारे फैसले पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देगा। मधुस्वामी ने कहा, नौवीं अनुसूची के तहत एक कानून को शामिल करने की गारंटी नहीं है कि यह कायम रहेगा क्योंकि नौवीं अनुसूची के तहत संरक्षित तमिलनाडु सरकार की इसी तरह की नीति को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी। तमिलनाडु पहला राज्य था जिसने आरक्षण की सीमा को तोड़कर 69% तक ले लिया, और इसे नौवीं अनुसूची के तहत रखा।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | कन्या | में | कन्या... 05-56 | बजे |
| चंद्र- | सिंह | में | तुला- 08-06 | बजे |
| मंगल | मिथुन | में | वृश्चिक 10-19 | बजे |
| बुध- | कन्या | में | धनु--- 12-25 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मकर- 14-16 | बजे |
| शुक्र- | कन्या | में | कुंभ- 15-54 | बजे |
| शनि- | मकर | में | मीन... 17-30 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मेष-- 19-14 | बजे |
| केतु- | तुला | में | वृष-- 21-15 | बजे |
| | | | मिथुन.. 23-27 | बजे |
| | | | कर्क... 01-40 | बजे |
| | | | सिंह... 03-50 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2548,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतुशरद,दिशाशूल- पूर्व-अदरक खाकर घर से निकले
तिथि- द्वादशी **- 18-02** तक उपरान्त,त्रयोदशी
मास - कार्तिक कृष्ण पक्ष ,शनिवार, **22 Oct**
नक्षत्र -पूर्वाफाल्गुनी **- 13 -50** - तक उपरान्त ऊ.फाल्गुनी
योग - ब्रह्म - **17 - 11** - तक उप- ऐन्द्र
करण- कौलव-**18 - 02** - तक,उप- तैतिल
विशेष:-
व्रत -त्योहार .यम प्रीत्यर्थ दीपदान

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल**
**09:06** से
**10:33** तक

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06:14 - 07:39 | अशुभ | लाभ. | 17:49 - 19:22 | शुभ |
| शुभ | 07:39 - 09:06 | शुभ | उत्पात | 19:22 - 20:55 | अशुभ |
| रोग. | 09:06 - 10:33 | अशुभ | शुभ | 20:55 - 22:28 | शुभ |
| उत्पात | 10:33 - 12:00 | अशुभ | अमृत | 22:28 - 00:01 | शुभ |
| चंचल | 12:00 - 13:28 | शुभ | चंचल | 00:01 - 01:34 | शुभ |
| लाभ | 13:28 - 14:55 | शुभ | रोग | 01:34 - 03:06 | अशुभ |
| अमृत | 14:55 - 16:22 | शुभ | काल | 03:06 - 04:39 | अशुभ |
| काल | 16:22 - 17:46 | अशुभ | लाभ | 04:39 - 06:14 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) — आप आज आसानी से सब काम करके जीवन के स्कोप को बड़ा कर सकते हैं।अपनी एकाग्रता बनाएं रखें और अपनी सारी ऊर्जा उसमें लगा दें,ऐसा कुछ भी किसी को न कह बैठें,जो आपको भावनात्मक उलझन में फंसा दें।बिजनेस का विस्तार हो सकता है या पहले से खुले आउटलेट्स को नया रूप दे सकते हैं।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — नकारात्मकता से भरे छली लोगों से दूर रहें। ये आपको भी नकारात्मक बनाकर असफल कर देने की कोशिश में हैं जबकि आप अपनी मंजिल के बहुत करीब हो। शांति के लिए आज अपना अधिकतर समय परिवार के साथ घर पर बिताएं और सारा बाकी काम पूरा कर लें। कुछ मीठी यादें सहेजे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें।अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — संचार कुशलता आपकी विशेषता है आप किसी दोस्त या करीबी से आज कोई ऐसी बात बांटना चाहेंगे जो आप काफी लम्बे समय से सोच रहे हैं। आज अपने गुस्से और निराशा को बाहर निकलने दें।बात करते हुए कोई समाधान भी मिल सकता है लेकिन बातें दिल खोलकर करें।दिन के अंत में कोई चोंकाने वाली खबर मिल सकती है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप आज अपने परिवहन के साधन से परेशान हो सकते हैं।अगर कहीं किसी महत्वपूरण काम के लिए जाना है तो अपने लिए वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था कर लें और कोई बैकअप योजना तैयार रखें। आज आप किसी भीतरी उलझन से परेशान हैं,लेकिन शांति बनाये रखें,यह समय जल्दी ही बीत जायेगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आप व्यवसायिक या निजी कारणों से यात्रा कर सकते हैं।हालाँकि इस समय आपके लिए यात्रा करना मुश्किल होगा लेकिन आप कर पायेंगे और इससे आपको लाभ भी होगा। जो लोग पहले आपकी उदारता को नही समझते थे,अब उन्हें भी इसकी कीमत समझ आएगी।आपके लिए अब स्वास्थ्य सम्बन्धी मसले बहुत महत्वपूर्ण हैं

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आप उन बदलावों के बारे में सोच रहे हैं जो शायद आपके काम और आपकी सेहत के बीच संतुलन ला सकते हैं। आप अपने किसी करीबी दोस्त से इस सम्बन्ध में मेल करके समाधान पूछ सकते हैं। इन बदलावों से आपको आराम मिलेगा।आप अपने आप को फ़िलहाल सही आदमियों के साथ पायेंगे।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — दिन आपके लिए विशेष हो सकता है।आपके दृष्टिकोण में आज कोई नया आयाम जुड़ेगा या आप किसी अपरिचित व्यक्ति के दृष्टिकोण से अत्यधिक प्रभावित होंगे। आपको यह सीख मिलेगी कि अपना भविष्य तय करने में तथा अपनी जिंदगी में फिलहाल चल रही समस्या से जूझने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आप०को ही निभानी है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आप पिछले कुछ दिनों से काफी व्यस्त दिनचर्या बिता रहे हैं।अब सारी चीजों को व्यवस्थित करने का समय है। आज आपको तुलनात्मक रूप से थोड़ी राहत मिलेगी,लेकिन आपको इस समय का उपयोग अपनी सब चीजों को व्यवस्थित करने में लगाना चाहिए।नही तो सब कुछ और अधिक उलझता जाएगा।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आपकी शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचेगी।वे सब यह जानने के लिए बहुत उत्सुक हैं कि आपकी निजी और व्यव्सायिक जिंदगी में क्या चल रहा है। आपके किसी करीबी ने ही उन लोगों तक आपकी भविष्य की योजनाओं की जानकारी पहुचाई है लेकिन आप इन सबकी उपेक्षा कर दें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आपको अपने सब कामों को निपटाने की गति जरा धीमी करनी होगी क्योंकि जल्दी मे काम निपटाने के चक्कर में आपसे गलतियाँ हो सकती हैं। इसीलिए धीमे चलें।इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आप क्या कह और कर रहें हैं। आपको अपने कार्य को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के लिए सभी बारीकियों पर ध्यान देने की जरुरत है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है।अपने माता पिता बहन-भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक़्त बिताएं।अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें। अगर काम का दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# विवाह समारोह के बिना शादी का रजिस्ट्रेशन अमान्य

चेन्नई, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मद्रास हाईकोर्ट ने मैरिज सर्टिफिकेट को लेकर एक विशेष टिप्पणी की. हाईकोर्ट ने कहा कि बगैर विवाह समारोह के शादी का रजिस्ट्रेशन अमान्य होगा और मैरिज सर्टिफिकेट फेक माना जाएगा. हाईकोर्ट ने कहा कि शादी का पंजीकरण करने वाले अधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह रजिस्ट्रेशन करने से पहले इस बात की जांच करे कि वास्तव में शादी हुई है या नहीं. मद्रास हाईकोर्ट के जस्टिस आर. विजयकुमार ने कहा, जोड़ों के लिए विवाह के उन समारोहों से गुजरना अनिवार्य है जो उनके संबंधित धर्म पर लागू होते हैं. संबंधित व्यक्तिगत कानूनों के अनुसार विवाह के बाद ही उक्त विवाह अधिनियम (तमिलनाडु विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2009) के तहत पंजीकृत किया जा सकता है. विवाह समारोह से गुजरे बिना, अधिनियम के तहत विवाह को पंजीकृत नहीं किया जा सकता है. उन्होंने 2015 की एक मुस्लिम महिला की दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उसके चचेरे भाई के साथ उसकी शादी को इस आधार पर रद्द करने की मांग की गई थी कि उसने उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी देकर जबरन शादी की थी. महिला ने दावा किया कि उसके और उसके चचेरे भाई के बीच इस्लामी परंपरा के अनुसार कोई विवाह समारोह आयोजित नहीं किया गया था. न्यायाधीश ने कहा कि पंजीकरण प्राधिकारी का यह कर्तव्य है कि वह यह सत्यापित करे कि विवाह को पंजीकृत करने से पहले जोड़ों ने अपने संबंधित व्यक्तिगत कानूनों के अनुसार विवाह समारोह किया है या नहीं. उन्होंने कहा, विवाह के तथ्य को सत्यापित किए बिना पंजीकरण प्राधिकारी जोड़ों के प्रस्तुत आवेदन के आधार पर विवाह का रजिस्ट्रेशन नहीं कर सकता है. यदि कोई विवाह प्रमाण पत्र बिना किसी विवाह समारोह से पहले जारी किया जाता है तो इसे केवल फर्जी विवाह प्रमाण पत्र माना जा सकता है.

# पटाखों पर लगे प्रतिबंध पर भड़की साध्वी प्रज्ञा सिंह

## कहा : बकरे कटने पर क्यों कोई नहीं बोलता



भोपाल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपने बयानों को लेकर अक्सर विवादों में रहने वाली भोपाल की सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने फिर कुछ ऐसा कह दिया कि वे चर्चा का विषय बन गई है। दिवाली से पहले देश के कई इलाकों में पटाखों को बैन कर दिया गया है जिसे लेकर साध्वी ने बयान दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने पटाखों पर लगे प्रतिबंध पर कहा कि हमेशा एक प्रोपेगेंडा बनाया जाता है। लेकिन जब अन्य त्योहार होते हैं, जैसे बकरे काटे जाते हैं या उनकी खाल और हड्डियों को सड़ने के लिए वातावरण में फेंक दिया जाता है,उस पर कोई नहीं बोलता। दरअसल हाल ही में दिल्ली में पटाखों को बैन करने का फैसला किया गया है। जिस पर साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने अपनी प्रतिक्रिया दी। साध्वी प्रज्ञा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है।

प्रज्ञा ठाकुर ने अरविंद केजरीवाल कहा कि क्या आपको हिंदुओं ने वोट नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि 31 दिसंबर को इतना हल्ला होता और इतनी शराब बिकती है, पटाखे फूटते हैं। लेकिन उस पर कोई नहीं बोलता है। लेकिन जब दीपावली आती है, गणपति जी या नवरात्रि आती है तो इन सभी त्योहारों पर कटाक्ष क्यों किया जाता है। क्यों लोगों को इन सबसे पीड़ा होती है। हमारी संस्कृति में त्यौहार मनाने का सबको अधिकार है। इसी दौरान कांग्रेस नेताओं के भगवान राम से राहुल गांधी की तुलना करने पर प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के लिए तो राम थे ही नहीं उन्होंने तो उन्हें काल्पनिक बता दिया था। लेकिन अब अचानक से कांग्रेस को राहुल में राम दिखने लगे। हर व्यक्ति में राम हैं। राहुल यदि भारत में रह रहे हैं तो राहुल में भी राम हैं। साध्वी ने जयस को आदिवासियों के लिए घातक और कांग्रेस को विघटनकारी बताया है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विघटन का काम किया है और जयस संगठन ने भी आदिवासियों के हित के लिए कोई काम नहीं किया है। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो जयस घातक संगठन है। लेकिन फिर भी कांग्रेस उनका साथ लेती रही है। लेकिन अब जयस के लोगों को समझ आ गया इसलिए वे उन्होंने अपना फैसला ले रहें है।

# 'नरबलि खोखले मूल्यों की वापसी का नतीजा', केरल की मंत्री का संघ परिवार की ओर इशारा



तिरुवनंतपुरम, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। केरल में पिछले दिनों सामने आए दो महिलाओं की बलि के हैरान करने वाले मामले को लेकर राज्य की मंत्री डॉ. आर. बिंदु ने अनोखी दलीलें दी हैं। उन्होंने कहा कि यह घटना वैश्वीकरण और कुछ प्रतिक्रियावादी ताकतों द्वारा खोखले और अप्रचलित मूल्यों की बहाली के प्रयासों से पैदा हुई निराशा का नतीजा है। प्रतिक्रियावादी ताकतों के नाम पर उन्होंने संघ परिवार की ओर इशारा किया। केरल की सामाजिक न्याय मंत्री डॉ. बिंदु ने दावा किया कि जब इस तरह की घटनाएं पूरे भारत में हो रही हैं, तो इस दक्षिणी राज्य में यह तेजी से सामने आई, क्योंकि यहां कि जनता अधिक सतर्क व सावधान है। मंत्री बिंदु ने यह भी कहा कि नरबलि की घटना केवल केरल में प्रचलित है, ऐसा नहीं मानना चाहिए। चूंकि, केरल का समाज अधिक सतर्क है, इसलिए ऐसे मामले यहां तेजी से सामने आ रहे हैं। देश के अन्य राज्यों में भी अंधविश्वासी प्रथाएं चलन में हैं। वहां हो रही ऐसी घटनाओं के बारे में किसी को पता भी नहीं चलता।

**पूरे भारत में बढ़ रही क्रूरता, वैश्वीकरण से बढ़ी निराशा**

मंत्री बिंदु ने कहा कि भारत में अंधविश्वास और रीति-रिवाज बहुत गहरे हैं। ये और बढ़ रहे हैं, क्योंकि कुछ लोग प्राचीन रीति-रिवाजों और प्रथाओं को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए नरबलि या अंधविश्वास के मामले सिर्फ केरल तक ही सीमित नहीं हैं। पूरे भारत में हम हिंसा और क्रूरता की प्रवृत्ति में वृद्धि देख रहे हैं। इनमें से कुछ केरल में भी देख रहे हैं। नरबलि जैसी घटना का एक कारण वैश्वीकरण से पैदा हुई निराशा है। केरल की मंत्री ने यह भी कहा कि वैश्वीकरण लोगों के लिए संकट पैदा कर रहा है, क्योंकि लोग जल्दी पैसा कमाने की कोशिश करते हैं। ऐसे माहौल में कुछ लोग आसानी से गुमराह हो जाते हैं। वे मान लेते हैं कि नरबलि या मानव बलि से वे धनवान बन सकते हैं। इसी चक्कर में वे अंधविश्वास व झांसों व अपराधों में फंस जाते हैं। डॉ. बिंदु ने कहा कि आरोपी दंपती-भगवल सिंह (68) और उनकी पत्नी लैला (59) भी इसी के शिकार हुए। उन्होंने आर्थिक संपन्नता हासिल करने के लिए इस अपराध को अंजाम दिया। वे मुख्य आरोपी मोहम्मद शफी (52) के झांसे में आ गए, जो कि मूल रूप से अपराधी है।

**आरएसएस व संघ परिवार को बताया प्रतिक्रियावादी**

केरल की मंत्री डॉ. बिंदु ने कहा कि ऐसी घटनाओं की वजह कुछ प्रतिक्रियावादी ताकतों के खोखले या अप्रचलित मूल्यों की बहाली का प्रयास भी है। यह पूछने पर कि क्या उनका इशारा आरएसएस या संघ परिवार की ओर है? डॉ. बिंदु ने प्रतिप्रश्न किया- ऐसी मूल्य प्रणालियों के पीछे कौन था। कौन प्रतिक्रियावादी ताकतों को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रहा है? ये कौन हैं? रूढ़िवादी, प्रतिक्रियावादी, पुरानी चीजों को किसके द्वारा पुनर्जीवित किया जा रहा है? यह पूछने पर कि क्या वह संघ परिवार या आरएसएस का जिक्र कर रही हैं?
बिंदु ने कहा- हां। ये जो कर रहे हैं, उसकी लहरें केरल समेत हर जगह दिख रही है। केरल पुनर्जागरण और जन आंदोलनों और उच्च साक्षरता दर वाला प्रगतिशील राज्य है, इसके बावजूद यहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं। इनके खिलाफ हम अन्य राज्यों के विपरीत लगातार लड़ाई लड़ रहे हैं।

# ताई की आपत्ति के बाद अटक सकता है मेट्रो प्रोजेक्ट

## एमडी ने सुमित्रा महाजन से की मामले पर बात



इंदौर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश सरकार भोपाल से इंदौर के बीच चलाई जाने वाली मेट्रो रेल परियोजना के काम को पूरा कर जल्द से जल्द हरी झंडी दिखाने की कोशिश कर रही है। लेकिन भाजपा की ही वरिष्ठ नेता सुमित्रा महाजन ताई की आपत्ति के बाद यह प्रोजेक्ट बीच में अटकता नजर आ रहा है। हाल ही में पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ताई ने इंदौर के गांधी हॉल और राजबाड़ा के पास से मेट्रो ट्रेन के गुजरने पर आपत्ति दर्ज की थी। उनकी आपत्ति के बाद बुधवार को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने इंदौर स्थित सुमित्रा महाजन के घर जाकर उनसे परियोजना के संबंध में चर्चा की। प्रोजेक्ट एमडी का कहना है कि मेट्रो परियोजना में किसी भी तरह के बदलाव के लिए उसे दिल्ली भेजना पड़ेगा।

**ऐतिहासिक धरोहर की नींव को खतरा: ताई**

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के दूसरे चरण का काम इंदौर में तेजी से जारी है। एमजी रोड से गुजरने वाले रूट को लेकर फिलहाल विचार विमर्श किया जा रहा है। बीते दिनों पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने गांधी हॉल और राजबाड़ा के पास से मेट्रो के गुजरने पर आपत्ति दर्ज की थी, उनका कहना था कि अधिकारी इसे बनाकर चले जाएंगे लेकिन बाद में शहरवासियों को इसकी सजा मिलेगी। गांधी हॉल, राजबाड़ा और छत्रियां इस शहर की ऐतिहासिक धरोहर हैं, मेट्रो के गुजरने से इनकी नींव पर असर पड़ेगा, जिससे इनके कमजोर होने की आंशका है।

**मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के एमडी ने की ताई से चर्चा**

ताई की इस आपत्ति के बाद बुधवार को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के एमडी निकुंज श्रीवास्तव इंदौर आए और उन्होंने गांधी नगर व सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का मुआयना किया। इसके बाद वह पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ताई से मिलने उनके मनीषपुरी स्थित निवास पहुंचे। इस दौरान उनके साथ निगमायुक्त, मेट्रो प्रोजेक्ट के जीएम सहित स्थानीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों से चर्चा में ताई ने एमजी रोड से मेट्रो ट्रेन ले जाने के रूट पर दोबारा विचार विमर्श के लिए कहा है। ताई ने ऐतिहासिक धरोहर के अंदर से मेट्रो के गुजरने पर आपत्ति जताई है।

# रंगदारी के आरोपी मंत्री पर आप का क्या है प्लान

## भगवंत मान बोले- उन्हें दिवाली मनाने दीजिए



चंडीगढ़, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पंजाब में कथित 'जबरन वसूली' के मामले में घिरे आम आदमी पार्टी सरकार में मंत्री फौजा सिंह सरारी को लेकर मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जवाब दिया है। मंत्री के खिलाफ कार्रवाई को लेकर पूछे गए सवाल में मान ने कहा कि उन्हें 'दिवाली मनाने दीजिए।' हाल ही में एक ऑडियो क्लिप में कथित तौर पर सरारी को जबरन वसूली की योजना बनाते सुना जा रहा है। पंजाब में सरकार संभालने के बाद उन्होंने पहली बार पत्रकारों से चर्चा की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान अनौपचारिक बातचीत में जब सरारी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'आप दिवाली मनाते हैं औ उन्हें भी दिवाली मनाने दीजिए।' 29 सितंबर को मान ने कहा था कि उन्होंने सरारी को नोटिस जारी कर दिया है। इसके बाद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। इधर, विपक्ष ने मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था।

**मंत्री के खिलाफ कार्रवाई नहीं करेगी सरकार?**

रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि आप मंत्री के खिलाफ कार्रवाई के मूड में नहीं है। सरकार में एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, 'सत्तारूढ़ पार्टी विपक्ष को यह संदेश देना चाहती है कि उसका अभियान सरकार को दबाव में आने पर मजबूर नहीं कर सकता। साथ ही सरारी की ऑडियो क्लिप से कोई खास मतलब नहीं था। वह केवल बातचीत थी। वे कहीं भी जबरन वसूली के लिए नहीं गए थे।'

**गुजरात चुनाव पर ध्यान**

रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने कहा कि सरकार गुजरात में चुनाव पर ध्यान लगा रही है। वह यहां कोई मामलों को सुलझाने में एनर्जी खराब नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा, 'कैबिनेट इसी तरह जारी रहेगी। हम देखेंगे कि चुनाव के बाद क्या होता है। शायद वे तब कैबिनेट में फेरबदल कर दें। फिलहाल, सरकार का उन्हें बाहर करने का कोई प्लान नहीं है।'

# तीन हजार के ईनामी किन्नर डान गिरफ्तार

# घटना में प्रयुक्त कैची व डण्डा जप्त



भोपाल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बैरागढ़ के मछली मार्केट के फरियादी किन्नर काव्या शीतलानी पिता रामचंद्र उम्र 22 साल की रिपोर्ट पर थाना बैरागढ ने फरार किन्नर काजल बम्बईया, किन्नर कायनात तथा फराज शूटर को भोपाल स्टेशन पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया है। इन पर कई मामले दर्ज हैं। इन पर तीन-तीन हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस को देख वह भागने लगी थी लेकिन पुलिस ने उसे पकड लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम काजल उर्फ बम्बईया गुरू शिल्पा तिवारी उम्र 35 साल निवासी मकान नंबर 17 बादशाह भाई का किराये का मकान स्टेशन बजरिया भोपाल बताया। उसके कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त एक कैंची व एक डण्डा जप्त किया गया। उसे शुक्रवार को जिला न्यायालय भोपाल में पेश किया गया। बता दें कि किन्नर डॉन काजल बम्बईया के विरूद्ध थाना मंगलवारा भोपाल द्वारा धारा 110 जा.फौ. के तहत न्यायालय विशेष कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस उपायुक्त नगरीय पुलिस जोन-03 के न्यायालय मे पेश किया गया था जिसे नौ अप्रैल को तीन वर्ष की अवधि के लिये प्रतिबंधित किया गया था। आरोपी द्वारा शर्तो का आदेश का उल्लंघन करने पर थाना बैरागढ द्वारा धारा 122 जा.फौ. का इस्तगासा तैयार कर न्यायालय उपायुक्त जोन-03 के समक्ष आज शुक्रवार को पेश किया गया। प्रकरण में अभी तक मुख्य आरोपी सहित दो की गिरफ्तारी हो चुकी है तथा एक अन्य किन्नर आरोपी कायनात मिर्जा फरार है एवं थाना निशातपुरा को कार्यवाही हेतु सूचना दी गई है । आरोपी के विरूद्ध शहर के विभिन्न थानों मे डेढ दर्जन से अधिक हत्या का प्रयास, फायर आर्म्स, लूटपाट, घर मे घुसकर मारपीट, अडीबाजी, चाकूबाजी जैसे जघन्य अपराध पंजीबद्ध है। इस गैंग को पकडने में थाना प्रभारी बैरागढ डी.पी. सिह, उनि एम.एल. सोलंकी, उनि प्रियंका राय, सउनि शैलेंद्र सिंह, सउनि लवकुश पाण्डेय, प्र.आर. महेश,आर अर्जुन वर्मा,आर. तरूण गौर,आर. अर्जुन सिह,आर. श्रवण,म.आर. पूनम,म.आर. शिवानी की सराहनीय भूमिका रही ।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 22 अक्टूबर, 2022

## चीन की अडंगेबाजी

चीन पाकिस्तानी आतंकवादियों का इस समय सबसे बडा खैरख्वाह बना हुआ है। जब लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को वैश्विक आतंकी सूची में डालने की कोशिश की गई तो चीन ने एक बार फिर पेच फंसाकर अपनी फितरत का ही सबूत दिया है। भारत और अमेरिका ने पाकिस्तान के लश्कर आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकी सूची में डालने का संयुक्त राष्ट्र के सामने प्रस्ताव रखा था, लेकिन चीन ने वीटो पावर का उपयोग करते हुए रंग में भंग डाल दिया है। बता दें कि अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने शाहिद महमूद और लश्कर के एक और आतंकी मोहम्मद सरवर को लश्कर-ए-तैयबा के लिए धन जुटाने और नेटवर्क स्थापित करने के आरोप में प्रतिबंधित कर दिया था। शाहिद को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में डालने का प्रस्ताव रखा गया तो चीन हमेशा की तरह अपना रंग बदलते हुए पाकिस्तान के प्रति मोह दिखाते हुए इस प्रस्ताव का जमकर विरोध किया। संयुक्त राष्ट्र का नियम है कि यदि उसका कोई भी सदस्य किसी मसले पर विरोध जताता है, तो उस पर फिर सहमति के लिए विचार नहीं किया जाता। ऐसा नहीं कि चीन ने इस तरह से पहली बार पाकिस्तानी आतंकियों का बचाव किया है, इसके पहले भी उसने कदम दर कदम पाकिस्तानी आतंकियों को वैश्विक सूची में डालने के प्रस्ताव विरोध किया है। जाहिर है कि पाकिस्तान में पनप रहे आतंकवाद को चीन आतंकवाद नहीं मानता। शायद चीन को लगता होगा कि अकेल भारत ही आतंकवाद से जूझ रहा है लेकिन उसे जानना जरूरी है कि दुनिया के तमाम देश इस नासूर से जख्मी हैं। इसीलिए अंतरराष्ट्रीय बिरादरी ने दुनिया भर से आतंकवाद खत्म करने के लिए हाथ मिलाया था। उस बिरादरी में चीन भी शामिल है। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र का मकसद भी यही है कि सदस्य देशों में युद्ध रोकना, आतंकवाद जैसी समस्याओं को समाप्त कर शांति की स्थापना करना। लेकिन इस तरह के किसी भी मकसद को कामयाब होने से पहले ही स्वार्थी चीन अडंगा डाल देता है। चीन के साथ ही सारी दुनिया जानती है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों को उच्छ श्रेणी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अनेक पुख्ता प्रमाण दुनिया के सामने आ चुके हैं। मुंबई हमले से जुड़े ढेरों दस्तावेज अंतरराष्ट्रीय मंचों के सामने हैं, फिर भी जब उसके सरगना को वैश्विक आतंकी सूची में डालने का प्रस्ताव रखा जाता है, तो चीन उसके विरुद्ध मतदान करता है। चीन के इस रुख पर दुनिया भर में चिंता व्यक्त की जाती रही है और आलोचना भी होती है कि इस तरह वह वैश्विक आतंकवाद से लड़ने में कैसा सहयोग कर रहा है। खासकर पाकिस्तान में जड़ें जमाए आतंकवादी संगठनों के प्रति उसका रुख कितना उदार है यह सब को दिखाई देने लगा है। बता दें कि चीन भारत पर अपनी दादागिरी कायम रखने के लिए पाकिस्तान को एक मोहरे की तरह इस्तेमाल करता है। हिंद प्रशांत क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाए रख कर वह भारत पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाए रखने का प्रयास करता है। ऐसा करने के लिए उसे पाकिस्तान को अपने पाले में रखना जरूरी है। जगजाहिर है कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खस्ता हो चुकी है, इसलिए चीन ने उसकी दिल खोलकर वित्तीय मदद की है, जिसके बदले उसने पाकिस्तान में कई सामरिक परियोजनाएं भी शुरू की हैं। यही रणनीति उसने श्रीलंका में भी अपना रखी है। नेपाल को भी उसने अपने पाले में खींचने की भरपूर कोशिश की थी। ऐसे प्रयोग कर वह चारों तरफ से भारत को घेरने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में अगर वह पाकिस्तान में रह रहे आतंकियों को वैश्विक आतंकवादी सूची में शामिल करने पर सहमति जताएगा, तो उसका सारा समीकरण गड़बड़ा सकता है। पाकिस्तान में पल रहा आतंकवाद एक तरह से चीन की रणनीति का एक मजबूर हिस्सा है। लेकिन चीन शायद इस बात को भूल जाता है कि इसी तरह कभी अमेरिका ने भी पाकिस्तान में आतंकवाद को पाला-पोसा था, जो अब उसी के सिर पर नाच रहा है। चीन को समय रहते समझ लेना चाहिए कि आतंकवाद वह भस्मासुर है कि जिसने भी आशीर्वाद दिया वह उसी को भस्म करने पर उतारू हो जाता है।

## मेडिकल, इंजीनियरिंग अपनी भाषा में पढ़ाएं, पूरी तैयारी हो तब

मेडिकल और इंजीनियरिंग जैसे टेक्निकल विषयों की पढ़ाई की शुरुआत हिंदी व अन्य भारतीय भाषाओं में करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए मध्य प्रदेश में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सिलेबस की कुछ पुस्तकों का लोकार्पण किया। इससे पहले इस संबंध में संसद में प्रस्ताव पारित करने के बाद एक टास्क फोर्स बनाई गई थी जिसने अपने सुझाव दिए। उन सुझावों के आधार पर सिलेबस तैयार हुआ और पुस्तकों का प्रकाशन भी हो गया और लोकार्पण भी।हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में इन विषयों की पढ़ाई के लाभ भी समझे-समझाए गए। इस कदम से उन युवाओं के मन की एक बड़ी साध पूरी हो सकेगी जो इन विषयों को पढ़कर प्रफेशनल डॉक्टर और इंजीनियर बनना तो चाहते हैं पर, अंग्रेज़ी भाषा पर पकड़ न होने के कारण उनके सपनों पर कुठाराघात हो जाता है और उभरते युवा, मन मसोसकर रह जाते हैं। अब ये युवा अपनी भाषा में इन गूढ़ विषयों को जब पढ़ेंगे तो आसानी से उनमें वर्णित बातों को न सिर्फ तुरन्त समझ सकेंगे बल्कि अंग्रेज़ी भाषा से अजनबियों-सा रिश्ता होने के कारण जो विषय उन्हें अब तक हौआ लगा करते थे उन विषयों के गहरे से गहरे सन्दर्भो पर अब वे खुद दूसरों से विचार-विमर्श भी कर सकेंगे और जानकारियों को शेयर भी। जिन किताबों को देखकर ही उनके मन पर मनों बोझ पड़ने लगता अब उन्हीं किताबों में बड़े शौक से घन्टों नज़रें गढ़ाए रखने से भी उन्हें गुरेज़ नही होगा। लब्बोलुआब यह कि भाषा का कलेवर बदलते ही सबकुछ साफ-साफ और हल्का-हल्का नजर आने लगेगा।

यह एक काबिले-तारीफ कदम है जो भविष्य के युवा भारत की काबिलियत भी बढ़ायेगा और छोटे शहरों और गांवों की तस्वीर ही नहीं बदल देगा बल्कि काबिल लोगों की संख्या बढ़ जाने से देश की अर्थव्यवस्था और जीडीपी में बढोत्तरी के रास्ते भी खुल जायेंगे। इससे विश्व में भारत का रुतबा और मर्तबा भी बढ़ना तय है। खैर, यहां तक तो ठीक है। पर, हमनें जब केल्कुलेटेड तरीके से इस दिशा में आगे बढ़ना तय कर ही लिया है तो क्या इस बारे में सामने आने वाली कुछ समस्याओं को भी भांप लिया है या नहीं। मुंह बाये खड़े कुछ सवालों के जवाब भी खोज लिये गये हैं या नहीं? यदि इन सवालों के जवाब, इन समस्याओं के हल एडवांस में न खोज लिये गये तो इन भाषाओं में पढ़ाई की सारी की सारी कसरत बेमानी-सी होकर रह जाएगी। सबसे प्रमुख और पहली समस्या है टेक्निकल शब्दों या टर्मिनोलजी की। क्या इस बात के उपाय कर लिए गए हैं कि सम्बंधित विषय के टेक्निकल शब्दों या टर्मिनोलजी के लिए सही, सरल और सटीक हिंदी शब्द क्या हों।

# धर्म बदलने पर आरक्षण का मामला टेढ़ा है

जाति व्यवस्था के खिलाफ संघ प्रमुख मोहन भागवत का बयान, बौद्ध धर्म की दीक्षा पर विवाद के बाद दिल्ली के मंत्री राजेंद्र गौतम का इस्तीफा और बिहार में जातिगत जनगणना की तेज होती मुहिम के बीच धर्म परिवर्तन करने वाले दलितों के आरक्षण के लिए आयोग के गठन से उलझनें बढ़ती जा रही हैं। संविधान के अनुच्छेद 14 में सभी की बराबरी और अनुच्छेद 15 में धर्म, वर्ण, जाति, लिंग, जन्मस्थान आदि के आधार पर भेदभाव वर्जित है। लेकिन अनुच्छेद 15 (4) और 16 (4) के तहत सामाजिक और शैक्षणिक तौर पर पिछड़े या अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को आरक्षण मिल सकता है।

पंचायत, नगरपालिका, विधानसभा, लोकसभा, शिक्षण संस्थाओं और सरकारी नौकरियों के बाद अब न्यायपालिका, निजी क्षेत्र में आरक्षण की मांग का विस्तार होने लगा है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लूएस) को 10 फीसदी आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ में मामला लंबित है तो महिला आरक्षण के लिए भी सरकारें फैसला लेने लगी हैं। वहीं, आरक्षण की अधिकतम सीमा में 50 फीसदी का प्रतिबंध खत्म करने के लिए कर्नाटक जैसे राज्यों की पहल से विवाद बढ़ सकता है। आइए समझते हैं कि आरक्षण को लेकर अब तक क्या-क्या हुआ हैः

धर्म परिवर्तन के बाद दलितों को आरक्षण मिलने का मुद्दा आर्यन खान की गिरफ्तारी के बाद गरमाया था। नवाब मलिक ने आरोप लगाया था कि समीर वानखेड़े ने मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के बावजूद दलित आरक्षण का लाभ लेकर नौकरी हासिल की।

किसी जाति को राष्ट्रपति के आदेश से अनुसूचित जाति (एससी) में शामिल किया जाता है। जाति व्यवस्था और अस्पृश्यता को हिंदू धर्म की कुरीति माना जाता है। संविधान (एससी) आदेश 1950 के अनुसार सिर्फ हिंदू धर्म के दलितों को ही आरक्षण का लाभ मिलता है।

पहले पिछड़ा वर्ग आयोग (केलकर समिति) की रिपोर्ट के बाद 1956 में सिखों और 1990 में बौद्ध धर्म के लोगों को एससी के दायरे में शामिल कर लिया गया। उसके बाद से मुस्लिम और ईसाई धर्म में धर्मांतरित लोगों को दलित आरक्षण के दायरे में लाने की मांग होने लगी। आरक्षण के पैराकारों के अनुसार, धर्म परिवर्तन के बावजूद दलितों का पिछड़ापन खत्म नहीं हुआ इसलिए धर्म के आधार पर भेदभाव असंवैधानिक है, जबकि विरोधियों के अनुसार मुस्लिम और ईसाई धर्म में जाति व्यवस्था नहीं होती, इसलिए उन्हें एससी के दायरे में लाना ठीक नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में 2004 से ही कई मामले चल रहे हैं। पूर्व चीफ जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय धार्मिक व भाषाई अल्पसंख्यक आयोग की मई 2007 में धर्म के बजाय सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर आरक्षण की सिफारिश हुई थी। आयोग के एक सदस्य ने मुस्लिम और ईसाई धर्म के लोगों को दलित आरक्षण के दायरे में लाने का विरोध किया था।

केंद्र सरकार ने नवंबर 2019 में सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा था कि मतांतरित दलितों के आरक्षण के बारे में पुराने आयोगों की रिपोर्टों के बजाय नए अध्ययन की जरूरत है।




सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2022 में सरकार से फिर जवाब मांगा था। उसके बाद जांच आयोग अधिनियम 1952 की धारा 3 के तहत 6 अक्टूबर को सरकार ने तीन सदस्यीय आयोग के गठन की अधिसूचना जारी कर दी।

इस आयोग के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस केजी बालाकृष्णन हैं। पूर्व आईएएस रवींद्र कुमार जैन और यूजीसी की सदस्य प्रो. सुषमा यादव इसके अन्य दो सदस्य हैं।

आयोग यह अध्ययन करेगा कि असमानता व भेदभाव झेलते आ रहे दलितों को अन्य धर्मों में मतांतरण के बाद संविधान के अनुच्छेद-341 के तहत अनुसूचित जाति का लाभ कैसे मिल सकता है? आयोग यह भी जांच करेगा कि धर्मांतरण के बाद रीति-रिवाज, परंपरा एवं सामाजिक दर्जे में मतांतरित दलित के आर्थिक और सामाजिक दर्जे में क्या बदलाव हुए।

आरक्षण समर्थकों के अनुसार आयोग की रिपोर्ट अगले आम चुनाव के बाद आने से फैसले में विलंब होगा। उनके अनुसार बौद्ध और सिख धर्म के लोगों को दलित आरक्षण के दायरे में लाने से पहले जांच आयोग के तहत किसी आयोग का गठन नहीं किया गया था।

### संवैधानिक मुश्किलें

आरक्षण की अधिकतम सीमा में इस प्रतिबंध की वजह से अदालतों में अनेक कानूनी विवाद चल रहे हैं। संविधान के अनुच्छेद-25 में हिंदू धर्म में सिख, जैन और बौद्धों को शामिल किया गया है। बौद्ध और सिख धर्म में अनुसूचित जाति की बड़ी संख्या है, और उन्हें आरक्षण का लाभ मिल रहा है। जैन धर्म के भीतर एससी वर्ग की संख्या नगण्य होने की वजह से उनकी तरफ से ऐसी कोई मांग नहीं हो रही। मतांतरित एससी को आरक्षण के इस विवाद से अल्पसंख्यकों की परिभाषा और लाभ पर नई बहस शुरू हो सकती है। भारत में धर्म के आधार पर अलग सिविल कानून हैं। मुस्लिम धर्म के लिए पर्सनल लॉ हैं और समान नागरिक संहिता पर सहमति नहीं है तो फिर जातिगत आधार पर आरक्षण के दायरे में मुस्लिम और ईसाई धर्म के लोगों को बाहर रखना कैसे गलत माना जा सकता है?

### धर्मांतरण को बढ़ावा?

50 फीसदी के प्रतिबंध के बावजूद आरक्षण के दायरे में नए लोगों को शामिल करने से वंचित वर्ग को वांछित लाभ नहीं मिल पा रहा। मुस्लिम और ईसाई धर्म में आरक्षण का लाभ मिलने से हिंदू धर्म के दलित लोगों को नुकसान होने पर अंतरजातीय विवाद बढ़ सकते हैं। इस बीच कई राज्य धर्म परिवर्तन के खिलाफ कानून बना रहे हैं। धर्मांतरण के बाद आरक्षण का लाभ मिलने की अनुमति मिली, तो धर्म परिवर्तन को बढ़ावा मिल सकता है। धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है, लेकिन इस बारे में कानून में स्पष्टता नहीं है। धर्म परिवर्तन के बावजूद लोग अपना नाम नहीं बदलते और आरक्षण का लाभ लेते रहते हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए भी साफ कानूनी प्रावधान नहीं हैं। आयोग की रिपोर्ट के बाद ऐसी अनेक कानूनी विसंगतियों पर सरकार, संसद और सुप्रीम कोर्ट में नए सिरे से बहस शुरू होगी।


## हिन्दी में उच्च शिक्षा: गरीब बच्चों के लिए तोहफा



अजय कुमार

मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने भी घोषणा की है कि वह भी अपने यहां मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिन्दी में कराने की तैयारी कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार ने मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में कराये जाने का साहसिक निर्णय लिया है उसका अनुसरण अन्य राज्यों में भी होना जरूरी है। फिलहाल तो मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य बन गया है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिन्दी में शुरू हो रही है। यह अच्छी बात है कि जब हमारे यहां अपनी मातृ भाषा में पढ़कर डाक्टर इंजीनियर बाहर निकलेंगे तो उनका आम जनता से जुड़ाव भी बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसी लिए मध्य प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत हो रहा है। जश्न भी मनाया जा रहा है,लेकिन सवाल यह है कि यह सब तो आजादी के बाद ही हो जाना चाहिए था,इसके लिए 75 वर्षो तक यदि इंतजार करना पड़ा तो इसका जिम्मेदार कौन है। क्या यह सच नहीं है कि 1947 में हमें अंग्रेजों की गुलामी से भले ही आजादी मिल गई थी,लेकिन दो सौ वर्ष की गुलामी का असर आज भी हमारी मानसिकता और रहन-सहन पर हावी है। इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारी मातृ भाषा हिन्दी और तमाम राज्यों की क्षेत्रीय भाषाओं को चुकानी पड़ी। निश्चित रूप से आजादी के पश्चात हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए हमारे सिस्टम और उस दौर की सरकारों को भूमिका भी अच्छी नहीं रही होगी,नहीं तो हालात ऐसे नहीं होते। अपने ही देश में हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए जब हिन्दी पखवाड़ा मनाना पड़े तो समझा जा सकता है कि हिन्दी के प्रति हमारी कैसी उदासीनता रही होगी। हिन्दुस्तान में अंग्रेजी योंही नहीं फलीफूली। अपने देश में आम धारणा है कि देश पर शासन करने के लिए या फिर रोजी-रोजगार और समाज में आगे बढ़ने के लिए अंग्रेजी मील का पत्थर साबित होती है,जिसका आना जरूरी हैं। यह सोच सरकार में बैठे हुक्मरानों ने बनाई तो अन्य लोग इसके पीछे चल पड़े। आज भी भारत में अंग्रेजी बोलने-जानने वालों को आसानी से नौकरी मिल जाती है। उनका वेतन भी अन्य भाषा भाषियों से अधिक होता है। अंग्रेजी में धाराप्रवाह होने से पुरुषों के वेतन में 34 प्रतिशत और महिलाओं के वेतन में 22 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाती है। लेकिन ये प्रभाव अलग-अलग होते हैं।अधिक आयु वाले और अधिक शिक्षित श्रमिकों के लिए प्रतिफल(फायदा) अधिक हैं और कम शिक्षित तथा कम आयु के श्रमिकों के लिए ये प्रतिफल कम हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि अंग्रेजी कौशल और शिक्षा के बीच समय के साथ मजबूत हुई है। गौरतलब हो भारत एक बहुभाषी देश है जहां हजारों भाषाएं हैं। इनमें से 122 भाषाओं के मूल भाषी 10,000 से अधिक हैं (2001 की जनगणना के अनुसार) और बोलने वालों की संख्या के हिसाब से भारत में भाषाओं की सूची में अंग्रेजी 44वें स्थान पर है। एक सर्वे के अनुसार अपने देश में पांच में से एक भारतीय वयस्क अंग्रेजी बोल सकता है। चार प्रतिशत अंग्रेजी में धाराप्रवाह बोल सकते हैं और अतिरिक्त 16 फीसदी अंग्रेजी में थोड़ी-बहुत बातचीत कर सकते हैं। अंग्रेजी बोलने की क्षमता पुरुषों में अधिक होती है। 26 प्रतिशत पुरुष थोड़ी-बहुत अंग्रेजी बोल सकते हैं जबकि महिलाओं में यह आकड़ा 14 फीसदी है। तथाकथित उच्च जातियों, शहरी निवासियों, युवा और बेहतर शिक्षित आबादी से संबंधित लोगों के लिए भी यही सच है। ऐसे व्यक्ति जिनके पास कम से कम स्नातक की डिग्री है, उनमें से लगभग 89 प्रतिशत लोग अंग्रेजी बोल सकते हैं जबकि जिन्होंने 5-9 साल की स्कूली शिक्षा पूरी की है, उनमें से केवल 11 परसेंट लोग ही अंग्रेजी बोल सकते हैं। उन लोगों के लिए यह प्रतिशत लगभग शून्य है, जिनकी स्कूली शिक्षा चार साल से कम है। इसका कारण यह है कि भारत के कई सार्वजनिक विद्यालय केंद्र सरकार द्वारा सुझाए गए त्रिभाषा सूत्र का पालन करते हैं, जिसके अनुसार आम तौर पर अंग्रेजी भाषा का शिक्षण मिडिल स्कूल स्तर पर आरंभ होता है। चूंकि देश पूर्व में एक ब्रिटिश उपनिवेश था, इसलिए अंग्रेजी संघ सरकार की एक राजभाषा और इसके द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षा का माध्यम बनी हुई है। इसलिए सरकारी अधिकारी या शिक्षक होने के लिए (निम्न स्तरों के अलावा), व्यक्ति को अंग्रेजी में प्रवीण होना चाहिए। भारत में ये नौकरियां आकर्षक मानी जाती हैं क्योंकि ये सफेदपोश नौकरियां हैं जो सुरक्षित रोजगार और अच्छे लाभ प्रदान करती हैं। इसके अलावा, उदारीकरण के बाद के युग में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आउटसोर्सिंग के तेजी से विस्तार होने के कारण अंग्रेजी भाषा-कौशल का महत्त्वपूर्ण होना और भी अधिक आकर्षक हो गया है। इसके बावजूद आश्चर्यजनक रूप से भारत में अंग्रेजी कौशल के लिए वेतन प्रतिफल का कोई अनुमान नहीं है। बहरहाल,अंग्रेजी के वर्चस्व के बीच मध्य प्रदेश के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी ऐलान किया है कि उनके यहां भी मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐलान किया कि उत्तर प्रदेश में कुछ मेडिकल और इंजीनियरिंग की किताबों का हिंदी में अनुवाद किया गया है। आने वाले एकेडमिक ईयर से इन प्रोग्राम्स के सब्जेक्ट को यूनिवर्सिटी और कॉलेजों में उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि इन्हें हिंदी में भी पढ़ा जा सके। बात जहां तक शिवराज सिंह चौहान सरकार की है तो उसको इसके लिए साधुवाद दिया जाना चाहिए कि उसके प्रयासों से देश में पहली बार मध्य प्रदेश में चिकित्सा की पढ़ाई हिंदी में शुरू होने जा रही है। इस प्रयोग की प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी, क्योंकि कई देशों में जिसमें चीन, जापान, जर्मनी, फ्रांस,रूस जैसे देश विकसित देश शामिल हैं, अपनी भाषा में उच्च शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

## वह चल बसी



डॉ. सुरेश कुमार

शहर में मेट्रो होने भर से शहर मेट्रो नहीं बनता। यह वही बात हुई कि एक फाइव स्टार होटल के सामने गरीब भूख से दम तोड़ देता है और हम उस होटल की स्पेशल रेसिपी के बारे में देश के नामी गिरामी समाचार पत्रों में लपलपाती जीभ से चटकारे लेते हुए उसकी खूबी पढ़ते हैं। यदि इस तरह जान लेने का नाम शहर है, तो ऐसे शहरों की हमारे यहाँ कोई कमी नहीं है। मैं उस दिन हर दिन की तरह जेएनटीयू मेट्रो स्टेशन के पास खड़ा अपने मित्र की प्रतीक्षा कर रहा था। तभी एकाएक सामने से झगड़ने की आवाज आयी। एक चालीस-पैंतालीस साल का अधेड़ फटी कमीज, घुटनों तक लिपटी मटमैली धोती उसमें भी जहाँ-तहाँ दया करुणा पैदा करने वाले बड़े-बड़े छेद थे, एक पतली सी लाठी थामे मेट्रो स्टेशन के द्वार के सामने भीख माँग रहा था। वह जोर-जोर से एक डरी-सहमी बूढ़ी औरत पर चिल्ला रहा था। बुढ़िया की कमर उम्र के चलते समकोण में झुकी हुई थी। उसके पास भी एक छोटी सी लकड़ी थी जिससे टेका लिए वह खड़ी थी।

उस अधेड़ ने कहा – तू इधर क्यों आयी है? जानती नहीं यह मेरा अड्डा है। मैं हर दिन यहीं भीख माँगता हूँ। भलाई इसी में है कि चुपचाप तू यहाँ से चली जा। बुढ़िया टस से मस नहीं हुई। कहने लगी – क्या यह स्टेशन तेरे बाप-दादा का है जो तू ही भीख माँगेगा। मैं यहाँ से नहीं जाऊँगी।इतना सुनना भर था कि अधेड़ ने अपनी लाठी से बुढ़िया को ढकेल दिया। अच्छा हुआ कि वह दीवार से सटी थी और उसके हाथ में भी छोटी सी लकड़ी थी। जैसे तैसे खुद को संभाला। कहने लगी – खबरदार जो धक्का दिया तो। तू क्या समझता है कि मुझे तेरे बारे में नहीं पता। तू वहीं इंदिरम्मा कॉलोनी में रहता है न जहाँ तेरा दुमंजिला मकान है। दो-दो बेटे हैं।

भीख में मिले पैसों को सूद पर चढ़ा रखा है। मैं सब जानती हूँ। अधेड़ गुस्से के मारे लाल-पीला होने लगा – तो क्या हुआ? तेरे बाप का थोड़े न खाता हूँ। यहाँ चिल्ला-चिल्ला के लोगों को क्या बताना चाहती है? यह मेट्रो स्टेशन है। मुसाफिर आते और जाते रहते हैं। उन्हें खुद के लिए फुर्सत नहीं होती। वे खाक तेरी बात सुनेंगे। मैं तेरी बातों से डरने वाला नहीं हूँ। भाग यहाँ से वरना इस बार मारूँगा तो मर जाएगी। इसी बीच वहाँ से गुजर रहे एक मुसाफिर ने बुढ़िया के हाथ में पाँच रुपए का सिक्का धर दिया। यह देख अधेड़ गुस्से के मारे बुढ़िया पर झपटा और वह सिक्का छीनने की कोशिश करने लगा – ला इधर दे, नहीं तो अच्छा नहीं होगा। मेरे अड्डे पर खड़े होकर मेरे ही पेट पर लात मारती है। तुझे शर्म नहीं आती।

बुढ़िया सिक्के को मुट्ठी में मजबूती से भींचती हुई कहने लगी ।

## अवधपुरी प्रभु आवत जानी



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

पांच सौ वर्ष तक अयोध्या जी उदास रहीं।

पांच वर्ष पहले योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए भव्य दीपोत्सव से यहां उत्साह का संचार हुआ। योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि यहां दिपावली पर त्रेता युग की झलक दिखाई देगी।उनका कथन सही साबित हुआ।

भव्य दीपोत्सव अब अयोध्या की परम्परा बन चुका है। इस बार भी भव्य दीपोत्सव की तैयारी देखने योगी आदित्यनाथ अयोध्या गए थे। एक बार फिर यहां दिपावली पर त्रेता युग की झलक दिखाई देगी। मानस में गोस्वामी जी ने इसका सुन्दर चित्रण किया है-

दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन की अपनी परम्परा का निर्वाह किया था।अंतर यह रहा कि पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद जब वह अयोध्या आये थे,तब श्री रामजन्म भूमि पर यथास्थिति थी। योगी ने अपनी योजना के अनुरूप यहां पर्यटन विकास संबन्धी कार्य शुरू कर दिए थे। फिर वह समय भी आया जिसकी पांच सदियों से प्रतीक्षा थी। मंदिर निर्माण के लिए भूमिपूजन हुआ। इस बार योगी जब अयोध्या पहुंचे तो स्थिति अलग रही। भव्य मंदिर निर्माण का कार्य प्रगति पर है। श्री रामलला को अस्थाई मंदिर में योगी आदित्यनाथ द्वारा ही प्रतिष्ठित किया गया था।

भारतीय संस्कृति के प्रेरणा व प्रतीक स्थलों पर योगी आदित्यनाथ की गहरी आस्था है। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों को विकास पर्यटन से जोड़ने की व्यापक कार्य योजना बनाई थी। इस पर पिछली सरकार के पांच वर्षों में प्रभावी अमल किया गया। इसके चलते उत्तर प्रदेश के सभी पौराणिक नगरों का कायाकल्प हुआ है। यहां होने वाले आयोजन अब विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित हो रहे हैं। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव का शुभारंभ योगी आदित्यनाथ ने किया था। अब यह आयोजन परम्परा के रूप में स्थापित हो चुका है। विदेशों से भी लोग इस आयोजन को देखने आते हैं। योगी आदित्यनाथ अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्राहलय में चैत्र रामनवमी मेले के भव्य आयोजन पर भी ध्यान देते हैं।इसकी बेहतरीन तैयारियों के संबंध में भी वह अधिकारीयों को निर्देशित करते हैं। उनके अनुसार इस आयोजन की तैयारी इस प्रकार से होनी चाहिए कि मेला पूरी भव्यता और दिव्यता दिखाई दे।

यह अयोध्या को विश्व मानचित्र पर लाने में सहायक बने। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूरे भारत से अयोध्या पहुँचते हैं। इसके दृष्टिगत अयोध्या में ऐसी व्यवस्था सृजित की जाती है जिससे प्रवेश करते ही लोगों को पूरा वातावरण राममय लगे,जिससे सभी श्रद्धालु अपने गृह जनपद एक अच्छा संदेश लेकर जाएं। योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपोत्सव के लिए निर्धारित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रीरामलला विराजमान का दर्शन-पूजन किया। सरयू होटल में अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव' की तैयारियों की समीक्षा भी की।

अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपोत्सव को सफल बनाने हेतु सभी सम्बन्धित विभाग पारस्परिक समन्वय के साथ कार्य करें। दीपोत्सव की तैयारी में किसी तरह की कोताही न बरती जाए। दीपोत्सव के सफल आयोजन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। दीपोत्सव के सम्बन्ध में की जा रही व्यवस्थाओं व तैयारियों की नियमित रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी जाए। उन्होंने दीपोत्सव में आठ विदेशी रामलीलाओं तथा पर्यटन और सूचना विभाग की झांकियों के बेहतर ढंग से प्रदर्शन की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। योगी ने श्री रामकथा पार्क के निरीक्षण के दौरान वहां सभी आवश्यक तैयारियों के साथ सन्त महात्माओं, विशिष्टजनों एवं श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने श्रीरामलला विराजमान मन्दिर और श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा वहां भी बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी द्वारा साकेत महाविद्यालय में बनाए जा रहे हेलीपैड का भी निरीक्षण किया गया तथा जल्द से जल्द सम्बन्धित आवश्यक कार्यवाहियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके पश्चात उन्होंने राम की पैड़ी, सरयू आरती स्थल का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जी को 'दीपोत्सव' की तैयारियों की जानकारी दी गई। अयोध्या में इस बार फिर से दीप उत्सव में नया रिकॉर्ड बनेगा।इस बार सत्रह लाख दीपक जलाए जाएंगे।ज्यादा से ज्यादा आम लोगों को भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

# धनतेरस में इन चीजों का खरीदना माना जाता है शुभ



दीपों के उत्सव दीपावली के दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजन का विधान है। इस पूजा में हर साल नई मूर्ति की स्थापना की जाती है। माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की मूर्ति खरीदने के लिए सर्वोत्तम तिथि धनतेरस मानी जाती है। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश के आगमन से घर में सुख समृद्धि बढ़ जाती है।



अगर आप चाहते हैं कि आपको अपने जीवन में कभी धन हानि ना हो, और धन संपदा में बढ़ोत्तरी हो तो धनतेरस के दिन खड़ा धनिया जरूर खरीदें। इस दिन खड़ा धनिया खरीदना बेहद शुभ माना गया है। ये धनिया मां लक्ष्मी और धन कुबेर को चढ़ाना चाहिए।



धनतेरस के दिन पीतल के बर्तन खरीदना शुभ और स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभदायक माना गया है। पीतल को भगवान धनवंतरी की धातु माना जाता है। पीतल में कई तरह के औषधीय गुण पाए जाते हैं।



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदना बहुत शुभ माना जाता है। झाड़ू मां लक्ष्मी का रूप माना गया है। कहते हैं इस दिन खरीदे झाड़ू से सबसे पहले अनाज भंडार में झाड़ू लगाना चाहिए। ऐसा करने से आपके घर में कभी भी धन का संकट नहीं आएगा।

धनतेरस के दिन कौड़िया खरीदना शुभ माना जाता है। प्राचीन काल में कौड़ियों का पैसे के रूप में प्रयोग किया जाता था। इन कौड़ियों को दीपावली के दिन माता लक्ष्मी की पूजा में अर्पित करने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं।





### धनतेरस पूजा मुहूर्त

शनिवार को शाम 04:33 बजे से त्रयोदशी तिथि प्रारंभ हो रही है। जो अगले दिन 23 अक्टूबर रविवार को शाम 05:04 बजे तक रहेगी। कार्तिक कृष्ण की शाम त्रयोदशी तिथि में भगवान गणेश, माता लक्ष्मी के साथ भगवान धन्वंतरी की पूजा होती है। शास्त्रों में भी प्रदोष काल में त्रयोदशी के पूजन का उत्तम विधान है।

### धनतेरस 2022 खरीदारी मुहूर्त

इस साल 22 अक्टूबर को धनतेरस पर खरीदारी का शुभ स्थिर मुहूर्त शाम 07:03 बजे से प्रारंभ हो रहा है, जो रात 10:39 बजे तक है। इस स्थिर मुहूर्त में खरीदारी करना उत्तम रहेगा।






## 22 अक्टूबर को खरीदी मुहूर्त



### प्रॉपर्टी खरीदी और बुकिंग के लिए शुभ समय

| सुबह | दोपहर | शाम |
|---|---|---|
| 8 से 9 बजे तक | 12.30 से शाम 4.20 तक | 5 से 6 बजे तक |

### वाहन खरीदारी और बुकिंग के मुहूर्त



| दोपहर | दोपहर | दोपहर |
|---|---|---|
| 12 से 1.30 तक | 2 से 2.50 तक | 3 से 4.30 तक |



### ज्वेलरी और बर्तनों की खरीदारी

| सुबह | दोपहर | शाम |
|---|---|---|
| 8 से 9 बजे तक | 12 से शाम 4.20 तक | 5.50 से 7.30 तक |

### इलेक्ट्रॉनिक आइटम की खरीदी



| सुबह | दोपहर | रात |
|---|---|---|
| 8 से 9 बजे तक | 1.30 से 3 बजे तक | 9 से 10.30 तक |

### सजावटी सामान, फर्नीचर और कपड़े खरीदने का समय

| दोपहर | दोपहर | शाम |
|---|---|---|
| 12 से 2 बजे तक | 3 से 4.30 तक | 5 बजे से 7.20 तक |

# धनतेरस पर क्यों जलाया जाता है यम दीपक?



हर साल कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की त्रयोदशी को धनतेरस का पावन पर्व मानया जाता है। इस बार यह धनतेरस 23 अक्टूबर, रविवार को आ रही है। इस दिन खरीदी और पूजा पाठ को खास महत्व दिया जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यम के नाम का दीपक भी जलाया जाता है। लेकिन क्या आप इसकी असल वजह जानते हैं? इसके पीछे एक दिलचस्प पौराणिक कथा है।

**यम का दीपक जलाने के नियम**

धनतेरस पर जलाने वाला यम का दीपक आटे से बनाया जाता है। इसका आकार चौमुखा होता है। इसे घर के मुख्य द्वार पर दक्षिण दिशा में रखा जाता है। जब इस दीपक को जलाया जाता है तो साथ में एक खास मंत्र बोला जाता है। यह मंत्र है – **मृत्युनां दण्डपाशाभ्यां कालेन श्यामया सह। त्रयोदश्यां दीपदानात सूर्यजः प्रीयतां मम।**

**इसलिए धनतेरस पर जलता है यमराज के नाम का दीपक**

एक बार यमराज अपने दूतों के साथ बैठे थे। तभी उन्होंने पूछा 'तुम लोगों को प्राणियों के प्राण करते समय कभी किसी पर दया आती है?' इस पर यमदूतों ने थोड़े संकोच से कहा 'नहीं महाराज।' इस पर यमराज ने उन्हें अभयदान दिया और कहा 'डरों नहीं, सच-सच बताओ।' फिर यमदूतों ने उन्हें एक घटना के बारे में बताया कि कैसे एक प्राण लेते समय उन्हें कितना दुख हुआ था। यमदूतों ने कहा एक हंस नाम का राजा था। वह एक बार शिकार करने गया। यहां रास्ता भटकर वह दूसरे राज्य में पहुंच गया। इस राज्य के राजा हेमा ने हंस राजा का अच्छे से स्वागत किया। इसी दिन राजा हेमा की पत्नी ने एक पुत्र को जन्म दिया। ज्योतिषियों ने नक्षत्र गणना कर कहा कि आपका पुत्र शादी के चार दिन बाद ही मर जाएगा। जब राजा हंस को ये बात पता चली तो उसने मदद करना चाही।

राजा ने उस बालक को यमुना के तट पर एक गुफा में ब्रह्मचारी के रूप में रखा। सैनिकों को ये आदेश भी दिया कि इस बालक पर स्त्री की छाया तक नहीं पड़ना चाहिए। लेकिन फिर एक दिन खुद राजा हंस की युवा बेटी यमुना के तट पर आ गई। यहां उसने श्रापित बालक का मन मोह लिया। फिर दोनों ने धर्व विवाह कर लिया। विवाह के चौथे दिन ही उस राजकुमार की मौत हो गई।

यमदूतों ने बताया कि हमने कभी इतनी सुंदर जोड़ी नहीं देखी थी। उस समय महिला को विलाप करता देख हमारे भी आंसू निकल पड़े थे। यह कहानी सुनकर यमराज ने कहा कि अब से धनतेरस पर पूर्ण विधि से पूजन एवं दीपदान करने से अकाल मृत्यु को टाला जा सकता है। जो व्यक्ति इस पूजन को करेगा उसका अकाल मृत्यु का डर खत्म हो जाएगा। बस तब से ही धनतेरस के दिन धन्वन्तरि पूजन सहित दीपदान की प्रथा शुरू हो गई। **- मुकेश ऋषि**



# धनतेरस पर शनिदेव बना रहे खास योग इन 4 राशियों को होगा बड़ा धन लाभ

धनतेरस के दिन कई लोगों को धन की आस रहती है। इस बार 23 अक्टूबर को धनतेरस पड़ रही है।

**मेष राशि-** शनिदेव का मार्गी होना मेष राशि के जातकों की किस्मत चमका देगा। धन से जुड़े लाभ होते चले जायेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। नौकरी में तरक्की होगी। किसी नई जॉब के ऑफर मिल जायेंगे। नौकरी के चलते विदेश यात्रा के भी योग बन सकते हैं। वहीं बिजनेस करने वालों को भी बड़ा मुनाफा हो सकता है। घर में शांति रहेगी। परिवार में हंसी खुशी का माहौल रहेगा। कुंवारे लोगों की शादी का योग बन सकता है। कहीं पैसा निवेश करना हो तो ये शुभ समय है। कोर्ट कचहरी के मामले निपट जायेंगे।

**मिथुन राशि-** शनि का मार्गी होना मिथुन राशि के लिए बड़ा शुभ साबित होने वाला है। किस्मत आपका हर पल साथ देगी। रुके हुए काम समय पर हो जायेंगे। अटका हुआ पैसा मिल जाएगा। बेरोजगार लोगों की जॉब की तलाश खत्म होगी। घर में कोई मांगलिक कार्य हो सकता है। समाज में इज्जत बढ़ेगी। कोर्ट कचहरी के मामले आपके पक्ष में होंगे। सेहत अच्छी रहेगी। पुराने रोगों से आजादी मिलेगी। घर में खुशी का माहौल रहेगा। अपने आपका साथ देंगे। प्रेम प्रसंग के मामलों में सफलता मिलेगी।


**कर्क राशि-** शनि का मार्गी होना कर्क राशि के जातकों के लिए भी फायदेमंद होगा। आपके घर ढेर सारी खुशियां आएगी। जॉब और बिजनेस में बड़ा धन लाभ होगा। पैसा कमाने के नए साधन मिलेंगे। आपके काम की तारीफ होगी। किसी धार्मिक कार्य में हिस्सा ले सकते हैं। भगवान में आस्था बढ़ेगी। शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए सही समय है। शत्रु आपका कुछ नही बिगाड़ पाएगा। उसके आगे आपका पलड़ा भरी रहेगा।

**वृश्चिक राशि-** शनि का मार्गी होना वृश्चिक राशि के जातकों के लिए बड़ा लाभकारी सिद्ध होगा। आपके घर ढेर सारी खुशियां आएगी। अपनों का साथ मिलेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे वह पूरा होगा। किस्मत हमेशा आपका साथ देगी। धन से जुड़े कई लाभ होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात लाभकारी रहेगी। प्रेम प्रसंग के मामलों में सफलता हाथ लगेगी।

जिन जातकों को अच्छे जीवनसाथी की तलाश से वह इस साल के अंत तक खत्म हो जाएगी। स्टूडेंट को पढ़ाई लिखाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपकी दिन दुगनी रात चौगुनी तरक्की होगी। सेहत अच्छी रहेगी। किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं। यह यात्रा सुखद रहेगी।

# कुबेर को प्रसन्न करने का दिन

कुबेर को प्रसन्न करने का दिन धनतेरस का दिन मां लक्ष्मी के साथ देवताओं के कोषाध्यक्ष यक्षराज कुबेर को प्रसन्न करने का दिन होता है। इस दिन वैसे तो अनेक प्रकार के उपाय किए जाते हैं जिनसे धनकोष में वृद्धि होती है, किंतु हम आपको बता रहे हैं केवल तीन उपाय जो आपको धनवान बनाने में सहायता करेंगे। इन उपायों को करने के बाद आपके जीवन के सारे अभाव, सारे संकट दूर हो जाएंगे। कुबेर पोटली धनतेरस के दिन कुबेर पोटली बनाई जाती है। कुबेर पोटली में यक्षराज की प्रिय नौ वस्तुओं का समावेश किया जाता है। इन नौ वस्तुओं को एक रेशमी लाल कपड़े की थैली में बांधकर पोटली बनाई जाती है। जिसे पूजन कर तिजोरी में रखने से जीवन के सारे संकट दूर हो जाते है। कुबेर पोटली में रखी जाने वाली नौ वस्तुएं हैं लाल गुंजा, दिव्य गोरक्ष मुंडी, काली हल्दी, पीली कौड़ी, कुबेर यंत्र, कुबेर कुंजी, गोमती चक्र,



नागचंपा और लघु श्रीफल। दिव्य दक्षिणावर्ती शंख दक्षिणावर्ती शंख लक्ष्मी को आकर्षित करता है। समुद्र मंथन के समय मां लक्ष्मी के साथ दक्षिणावर्ती शंख भी निकला था। इसलिए यह मां लक्ष्मी को अत्यंत प्रिय है। धनतेरस के दिन दक्षिणावर्ती शंख लाकर इसे गंगाजल से स्नान करवाकर लाल रेशमी वस्त्र पर स्थापित करें। शंख के अंदर केसर से रंगकर चावल भरें। शंख के मुख पर केसर से श्रीं लिखें। अब कमलगट्टे की माला से मां लक्ष्मी के मंत्र ऊं महालक्ष्म्यै नमः या ऊं विष्णुप्रियायै नमः की सात माला जाप करें। इसके बाद शंख को उसी कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें। इस उपाय से न केवल आर्थिक संकट बल्कि रोग, शोक सारे अभाव भी दूर हो जाते हैं। हत्थाजोड़ी का प्रयोग हत्थाजोड़ी एक दिव्य और चमत्कारिक जड़ी होती है। यह दो हाथों की तरह जुड़ी हुई दिखाई देती है इसलिए इसे हत्थाजोड़ी कहा जाता है। इसे असली खोजना मुश्किल है किंतु असंभव नहीं। धनतेरस के दिन असली हत्थाजोड़ी लेकर इस पर सिंदूर का लेपन करें। मां लक्ष्मी के किसी भी मंत्र का सात माला जाप कर तिजोरी में रखें। कभी धन का अभाव नहीं होगा।

# साउथ सिनेमा में संजय दत्त को दिखी वो चीज जो बॉलीवुड में कभी नहीं आया नजर



**बॉलीवुड** एक्टर संजय दत्त इन दिनों साउथ इंडियन फिल्मों में अपने बेहतरीन प्रोजेक्ट को लेकर सुर्खियों में हैं. 'केजीएफ 2' में अपने विलेन 'अधीरा' के किरदार से सबका दिल जीतने वाले संजय दत्त अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री में और काम करना चाहते हैं. उन्होंने हाल ही में उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्हें साउथ फिल्मों में काम करना अच्छा लगता है और वो आगे भी काम करना चाहते हैं. हाल ही में संजय दत्त ने ध्रुव सरजा स्टारर 'केडी- द डेविल' का टीजर लॉन्च किया, जहां उन्होंने कई सारी बातें कही. संजय भी फिल्म में अहम भूमिका निभा रहे हैं. फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित फिल्म के निर्माताओं और कलाकारों ने गुरुवार को बेंगलुरु में फिल्म का हिंदी शीर्षक टीजर लॉन्च किया. संजय ने साउथ सिनेमा के बारे में भी बताया और बॉलीवुड इससे क्या सीख सकता है. अभिनेता ने कहा , 'बॉलीवुड को अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए. मैंने केजीएफ में काम किया और अब मैं निर्देशक प्रेम के साथ 'केडी – द डेविल' में काम कर रहा हूं. मैं सच में बहुत एक्साइटेड हूं और मैं टीम को शुभकामनाएं देता हूं. मुझे यह भी लगता है कि मैं दक्षिण भारतीय फिल्मों में और काम करने जा रहा हूं.'

**क्या आपने देखी हैं, परिणीति की ये बेस्ट फिल्में?**

संजय को आखिरी बार रणबीर कपूर के साथ 'शमशेरा' में देखा गया था. पीरियड फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही थी. फिल्म में वाणी कपूर लीड एक्ट्रेस थीं. केजीएफ फ्रैंचाइजी और दक्षिण भारतीय फिल्मों और फिल्म निर्माताओं में उनके द्वारा देखे जाने वाले 'जुनून' के बारे में आगे बोलते हुए, संजय ने बेंगलुरु के कार्यक्रम में कहा, "केडी का एक अद्भुत टीजर है. मैं एक बात जानता हूं कि मैंने केजीएफ किया है और एसएस राजामौली सर मेरे प्यारे दोस्त हैं. साउथ में बनी फिल्मों में मुझे इतना जोश, प्यार, ऊर्जा और वीरता दिखाई देती है. मुझे लगता है कि हमें मुंबई में इसे सीखने की जरूरत है. बॉलीवुड को अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए."

# अनन्या पांडे-आदित्य रॉय का पकड़ा गया रोमांस!

## ब्लैक ट्विनिंग में कपल की तरह दिए पोज





**बॉलीवुड एक्ट्रेस** अनन्या पांडे इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर खासी चर्चा में हैं, हाल ही में खबरें आई थी कि उन्होंने ईशान खट्टर के साथ अपने रिश्ते पर ब्रेक लगा दिया है. ऐसे में जब वो फेमस चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 7' में अपनी लव लाइफ पर चर्चा करते हुए कहा था कि वो आदित्य रॉय कपूर को हॉट मानती हैं. इस दौरान करण जौहर ने भी हिंट दिया था कि वो दोनों साथ में अच्छी लगते हैं. ऐसे में अब बॉलीवुड में जमकर दिवाली पार्टी हो रही है और ये कपल आए दिन स्पॉट हो रहा है.

बॉलीवुड की एक्ट्रेस कृति सनेन ने हाल ही में दिवाली पार्टी होस्ट की थी और इसमें बॉलीवुड के कई जानें मानें सितारों ने शिरकत की थी. ऐसे में कृति की दिवाली पार्टी की जो तस्वीरें वायरल हुई थी उसमें ये कपल साथ में चैट करता हुआ दिख रहा था. बता दें कि नेहा धूपिया ने एक फोटो शेयर की थी जिसमें आदित्य और अनन्या पांडे को साथ में स्पॉट किया गया था. इसके बाद से ये कयास लगाए जा रहे हैं कि कॉफी विद करण में अनन्या पांडे ने जो कहा था, वो काफ हद तक सच था और अब फैन जानना चाहते हैं कि आखिर इन दोनों के बीच क्या खिचड़ी पक रही है.

कृति सेनन की पार्टी में जहां दोनों बात करते हुए स्पॉट हुए थे, वहीं कल रात को जब फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर पर पार्टी हुई तो दोनों ने एक साथ ही पहुंचे और साथ में जमकर पोज दिए.

इस दौरान हर किसी का ध्यान कपल की ड्रेस पर गया जो एकदम ट्विनिंग था. जहां आदित्या ने काले रंग का कुर्ता पहना हुआ था. वहीं अनन्या पांडे ने ब्लैक ड्रेस पहनी थी. दोनो ने साथ में जमकर तस्वीरें क्लिक करवाई और साथ ही कैमरे के सामने एक दूसरे के साथ मस्ती करते हुए भी नजर आए.

# एक-दो नहीं, 42 फ्लॉप फिल्मों में अजय देवगन ने किया काम




**अजय देवगन** बॉलीवुड के सुपरस्टार्स में से एक हैं, उनकी फिल्म 'थैंक गॉड' 25 अक्टूबर को सिनेमाघरों में धूम मचाने के लिए तैयार है. वहीं उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 2' का ट्रेलर भी कुछ दिनों पहले ही लॉन्च कर दिया गया. फिल्म का फैंस को बेस्ब्री से इंतजार है. अजय देवगन को 'ताण्हाजी' के लिए बेस्ट एक्टर का नेशनल अवॉर्ड दिया गया, जिससे ये पता चलता है कि बॉलीवुड में आज भी उनकी फिल्में अच्छा प्रफॉर्म कर रही हैं. हालांकि हर समय एक जैसा नहीं होता, आपको जानकर हैरानी होगी कि अजय देवगन ने एक-दो नहीं बल्कि 42 फ्लॉप फिल्मों में काम किया है.

जी हां, इनमें से कई फिल्मों तो बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ रुपये भी नहीं कमा सकीं. अजय देवगन ने अपने करियर की शुरुआत सुपरहिट फिल्म 'फूल और कांटे' के साथ की थी. उन्होंने कई ब्लॉक बस्टर फिल्मों में काम किया, लेकिन कई फिल्मों उनके लिए बुरा सपना साबित हुईं. साल 2010 में अजय देवगन ने अपनी पत्नी और एक्ट्रेस काजोल के साथ फिल्म 'टूनपुर का सुपरहीरो' किया, हालांकि ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिर गई. फिल्म ने सिर्फ 3.5 करोड़ का बिजनेस किया.

वहीं, 2004 में आई फिल्म 'रेनकोट', 'ब्लैकमेल', 'परवाना', 'चोरी-चोरी', 'तक्षक', 'गैर', 'जख्म', 'बेदर्दी', 'धनवान' जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर 5 करोड़ भी कलेक्शन नहीं कर सकीं. हालांकि अजय देवगन ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में नए रिकॉर्ड कायम किए. 'फूल और कांटे' फिल्म को लोग आज भी पसंद करते हैं. अजय देवगन की अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो वो थैंक गॉड-दृश्यम 2 के अलावा सर्कस, भोला, मैदान और नाम जैसी फिल्मों में नजर आएंगे.

# ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा' देखकर उड़े कंगना रौनत के होश, कहा 'अब एक हफ्ते तक भूल नहीं पाऊंगी'





**कन्नड़ फिल्म** 'कांतारा' के चर्चे इन दिनों जमकर हो रहे हैं और हर कोई इस फिल्म का मुरीद हो गया है. फिल्म में ऋषभ शेट्टी की एक्टिंग की लोग जमकर तारीफ कर रहे हैं. कन्नड़ सिनेममा ने फिर से एक बार साबित कर दिया है कि वो कंटेट और कहानी के रेस में हर किसी से बेहद आगे हैं. डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी ने फिल्म कांतारा से सबका दिल जीत लिया है. पैन इंडिया फिल्म कांतारा जहां लोगों को पसंद आ रही हैं. वहीं इसने बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल किया है. तमाम फिल्म कलाकार ऋषभ की कांतारा की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. अब इस कड़ी में अगला नाम हिंदी सिनेमा की दमदार एक्ट्रेस कंगना रनौत का भी नाम जुड़ गया है. दरअसल कंगना ने फल्मि कांतारा की तारीफ करते हुए एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है, जो अब जमकर वायरल हो रहा है.


कंगना रनौत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरीज में एक वीडियो शेयर किया है. इसमें उन्होंने बताया कि वो अपनी फैमिली के साथ कांतारा देखकर वापस लौट रही हैं और उन्होंने ऋषभ शेट्टी की जमकर तारीफ की. कंगना रनौत ने वीडियो में कहा,'आज मैं अपने परिवार के साथ एक फिल्म देखकर आ रही हूं, जिसका नाम कांतारा है. ये फिल्म बेहद कमाल और शानदार थ्रिलर है. सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी आपने फिल्म में एक्टिंग, डायरेक्शन और राइटिंग से लेकर हर फील्ड में जान फूंकी है.

**कांतारा की मुरीद हुईं कंगना**

कंगना ने आगे कहा 'मैंने सिनेमाघर के बाहर लोगों के ये कहते हुए सुना है कि उन्होंने इस तरह की फिल्म को पहले कभी नहीं देखा है. मेरे हिसाब से इसे असली सिनेमा कहा जाना चाहिए है. वाकई कांतारा को देखकर मुझे बड़ा मजा आया है. आने वाले हफ्तों तक इस फिल्म का खुमार मेरे सिर से नहीं उतरने वाला है.' बता दें कि कर्नाटक में दैव नृत्य की परंपराओं पर इस फिल्म की कहानी बेस्ड है. 30 सितंबर को इसे कन्नड़ में रिलीज किया गया था जिसके बाद 14 अक्टूबर को इसने हिन्दी सहित अन्य भाषाओं में सिनेमाघरों में दस्तक दी है.

# सच हुआ परिणीति चोपड़ा का बरसों पुराना सपना, बोलीं- 'ये ना होता तो सिनेमा में मेरा सफर अधूरा होता'



**बॉलीवुड एक्ट्रेस** परिणीति चोपड़ा अपने फैंस के लिए बैक-टू-बैक फिल्में ला रही हैं. हाल ही में उनकी फिल्म 'कोड नेमः तिरंगा' रिलीज हुई है, जो सिनेमाघरों में धूम मचा रही हैं. उनकी लेटेस्ट फिल्म 'ऊंचाई' भी रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें अमिताभ बच्चन, अनुपम खेर, डैनी और बमन ईरानी नजर आने वाले हैं. दिग्गज फिल्म निर्माता सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित आगामी फिल्म 'ऊंचाई' में अमिताभ बच्चन के साथ नजर आने वाली अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा का मानना है कि मेगास्टार के साथ काम करने पर उनका कहना है कि अगर उन्हें उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिलता तो उनका सफर अधूरा रह जाता.


परिणीति कहती हैं, "यह आश्चर्यजनक है कि मुझे इस साल मिस्टर बच्चन के साथ काम करने का मौका मिल रहा है, जो कि उनका 80वां जन्म वर्ष है. यहां तक कि संभवतः सब कुछ हासिल करने के बाद भी, उन्हें सेट पर हर दिन आते देखना आश्चर्यजनक था. जैसे यह उनके करियर का पहला दिन था. सिनेमा के लिए उनके पास समर्पण, ड्राइव और जुनून अतुलनीय है और यही उन्हें अलग करता है. वह एक संस्था है और मैंने अपने बकेट लिस्ट से उनके साथ काम किया है, धन्यवाद ऊंचाई!

सिनेमा में मेरी यात्रा अधूरी होती अगर मुझे बच्चन सर के साथ काम करने का मौका नहीं मिलाता." वह आगे कहती हैं, "उंचाई के सेट पर मुझे उनके साथ बिताने का समय मेरे करियर के सबसे कीमती पलों में से एक है." बड़जात्या की 'ऊंचाई' में परिणीति महान अमिताभ बच्चन और अनुपम खेर, बोमन ईरानी, डैनी डेन्जोंगपा, सारिका और नीना गुप्ता जैसे शानदार अभिनय के साथ नजर आएंगी. फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है.

# कौन हैं 12 साल की रीवा अरोड़ा? लोग बोले- जवां दिखने के लिए लगवाया इंजेक्शन!

**सोशल मीडिया** पर इन दिनों एक 12 साल रीवा अरोड़ा खूब चर्चा में हैं, इंस्टाग्राम पर उनके 8 मिलियन से भी अधिक फॉलोअर्स है. इन दिनों रीवा का टीवी एक्टर करण कुंद्रा और अब सिंगर मीका सिंह के साथ उनका एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है. रीवा की क्यूटनेस और उनके वीडियोज देख लोग पहली नजर में ही इंप्रेस हो जाते हैं. हालांकि कई लोग रीवा को पहली बार देखने पर पहचान गए, लेकिन कुछ के लिए उन्हें





पहचान पाना आसान नहीं था. आपको जानकर हैरानी होगी कि रीवा को आपने एक बड़ी हिट फिल्म में देखा होगा.

रीवा अरोड़ा को लेकर खड़ा हुआ विवाद


सोशल मीडिया पर इन दिनों हर जगह रीवा की ही चर्चा है. कौन हैं रीवा और क्यों इतना सुर्खियों में हैं. इंटरनेट पर रीवा को लेकर कई तरह की बातें की जा ही हैं. कई यूजर्स ने आरोप लगाया है कि उनके माता-पिता रीवा का बचपन बर्बाद कर रहे हैं. रीवा के साथ करण कुंद्रा का वीडियो वायरल होने के बाद एक्टर को आलोचना का सामना करना पड़ रहा है. लोगों ने कहा कि उन्हें शर्म आनी चाहिए.

दरअसल, करण और रीवा ने एक वीडियो शूट किया , जिसका नाम 'अंखिया' है. वीडियो में रीवा अपने ब्वॉयफ्रेंड को धोखा देकर करण के साथ नजर आती हैं. वहीं करण को 12 साल की बच्चे के साथ रोमांस करता देख यूजर्स भड़क गए. उन्होंने सिर्फ करण पर ही नहीं बल्कि रीवा के पैरेंट्स पर भी अपना गुस्सा निकाला. कई लोगों ने सवाल किया है कि क्या रीवा को जल्दी यंग दिखने के लिए इंजेक्शन लगाया गया है? जिन्हें पता नहीं, उन्हें बता दें कि रीवा ने विकी कौशल की सुपरहिट फिल्म 'उरी' में उनकी भांजी का किरदार निभाया था.

बॉलीवुड के साथ हॉलीवुड में भी किया काम

इसके अलावा रीवा को जान्हवी कपूर की फिल्म 'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' में भी देखा गया था. वहीं, रणवीर कपूर की फिल्म "रॉकस्टार" और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'हसीना पार्कर' में भी रीवा ने काम किया है. श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' में भी वो काम कर चुकी हैं. आपको जानकर ताज्जुब होगा कि रीवा ने साल 2018 में आई हॉलीवुड फिल्म 'बेस्ट फ्रेंड्स' में भी काम किया है. रीवा, अभी 12 साल की है, लेकिन उनका ट्रांसफॉर्मेशन देख हर कोई हैरान है.

# शाहरुख की लाडली सुहाना को लोगों ने किया ट्रोल



**दीवाली के** मौके पर कई सेलेब्स अपने घर पर पार्टी रख रहे हैं. उनकी कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. हाल ही में इंडस्ट्री के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी अपने घर में एक पार्टी का आयोजन किया जहां कई फिल्मी हस्तियों ने शिरकत की. इससे पहले, आयुष्मान खुराना और उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने अपने घर पर पार्टी रखी थी. जिसके बाद रमेश तौरानी ने भी पार्टी दी थी.मनीष की इस पार्टी में शाहरुख खान की लाडली बेटी और पत्नी गौरी खान भी मौजूद थे.

सुहाना पर लोगों की नजर पड़ते ही उन्होंने ट्रोल करना शुरू कर दिया. दरअसल, सुहाना ने इस मौके पर अजीब सी साड़ी पहनी थी. जिसमें वो बहुत अनकम्फर्टेबल थीं. इस बीच कुछ लोगों ने अभिनेत्री की सराहना भी की. कुछ लोगों ने उन्हें सलाह देते हुए कहा कि उन्हें वही कपड़े पहनने चाहिए जिसमें वो कम्फर्टेबल हों. इस मौके पर सुहाना बेहद खूबसूरत लग रही थीं. एक यूजर ने दीपिका पादुकोण कहा तो वहीं एक ने कहा कि सुहाना कितनी सुंदर है. एक यूजर ने लिखा सुहाना पल्लू को बाहर निकालना भूल गई. दूसरे ने लिखा, "हे भगवान, वह न तो साड़ी संभाल सकती है और न ही प्रेस. वह बिल्कुल नर्वस और असहज है."

# 27 साल में इतनी बदल गई हैं काजोल की ऑनस्क्रीन बहन 'छुटकी', अब हो गई है हॉट

काजोल और शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' तो हर किसी ने देखी होगी, लोग आज भी राज और सिमरन के दीवाने हैं. इस फिल्म के गाने से लेकर डॉयलग तक लोगों के दिलों में आज भी जिंदा है. ऐसे में आज हम आपको मिलवाएंगे इस फिल्म के एक मुख्य किरदार से जो अब काफी बदल गया है वो कोई और नहीं बल्कि पर्दे पर काजोल के बहन का किरदार करने वाले एक्ट्रेस पूजा रूपारेल हैं.

एक्ट्रेस पूजा रूपारेल को देखकर आप भी कहेंगे की वक्त कितनी तेजी से आगे बढ़ गया है, पूजा ने फिल्म में काजोल की छोटी बहन छुटकी का रोल प्ले किया था, हालांकि 1995 के बाद वो पर्दे से दूर चली और उन्होंने साल 2015 में X: Past Is Present में काम किया था. इसके अलावा 2016 में गुजराती फिल्म 'पेला आधी अक्षर' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था, साथ ही वो स्क्रिप्ट राइटिंग भी हाथ आजमा चुकी हैं.

छुटकी यानी एक्ट्रेस पूजा रूपारेल अब 40 बरस की हो गई है और उन्हें अब पहचाना पाना बेहद मुश्किल हैं. पूजा भले ही इन दिनों बॉलीवुड से दूर हैं लेकिन वो सोशल मीडिया पर अपने बारे में जानकारी देती रहती हैं और तस्वीरें शेयर करती रहती हैं. आपके जानकर हैरानी होगी लेकिन ये सच है कि पूजा और सोनाक्षी मौसेरी बहनें हैं, दरअसल पूजा और सोनाक्षी की मां बहनें हैं. 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' में काजोल और शाहरुख खान के अलावा अमरीश पुरी, फरीदा जलाल, सतीश शाह, अनुपम खेर और मंदिरा बेदी समेत कई अहम किरदार थे।



एक्ट्रेस पूजा रूपारेल




# ऋषभ पंत ने महामुकाबले से पहले पिछले वर्ल्ड कप को किया याद



**भारतीय** विकेटकीपर ऋषभ पंत को उम्मीद है कि उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ 23 अक्तूबर को होने वाले मुकाबले में खेलने का मौका मिलेगा। पंत टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में हैं। दूसरे विकेटकीपर दिनेश कार्तिक भी दल में शामिल हैं। कार्तिक का शुरुआती मैचों में खेलना तय माना जा रहा है। वह कप्तान रोहित शर्मा की पहली पसंद हैं। इसके बावजूद पंत को लगता है कि टीम प्रबंधन उन्हें मौका दे सकता है।

पंत ने टी20 वर्ल्ड कप की वेबसाइट के हवाले से कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ खेलना खास होता है। उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में पिछली बार पाकिस्तान के खेला था। पंत ने कहा, "पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हमेशा खास होता है। इस मैटच को लेकर लेकर आपके आसपास हमेशा एक तरह का उत्साह होता है। सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि प्रशंसकों और सभी की भावनाएं जुड़ी होती हैं।"


भारतीय विकेटकीपर ने आगे कहा, "जब आप मैदान पर पहुंचते हैं तो अलग तरह का माहौल होता है। लोग हौसलाअफजाई करते हुए नजर आते हैं।" पंत ने पिछले मुकाबले (टी20 वर्ल्ड कप 2021) को याद करते हुए कहा, ₹उस समय भी बेहतरीन माहौल था और जब हम राष्ट्रगान गा रहे थे तब मेरे रोंगटे खड़े हो गए थे।"

### पंत ने कोहली को किया याद

पंत ने विराट कोहली को लेकर कहा कि उनका अनुभव दबाव से निपटने में मदद करता है। उन्हें उम्मीद है कि वह एक बार फिर पाकिस्तान के खिलाफ कोहली के साथ साझेदारी करेंगे। पिछली बार पंत और विराट ने 53 रनों की साझेदारी की थी। उस मैच में भारतीय विकेटकीपर ने 39 रन बनाए थे। कोहली ने अर्धशतक लगाया था। हालांकि, टीम इंडिया 10 विकेट से हार गई थी।

ऋषभ ने कहा, "विराट आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है। इससे आपको भविष्य में मदद मिल सकती है। उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा अच्छा होता है। अगर आपके साथ बहुत ज्यादा अनुभव रखने वाला खिलाड़ी बल्लेबाज करता है तो आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीकों के बारे में सीख मिलती है।"

## भारतीय टीम के लिए सुरेश रैना ने लिखा नोट



टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम जमकर तैयारी कर रही है। चाहे नेट्स में प्रैक्टिस हो या जिम में वर्कआउट, टीम कहीं भी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।

भारतीय समर्थक भी यही चाहते हैं कि भारत इस बार वर्ल्ड कप अपने नाम करे। इसी कड़ी में भारतीय दिग्गज सुरेश रैना ने भी टीम को शुभकामनाएं दी हैं। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

दरअसल, सुरेश रैना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर की है। इस वीडियो में उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक संदेश लिखते हुए देखा जा सकता है। पेपर पर संदेश लिखने के बाद वो उसे कैमरे की तरफ दिखाते भी हैं। इसमें रैना ने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए शुभकामनाएं लिखी हैं।

पेपर को कैमरे की तरफ दिखाने के बाद उन्होंने एक सिग्नेचर स्टाइल में अपने जांघ पर हाथ मारा, फिर हवा में एक हाथ खड़ा किया। इसके साथ ही उन्होंने अपनी पोस्ट की गई वीडियो में खास कैप्शन भी लिखा।

उन्होंने लिखा, भारतीय क्रिकेट टीम को आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए शुभकामनाएं। पूरा देश आपके साथ है, लड़कों अपना 100% दो और कप घर ले आओ।

उनके इस वीडियो पर फैंस कई तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। उनके एक फैन का कहना है कि वो रैना को वर्ल्ड कप में मिस करेंगे।

काफी जल्दी रिटायर हो गए। वहीं, इस मौके पर फैंस धोनी को भी याद कर रहे हैं। उनका कहना है कि धोनी और रैना के बिना यह वर्ल्ड कप अधूरा लगेगा।

# केएल राहुल की बल्लेबाजी के मुरीद हुए केविन पीटरसन

### कहा वो दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भारत के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल को दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज बताया है। केविन पीटरसन के मुताबिक केएल राहुल जिस तरह से बल्लेबाजी करते हैं वो उन्हें काफी पसंद है और वो काफी जबरदस्त शॉट्स लगाते हैं।

दरअसल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्म-अप मुकाबले में केएल राहुल ने बेहतरीन धुआंधार पारी खेली थी। केएल राहुल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए छठे ओवर में ही अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। उन्होंने मात्र 27 गेंदों में ही अर्धशतक पूरा किया। राहुल ने 33 गेंद पर 6 चौके और 3 छक्के की मदद से 57 रन बनाए। जिस तरह के शॉट्स केएल राहुल ने लगाए उसे देखकर लगा कि इस वक्त वो काफी बेहतरीन फॉर्म में हैं।



केएल राहुल इस वक्त दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं - केविन पीटरसन

केविन पीटरसन के मुताबिक केएल राहुल सही तकनीक के साथ बल्लेबाजी कर रहे हैं। मुझे केएल राहुल काफी पसंद हैं। मेरे हिसाब से इस वक्त वो दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज हैं। वो काफी जबरदस्त हैं। गेंद बाउंस, स्विंग और सीम हो रही है और वो काफी बेहतरीन तकनीक के साथ खेल रहे हैं। उनका ये तरीका ही सही है। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा था कि केएल राहुल टी20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज होंगे। आकाश चोपड़ा के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया की पिचें केएल राहुल को सूट करेंगी और इसी वजह से वो भारत के लिए इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बना सकते हैं।

आपको बता दें कि केएल राहुल ने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में वॉर्म-अप मैचों में अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में 74 रनों की पारी खेली थी और इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी धुआंधार अर्धशतक लगाया था।

## मैं आपको लिख कर दे सकता हूं कि पाकिस्तान नहीं जाएगी टीम इंडिया : पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा का कहना है कि वो लिखकर दे सकते हैं कि भारत अगले साल एशिया कप टूर्नामेंट के लिए के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा लेकिन पाकिस्तान निश्चित रूप से वनडे विश्व कप खेलने के लिए भारत आएगा. भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह , जो कि एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष भी हैं, ने हालिया बयान में पुष्टि की थी कि भारत 2023 में एशिया कप के अगले सीजन के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा. शाह के इस बयान के बाद से बीसीसीआई और पीसीबी लॉगरहेड्स आपस में भिड़ गए हैं. पीसीबी ने दावा किया कि बीसीसीआई ने ये बयान एसीसी सदस्यों के साथ बिना किसी चर्चा के दिया गया था, जिसकी पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों ने तीखी आलोचना की. पीसीबी ने वास्तव में कड़े शब्दों में लिखे एक पत्र में अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से हटने की धमकी दी और कहा कि



पाकिस्तान की यात्रा नहीं करने के भारत के कदम का दोनों पड़ोसियों के बीच क्रिकेट संबंधों पर असर पड़ सकता है.

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटरों के बाद अब भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज चोपड़ा ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी है. उन्होंने कहा कि वो 'लिखित में' दे सकते हैं कि भारत अगले साल होने वाले एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा लेकिन पाकिस्तान वनडे वर्ल्ड कप खेलने भारत जरूर आएगा. चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, "एशिया कप बिल्कुल नहीं हो सकता है अगर भारत भाग नहीं लेता है, तो कोई मौका नहीं है. विश्व कप की तुलना में एशिया कप एक छोटा टूर्नामेंट है. विश्व कप छोड़ने का मतलब है कि आप आईसीसी द्वारा (भाग लेने वाले देशों के साथ) राजस्व की एक बड़ी राशि को छोड़ देंगे. मामला ये है कि कौन पहले झुकता है. इसलिए मैं इसे गंभीरता से नहीं ले रहा हूं. मुझे लगता है कि एशिया कप 2023 एक न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किया जाएगा." भारत को 'एसीसी का बड़ा भाई' करार देते हुए चोपड़ा ने ये भी दावा किया कि बीसीसीआई परिषद का एकमात्र सदस्य है जो पैसे नहीं लेता है, बल्कि इसे अन्य बोर्ड्स में बांट देता है. उन्होंने कहा, "बेशक, एसीसी एक संघ है. लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि भारत एसीसी से एक पैसा भी नहीं लेता है. हर कोई (एसीसी) खजाने से एक निश्चित राशि लेता है, चाहे 40 लाख हो या 80 लाख, लेकिन भारत इसके बदले उनकी राशि बांट देता है." चोपड़ा ने कहा, "भारत एसीसी में एक बड़े भाई की भूमिका निभा रहा है. टीम पाकिस्तान की यात्रा नहीं कर सकती है, तो मैं आपको ये लिखित रूप में दे सकता हूं कि भारत नहीं करेगा. एशिया कप भी एक तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाएगा. और पाकिस्तान भी विश्व कप (भारत में) खेलने के लिए निश्चित रूप से आएगा... ये सब लिखित में लें. इन सभी चीजों की गारंटी है."

# भारतीय महिला स्पिनर एकता बिष्ट ने मचाया कोहराम



**भारतीय** महिला क्रिकेटर एकता बिष्ट ने एक शानदार रिकॉर्ड अपने नाम किया है। उन्होंने सीनियर टी20 चैंपियनशिप में कमाल का प्रदर्शन करते हुए सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है।

## टी20 मैच में झटके सात विकेट, हैट्रिक लेकर रचा इतिहास

एकता ने उत्तराखंड से खेलते हुए झारखंड के खिलाफ चार ओवर में सिर्फ आठ रन खर्च करते हुए सात विकेट झटके। इसमें हैट्रिक भी शामिल है। इसके साथ ही एकता ने एक रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। महिला सीनियर टी20 चैंपियनशिप में इतने कम रन देकर किसी भी गेंदबाज ने एक स्पेल में इतने विकेट हासिल नहीं किए हैं।

एकता की शानदार गेंदबाजी की बदौलत उत्तराखंड ने झारखंड को 10 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड ने 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 107 रन बनाए। जवाब में झारखंड की टीम 97 रन पर सिमट गई। एकता को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। एकता ने 19वें ओवर में हैट्रिक के दौरान देवयानी, पूनम राउत और प्राजक्ता को लगातार तीन गेंदों पर पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में उनके खाते में कुल चार विकेट आए।

एकता फिलहाल भारतीय टीम से बाहर चल रही हैं। उन्होंने भारत के लिए 63 वनडे, 42 टी20 और एक टेस्ट खेला है। वनडे में एकता ने 98 विकेट, टी20 में 53 और टेस्ट में तीन विकेट लिए हैं। एकता मिताली राज की उस टीम का हिस्सा थीं जो 2017 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची थी। भारतीय टीम में फिलहाल दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, हेमलता, राजेश्वरी गायकवाड़ और राधा यादव जैसी स्पिनर शामिल हैं। ऐसे में एकता का यह प्रदर्शन उन्हें टीम इंडिया के लिए मजबूत दावेदार बना रहा है।

एकता के नाम कई और रिकॉर्ड हैं। वह टी20 विश्व कप में हैट्रिक लेने वाली पहली भारतीय महिला गेंदबाज हैं। वनडे विश्व कप क्वालिफायर और वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ पांच-पांच विकेट लेने वाली वह इकलौती महिला गेंदबाज हैं।

एकता ने जून 2011 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी। यह एक टी20 मैच था। इसके बाद उन्होंने जुलाई 2011 में वनडे और 2014 में टेस्ट में डेब्यू किया।

# पंत और कार्तिक दोनों को टीम इंडिया में किया जा सकता है शामिल, सुनील गावस्कर ने बताया प्लान



भारतीय टीम 23 अक्तूबर को टी20 वर्ल्ड कप में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। टीम इंडिया यह मैच पाकिस्तान के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेलेगी। इसके लिए कप्तान रोहित शर्मा ने प्लेइंग-11 तैयार कर रखा है। उन्होंने इस बारे में कई बार जिक्र भी किया है। हालांकि, टीम मैनेजमेंट के लिए सबसे बड़ी परेशानी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और ऋषभ पंत में से किसी एक को चुनना है। हालांकि, महान सुनील गावस्कर को लगता है कि भारत आगामी टी20 विश्व कप में दोनों को मौका दे सकता है, लेकिन इसके लिए एक बेहतर प्लान तैयार करना होगा। गावस्कर ने उस प्लान के बारे में भी बताया है।

73 वर्षीय गावस्कर ने एक शो के दौरान कहा- अगर टीम इंडिया छह गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरती है तो हार्दिक पांड्या छठे गेंदबाज होंगे। ऐसे में पंत को जगह नहीं मिलेगी। हालांकि, अगर टीम मैनेजमेंट पांचवें गेंदबाज के रूप में हार्दिक पांड्या के साथ जाने का फैसला करते हैं, तो ऋषभ पंत के पास छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका है और कार्तिक शायद सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आएं। ऐसे में चार मुख्य गेंदबाज खेलेंगे। खैर यह तो देखने वाली बात होगी।

### ऋषभ पंत और दिनेश कार्तिक

गावस्कर ने कहा कि वह निश्चित रूप से भारतीय मध्यक्रम में एक बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहते हैं। गावस्कर ने कहा- भारत के शीर्ष चार जो कि इतने अच्छे फॉर्म में हैं, उन्हें देखकर आप कभी-कभी खुद से कहते हैं कि ऋषभ पंत कितने ओवर में मैदान में आएंगे? क्या उन्हें तीन या चार ओवर मिल पाएंगे? आखिरी तीन या चार ओवर के लिए, कार्तिक या ऋषभ में से कौन बेहतर है? इसलिए, ये सभी ऐसी स्थितियां हैं जिन पर टीम मैनेजमेंट गौर करेगा और वे इस पर निर्णय लेंगे।

गावस्कर ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बारे में भी बात की और कहा कि वह इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में वह पूरी तरह से फिट दिखे। शाहीन ने इंग्लैंड के खिलाफ प्रैक्टिस मैच में वापसी की और दो ओवर में सात रन दिए। शाहीन चोट की वजह से एशिया कप में नहीं खेले थे। गावस्कर ने कहा- मुझे लगता है कि पाकिस्तान की मुख्य चिंता यही थी। शाहीन की फिटनेस को लेकर और वह कब तक फिट होंगे इस पर पाकिस्तान के खिलाड़ी चिंतित थे। निश्चित रूप से शाहीन ने जिन दो ओवरों में गेंदबाजी की, उन्होंने दिखाया कि वह पूरी तरह से फिट हो गए हैं। तो यह तो स्पष्ट है कि पाकिस्तान का एक सिरदर्द चला गया है।

# हिजाब पहने बिना खेलकर लूटी थी वाहवाही, अब उस एथलीट को मांगनी पड़ी माफी

कुछ दिनों पहले ईरान की एक एथलीट एल्नाज रेकाबी लापता बताई जा रही थीं। दरअसल, एल्नाज ने दक्षिण कोरिया के सियोल में एशियन क्लाइम्बिंग कॉम्पिटीशन में बिना हिजाब के हिस्सा ले लिया था। इसके बाद से कई विवाद सामने आए थे और वह लापता बताई जा रही थीं। हालांकि, अब वह तेहरान पहुंच चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एल्नाज को हिजाब नियमों के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार भी किया जा सकता है।

टूर्नामेंट के बाद एल्नाज के दोस्तों ने कहा था कि रविवार के बाद से उनसे संपर्क नहीं हो पाई है। यह भी कहा जा रहा था कि तेहरान जाने वाले विमान में सवार होने से पहले उनका पासपोर्ट और मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए थे। इसके बाद दुनियाभर में एल्नाज की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही थी। हालांकि, तेहरना पहुंचने के बाद एल्नाज का जबरदस्त स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में प्रशंसकों ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। एल्नाज का परिवार भी एयरपोर्ट पहुंचा था और उन्हें गले लगा लिया था। इस दौरान लोगों ने एल्नाज नायिका हैं के नारे भी लगाए। साथ ही उनके लिए तालियां भी बजाईं।

### क्यों चर्चा में आईं एल्नाज रेकाबी?

दरअसल, दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में एशियन क्लाइम्बिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एल्नाज ईरान के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल थीं। इसमें आठ एथलीट और तीन



कोच शामिल थे। एथलीट एल्नाज ने बिना हिजाब के हिस्सा लिया था। एल्नाज की हिजाब के बिना रॉक क्लाइम्बिंग की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। इसको लेकर दुनियाभर में उनकी सराहना हुई थी। हालांकि, ईरान में महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य होने की वजह से उनकी सुरक्षा की चिंता बढ़ गई थी।

### एल्नाज ने क्या सफाई दी थी?

इसके बाद एल्नाज ने सफाई देते हुए कहा था कि उन्होंने हिजाब उतारा नहीं था, बल्कि खेल के दौरान अचानक ही उनका हिजाब उतर गया था। यह एक दुर्घटना थी। माना जा रहा था कि ईरान सरकार के दबाव में उन्होंने यह सफाई दी थी और खुद एल्नाज अपनी सुरक्षा को लेकर डरी हुई हैं। दरअसल, एल्नाज का यह मामला तब उठा है जब ईरान में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन हो रहा है। ईरान की महिलाओं को विदेश में किसी भी समारोह में या प्रतियोगिता में हिजाब पहनना अनिवार्य है। एल्नाज इससे पहले हर प्रतियोगिता में हिजाब पहनकर ही खेली थीं, लेकिन इस बार बिना हिजाब के खेलने से उनकी मुश्किलें बढ़ गईं।

### मानवाधिकार संगठनों ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई

हालांकि, दुनियाभर के मानवाधिकार संगठनों ने एल्नाज की तारीफ करते हुए कहा है कि उन्होंने महिला सशक्तीकरण का सटीक उदाहरण दिया है। इनमें अमेरिका के एक मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स ने भी इसकी तारीफ की थी। साथ ही एमनेस्टी इंटरनेशनल ने भी एल्नाज के कदम को सराहा था। हालांकि, कई मानवाधिकार संगठनों ने उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता भी जाहिर की थी। मीडिया रिपोर्ट्स में भी एल्नाज को लेकर कई बातें सामने आई हैं। एक विदेशी पत्रकार की रिपोर्ट के हवाले से बताया गया है कि तेहरान पहुंचने पर जल्द ही एल्नाज को हिरासत में लिया जा सकता है।

### क्या एल्नाज को जेल भेजा जाएगा?


बताया जा रहा था कि एल्नाज को ईरान पहुंचने पर डिटेन कर जेल भेजा जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इविन जेल में उन्हें बंद किया जा सकता है। यह जेल राजनीतिक कैदियों और सरकार विरोधियों को बंद करने के लिए मशहूर है। हाल ही में इस जेल में आग लगी थी और इसमें कई कैदियों की मौत भी हो गई थी। इसी में एल्नाज को रखने की बात हो रही है।

### ईरान में क्यों हो रहा हिजाब का विरोध?

दरअसल, बीते महीने महसा



अमीनी नाम की एक महिला की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी। इसी के बाद से ईरान समेत दुनियाभर में हिजाब के विरोध में प्रदर्शन हो रहे हैं। हिजाब का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजना शुरू कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रदर्शन में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। महिलाएं हिजाब उतारकर और बाल कटवाकर इसका विरोध कर रही हैं। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने भी अपने बाल काटकर ईरानी महिलाओं का समर्थन किया था।



## जीएसटी पोर्टल में दिक्कत, कारोबारियों को रिटर्न फाइल करने का मिला एक और मौका

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जीएसटी पोर्टल में कुछ तकनीकी गड़बड़ियों के कारण करदाताओं को अपना मासिक माल और सेवा कर रिटर्न दाखिल करने के लिए एक दिन का अतिरिक्त समय मिला है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। कब तक थी डेडलाइनः सीबीआईसी ने बताया कि सितंबर 2022 के लिए जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 20 अक्टूबर, 2022 थी, जिसे बढ़ाकर 21 अक्टूबर 2022 किया गया है।




इसका मतलब ये हुआ कि आज यानी 21 अक्टूबर को रात 12 बजे तक आप जीएसटीआर-3बी रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। बता दें कि हर बार कारोबारियों को पिछले महीने के लेनदेन का विवरण अगले महीने की 20 तारीख तक बिना किसी दंड के दाखिल कर देना होता है। पोर्टल में थी दिक्कतः एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि कई करदाताओं द्वारा इस मुद्दे को उठाए जाने के बाद डेडलाइन एक दिन के लिए बढ़ाने का फैसला लिया गया है। पोर्टल की दिक्कत एक वास्तविक चिंता थी जिसे गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स नेटवर्क ने भी स्वीकार किया है। इससे पहले पोर्टल बनाने वाली आईटी कंपनी इंफोसिस ने गुरुवार को कहा था कि तकनीकी टीम समस्या के समाधान के लिए काम कर रही है। कर विशेषज्ञों ने कहा कि पोर्टल में तकनीकी समस्या अचानक आई।

# ट्रस के इस्तीफे का असर भारत-यूके व्यापार पर:भारत अभी नए पीएम का इंतजार करेगा, इसके बाद आगे बढ़ेगी ट्रेड डील

लंदन/नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने 20 अक्टूबर को इस्तीफा दे दिया। वो अपने 45 दिन के कार्यकाल के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता नहीं करा सकीं। इस पर भारतीय केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यह समझौता पटरी पर है और भारत वहां हो रहे सियासी बदलाव के खत्म होने का इंतजार करेगा। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा- भारत-ब्रिटेन फ्री ट्रेड अग्रीमेंट सही दिशा में जा रहा है। हमें देखना होगा कि ब्रिटेन में आगे क्या होता है। क्या वहां लीडरशीप में जल्द बदलाव होता है या पूरी प्रक्रिया चलेगी। ब्रिटेन में चल रहे राजनीतिक घटनाक्रम को देखते हुए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा की कौन पद संभालेगा इसके




बाद ही एफटीए पर आगे बढ़ेंगे। ट्रस ने वादा किया था कि वे दीवाली तक भारत के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करेंगी। उन्होंने कहा था- मैं इस सौदे में जीवन विज्ञान, टेक्नोलॉजी और कृषि शामिल करने की कोशिश करूंगी। उन्होंने भारत के साथ रक्षा और व्यापार संबंधों को और गहरा करने की बात भी कही थी। भारत के साथ ब्रिटेन के संबंध मजबूत हैं। ब्रिटेन ने 2004 में भारत के साथ एक रणनीतिक साझेदारी शुरू की थी। वह आतंकवाद, परमाणु गतिविधियों, और नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत के साथ है। ब्रिटेन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद यानी यून में भारत की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है। इस पर गोयल ने कहा- जो भी सरकार में आएगा वह हमसे बात करना चाहेगा। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता निष्पक्ष होने चाहिए। यह समझौता दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा। जब तक दोनों देश इस समझौते से संतुष्ट नहीं होंगे, तब तक समझौता नहीं होगा। इसलिए हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा, लेकिन मुझे विश्वास है कि ब्रिटेन, कनाडा, यूरोपीस संघ के साथ हमारे एफटीए की जल्द ही घोषणा हो सकती है।ब्रिटेन में भारतीय मूल के 15 लाख लोग हैं, जो वहां की जीडीपी में 6% का योगदान देते हैं। ब्रिटेन में करीब 1 लाख भारतीय छात्र पढ़ते हैं।

ब्रिटेन और भारत के बीच बीते दो दशक में व्यापार 3 गुना बढ़ा है। बीते साल भारत ने 51,054 करोड़ का आयात किया, जबकि निर्यात 79,000 करोड़ रुपए रहा। सेवा क्षेत्र को मिलाकर कारोबार 3.81 लाख करोड़ रुपए है। एक हफ्ते से भारी दबाव का सामना कर रहीं ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने आखिरकार गुरुवार को इस्तीफे का ऐलान कर दिया।

# त्योहारी सीजन में नहीं सताएगी प्याज और दालों की महंगाई... दिसंबर तक कीमतें नहीं बढ़ेंगी

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सरकार ने कहा कि त्योहारी सीजन में लोगों को प्याज और दालों की महंगाई नहीं सताएगी। पर्याप्त बफर स्टॉक होने की वजह से प्याज और दालों की कीमतें दिसंबर तक नहीं बढ़ेंगी। उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के पास 2022-23 के लिए 2.5 लाख टन से ज्यादा प्याज का भंडार है। इसमें 54 लाख टन प्याज राज्यों को जारी किया गया है। दालों के मामले में उन्होंने कहा कि देश में उड़द, मूंग और मसूर का बफर स्टॉक 43 लाख टन से अधिक है।



विभिन्न राज्यों की मांग को देखते हुए 20-27 लाख टन दालों का आयात किया गया है। इसके अलावा, मध्याह्न भोजन और अन्य कल्याणकारी योजना के लिए केंद्र ने बाजार कीमत से 8 रुपये कम दाम पर राज्यों को करीब 88,000 टन चना दाल की आपूर्ति की है। सचिव ने कहा कि प्याज की अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत पिछले साल के मुकाबले 28 फीसदी घटी है।

**बेमौसम बारिश का मामूली असर**

सचिव ने कहा कि बेमौसम बारिश का खरीफ प्याज उत्पादन पर मामूली असर हुआ हो सकता है, लेकिन, बफर स्टॉक होने के कारण हम इस कमी को दूर करेंगे। उन्होंने कहा, स्थानीय इलाकों में कीमतों के आधार पर बफर स्टॉक से प्याज बाजार में उतारा जा रहा है। राष्ट्रीय बफर स्टॉक से अब तक 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को लगभग 54,000 टन प्याज जारी किया गया है।

## अक्टूबर के पहले हफ्ते 18% बढ़ी लोन डिमांड

**त्योहारी सीजन में बैंकों ने 15 दिन में बांटे 2.31 लाख करोड़ के कर्ज**

मुंबई, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारों में जोरदार डिमांड का असर बैंकिंग सेक्टर पर नजर आ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 7 अक्टूबर तक बैंकों से 128.6 लाख करोड़ रुपए के लोन उठाए गए। यह बीते साल अक्टूबर के पहले हफ्ते तक उठाए गए लोन से करीब 18% ज्यादा है। बैंकों से लोन उठाने की रफ्तार सिर्फ सालाना आधार पर नहीं बढ़ी है। मसलन, 23 सितंबर तक बैंकों से कुल 126.29 लाख करोड़ रुपए के लोन उठाए गए थे। इस हिसाब से 7 अक्टूबर को खत्म पखवाड़े में भी बैंक क्रेडिट 2.31 लाख करोड़ रुपए बढ़ा, जो 1.82% ग्रोथ दर्शाता है।

# कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी का होगा बंटवारा

## 4 हिस्सों में बंटेगी कंपनी, एडमिनिस्ट्रेटर का प्रपोजल

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर है कि रिलायंस कैपिटल को चार हिस्सों में बांटा जा सकता है। कंपनी के एडमिनिस्ट्रेटर ने यह प्रस्ताव रखा है। दरअसल, रिलायंस कैपिटल के प्रशासक ने कंपनी को चार मुख्य निवेश कंपनियों में विभाजित करने का प्रस्ताव दिया है। इससे कंपनी का स्ट्रक्चर पूरी तरह बदल जाएगा। बता दें कि रिलायंस कैपिटल दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही है। इसके लिए इसके शेयरों की ट्रेडिंग पिछले एक महीने से बंद है।कर्ज में डूबी कंपनी के लिए बोली प्रक्रिया पहले से ही अंतिम फेज में है। रिलायंस कैपिटल के




जनरल इंश्योरेंस और लाइफ इंश्योरेंस वेंचर्स को खरीदने की लिस्ट में चार कंपनियां पिरामल, ज्यूरिख, एडवेंट प्राइवेट इक्विटी और आदित्य बिड़ला कैपिटल शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिलायंस कैपिटल के एडमिनिस्ट्रेटर ने आरबीआई को लेटर लिखकर प्रस्ताव पर अपनी राय/ मंजूरी मांगी है। आरबीआई के मौजूदा नियमों के तहत एक कंपनी में एक से अधिक सीआईसी की अनुमति नहीं है। इसलिए, रिलायंस कैपिटल सीआईसी में से 4 सीआईसी के पुनर्निर्माण के लिए आरबीआई की हरी झंडी की आवश्यकता होगी। प्रस्तावित चार सीआईसी हैंः रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी (आरजीआईसी), रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (आरएनएलआईसी), आरसीएपी के अन्य सभी कारोबार, जिनमें रिलायंस सिक्योरिटीज, एआरसी, प्राइवेट इक्विटी, इन्वेस्टमेंट रियल एस्टेट, रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस और रिलायंस होम फाइनेंस आदि शामिल हैं। आरबीआई नियम के मुताबिक सीआईसी एक एनबीएफसी है जो शेयरों और सिक्योरिटीज के अधिग्रहण का कारोबार करती है।

# दिवाली से पहले बाजार में लगातार 6वें दिन तेजी

## सेंसेक्स 104 अंक बढ़कर 59,307 पर बंद, निफ्टी 12 अंक चढ़ा; बैंकों के शेयर्स सबसे ज्यादा बढ़े

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में हफ्ते के पांचवें और आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को तेजी देखने को मिली। दिवाली से पहले लगातार 6वें कारोबारी दिन मार्केट में यह तेजी आई। सेंसेक्स 104 अंकों की तेजी के साथ 59,307 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 12 अंक बढ़कर 17,576 के स्तर पर पहुंचा। सेंसेक्स के 30 में से 13 शेयरों में तेजी देखने को मिली। वहीं 17 शेयरों में गिरावट रही।एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अपोलो हॉस्पिटल, टाइटन, ओएनजीसी समेत 21 शेयर्स निफ्टी-50 के गेनर्स रहे। वहीं बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, डिविस लैब, अडाणी पोर्ट्स, यूपीएल, एलटी और इंडसइंड बैंक समेत 29 शेयर्स निफ्टी के लूजर्स रहे। एनएसई के सभी 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 5 में तेजी देखने को मिली। बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, प्राइवेट बैंक, पीएसयू बैंक




और रियल्टी सेक्टर में तेजी रही। वहीं आईटी, मेटल, ऑटो, एफएमसीजी, मीडिया और फार्मा सेक्टर में गिरावट रही। वहीं सर्राफा बाजार में आज सोने में गिरावट और चांदी में तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट सोना 50,062 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। चांदी की बात करें तो ये 55,555 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 4 पैसे मजबूत हुआ है। शेयर बाजार में हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को तेजी देखने को मिली थी। सेंसेक्स 95 अंकों की तेजी के साथ 59,202 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 51 अंक बढ़कर 17,563 के स्तर पर पहुंचा था।

## इलाज के 6 माह बाद भी भुगतान नहीं:अस्पतालों के 1300 करोड़ रु. बकाया

**3 लाख मामलों में पेमेंट नहीं**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के कर्मचारी और पेंशनर्स का सेंट्रल गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम के तहत निजी अस्पतालों में कैशलेस इलाज होता है। लेकिन अस्पतालों को स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से इलाज के बाद भी भुगतान में देरी हो रही है। इस वजह से अस्पताल अब सीजीएचएस से रजिस्ट्रेशन खत्म कर रहे हैं। इसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। वे इलाज के लिए भटक रहे हैं। अभी सीजीएचएस के पास 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है। 38 लाख मरीजों के इलाज के बाद करीब 3100 करोड़ रुपए का क्लेम भेजा गया। इसमें से अभी तक करीब 29 लाख क्लेम की कुल 1756 करोड़ रुपए अदायगी की गई है। अभी भी निजी अस्पतालों के 1300 करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया लंबित है। देश में करीब 42 लाख लोग ऐसे हैं, जिन्हें सीजीएचएस का लाभ मिल रहा है। 1.3 लाख से ज्यादा ऐसे मामले भी हैं, जिसमें मरीज का इलाज हुए एक वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है। उनका 103 करोड़ रुपए का भुगतान अभी तक सीजीएचएस की ओर से नहीं किया गया है।

इलाज के छह माह से एक वर्ष होने के बाद भी दो लाख से ज्यादा मामलों में 230 करोड़ रुपए का पेमेंट सीजीएचएस की ओर से नहीं किया गया है। एक लाख से ज्यादा ऐसे मरीज हैं, जिनके इलाज के तीन से छह माह बीत गए हैं, लेकिन 164 करोड़ रुपए का पेमेंट नहीं हो पाया है। वहीं, इलाज के 90 दिन बाद भी 4 लाख से ज्यादा मामलों में 305 करोड़ का पेमेंट नहीं किया गया है।

# सोने-चांदी के भाव में बड़ी गिरावट

## दिवाली-धनतेरस के पहले 373 रु. हुआ सस्ता

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। धनतेरस-दिवाली से पहले सोना खरीदने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी। सोना सस्ता होकर अब 50000 के नीचे आ गया है। वहीं, चांदी के भाव भी टूटे हैं। सर्राफा बाजारों में



आज यानी शुक्रवार को सोने-चांदी के भाव में गिरावट नजर आ रही है। आईबीजेए द्वारा जारी रेट के मुताबिक धनतेरस से पहले 24 कैरेट सोने का भाव 373 रुपये सस्ता होकर 49855 रुपये पर खुला। वहीं, चांदी 467 रुपये प्रति किलो सस्ती होकर 55800 रुपये पर आ गई। बता दें आईबीजेए द्वारा जारी यह औसत रेट है, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है कि आपके शहर में सोना-चांदी इस रेट से 500 से 2000 रुपये तक महंगा या सस्ता बिक रहे हों। अगर सर्राफा बाजारों के रेट की बात करें तो अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 6399 रुपये सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 20208 रुपये सस्ती है। जीएसटी समेत 24 कैरेट सोने का भाव 51350 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है। 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब जीएसटी के साथ 51144 रुपये पर है। आज यह 49655 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इसपर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 56269 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 60000 रुपये के पार पहुंच जाएगा।

22 कैरेट गोल्ड की कीमत 45667 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 प्रतिशत जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 47037 रुपये है। इसमें 85 प्रतिशत गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 60000 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड का रेट 37391 रुपये पर है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 38512 रुपये हो गई है। इसमें 75 प्रतिशत ही सोना होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़क कर करीब यह 48000 रुपये पड़ेगा। 14 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 29165 रुपये प्रति 10 ग्राम है। इसमें जीएसटी जोड़ लें तो इस सोने का भाव 30039 रुपये पर पहुंच गया है।

## शॉपिंग क्रेजी हुए पुरुष:दिवाली पर 62% पुरुष, 55% महिलाएं खरीदारी के मूड में


**2 लाख करोड़ रुपए पार करेगा मार्केट**

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। कोविड लॉकडाउन ने पिछले दो साल से दिवाली को भले ही फीका रखा हो, लेकिन इस बार भारतीय दिल खोलकर शॉपिंग कर रहे हैं। दुनिया भर में मंदी और युद्ध के डर के साए में जी रहे लोग खरीदारी को तरजीह नहीं दे रहे। मगर भारत में इसका उल्टा ही रुझान है। यहां फेस्टिवल सीजन के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि खरीदारी के मामले में पुरुषों ने महिलाओं को पीछे छोड़ दिया है। 62 फीसदी पुरुष दिवाली पर खरीदारी के मूड में हैं, जबकि 55 फीसदी महिलाएं शॉपिंग को तैयार हैं। इस बार जितनी रौनक दुकानों और बाजारों में दिखाई दे रही है उससे कहीं ज्यादा उत्साह ऑनलाइन खरीदारी की तरफ दिखाई पड़ रहा है।

# बीती दिवाली से अब तक 70% आईपीओ से मुनाफा:एक साल में कंपनियों ने जुटाए 95,000 करोड़

## 44 में से 31 के शेयर इश्यू प्राइस से ऊपर रहे

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछली दिवाली से अब तक आए आईपीओ ने निवेशकों को जोरदार रिटर्न दिया है। प्राइम डेटाबेस के मुताबिक, पिछली दिवाली से अब तक 44 कंपनियों ने आईपीओ लाकर बाजार से 95,000 करोड़ रुपए जुटाए हैं। इनमें से 31 कंपनियों के शेयर इश्यू प्राइस से ऊपर ट्रेड कर रहे हैं। अडाणी विल्मर के शेयर 8 फरवरी को लिस्ट हुए। रिटर्न देने के मामले में इसका प्रदर्शन सबसे उम्दा रहा है। ओपनिंग के दिन इसने 15% बढ़त दर्ज की थी। फिलहाल ये इश्यू प्राइस से 187% ऊपर है। वेरांडा लर्निंग सॉल्यूशंस इस मामले में दूसरे स्थान पर है। लिस्टिंग के दिन इसमें 18% तेजी आई थी। अब तक यह 137%




चढ़ चुका है। डेटा पैटर्न्स के शेयर 29% प्रीमियम पर लिस्ट हुए थे। अब तक यह इश्यू प्राइस से 120% तक बढ़त हासिल कर चुका है। वीनस पाइप्स एंड ट्यूब्स ने भी लिस्टिंग के दिन 8% बढ़त हासिल की थी और अब यह 104% ऊपर चल रहा है। कैम्पस एक्टिववेयर, गो फैशंस इंडिया, मेट्रो ब्रांड्स और लेटेंट व्यू एनालिटिक्स का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक, बीती दिवाली से अब तक आईपीओ का प्रदर्शन को देखें तो खपत आधारित कंपनियों के शेयर रिटर्न देने में आगे रहे हैं। जबकि ऊंचे वैल्युएशन वाले टेक कंपनियों, खास तौर पर फिनटेक सेक्टर के आईपीओ बाजार में संघर्ष करते नजर आ रहे हैं। टेक सेगमेंट में डेटा पैटर्न्स और लेटेंट व्यू एनालिस्टिक्स अच्छे टेक शेयर हैं और फायदे में चल रहे हैं।पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस अब तक का दूसरा सबसे बड़ा आईपीओ लेकर आई थी। लेकिन लिस्टिंग के दिन इसका प्रदर्शन सबसे खराब रहा। यह शेयर अब भी निवेशकों का ध्यान आकर्षित करने में कामयाब नहीं हो पाया है। सबसे बड़ा आईपीओ लाने वाली एलआईसी का शेयर भी संघर्ष कर रहा है।

# दिग्गज इनवेस्टर सचिन बंसल ने खरीदे पेपर कंपनी के 18 लाख शेयर,350% चढ़ चुका है शेयर

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिग्गज इनवेस्टर सचिन बंसल ने एक पेपर स्टॉक पर बड़ा दांव लगाया है। यह शेयर वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड का है। चालू वित्त वर्ष की सितंबर



तिमाही में सचिन बंसल ने वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड के 18 लाख शेयर खरीदे हैं और कंपनी में उनकी हिस्सेदारी 2.73 पर्सेंट है। ट्रेंडलाइन के डेटा के मुताबिक, जून 2022 तिमाही के आखिर में सचिन बंसल की 4 कंपनियों में हिस्सेदारी थी। वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयर खरीदने के बाद सचिन बंसल के पोर्टफोलियो में यह दूसरा पेपर स्टॉक हो गया है। बंसल के पास जेके पेपर के भी शेयर हैं। वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड के सितंबर 2022 तिमाही के शेयरहोल्डिंग पैटर्न के मुताबिक, सचिन बंसल के पास इंडीविजुअल कैपेसिटी में कंपनी के 18 लाख शेयर हैं। कंपनी में उनका स्टेक 2.73% है। हालांकि, जून 2022 तिमाही के शेयरहोल्डिंग डेटा में सचिन बंसल का नाम इं डी वि जु अ ल शेयरहोल्डर्स की लिस्ट में नहीं था। इससे यह स्पष्ट है कि बंसल ने सितंबर तिमाही में कंपनी में शेयर खरीदे हैं। हालांकि, अभी यह क्लीयर नहीं है कि सचिन बंसल ने वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयर एक बार में खरीदे हैं या सितंबर तिमाही के दौरान टुकड़ों में यह शेयर खरीदे गए हैं। वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स लिमिटेड के शेयरों ने इस साल अब तक जबरदस्त रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों ने इस साल अब तक 149 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। साल की शुरुआत में यानी 3 जनवरी 2022 को बीएसई पर कंपनी के शेयर 234.95 रुपये के स्तर पर थे। कंपनी के शेयर 21 अक्टूबर 2022 को बीएसई में 585 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। पिछले दो साल में वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयरों ने 350 पर्सेंट का रिटर्न इनवेस्टर्स को दिया है। कंपनी के शेयर इस पीरियड में 124 रुपये से बढ़कर 585 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 653.20 रुपये है। वहीं, वेस्ट कोस्ट पेपर मिल्स के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 215 रुपये है।

# ट्विटर खरीदने के बाद 75% एम्पलॉइज को निकाल देंगे मस्क

## खबर सामने आने पर ट्विटर ने स्टाफ से कहा- कंपनी का छंटनी को लेकर कोई प्लान नहीं

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ट्विटर को खरीदने की डील को लेकर लंबे समय से चर्चा में बने हुए हैं। अब एक खबर सामने आ रही है कि एलन मस्क ट्विटर को खरीदने के बाद कंपनी के करीब 75% एम्पलाइज को निकालने का प्लान बना रहे हैं। हालांकि, इस खबर के सामने आने के बाद ट्विटर ने अपने एम्पलॉइज को स्पष्ट किया कि कंपनी का छंटनी को लेकर कोई प्लान नहीं है। द वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, मस्क ने अपने ट्विटर खरीद में संभावित निवेशकों से कहा है कि वह कंपनी के 7,500 एम्पलॉइज में से लगभग 75% यानी करीब 5,600 कर्मचारियों की कटौती करने की योजना बना रहे हैं। गुरुवार को प्रकाशित वॉशिंगटन पोस्ट की इस रिपोर्ट में इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट्स के हवाले से इस बात की जानकारी दी गई है। हालांकि, इस रिपोर्ट के आने के बाद ट्विटर ने तुरंत अपने



एम्पलॉइज को एक स्पष्टीकरण जारी किया कि कंपनी की बड़ी छंटनी की कोई योजना नहीं है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि ट्विटर के जनरल काउंसल सीन एडगेट ने गुरुवार को कर्मचारियों को ईमेल भेज कर कहा कि कंपनी छंटनी को लेकर कोई प्लान नहीं बना रही है।

आने वाले महीनों में ट्विटर में छंटनी होनी तय है। एलन मस्क की डील पूरी हो या न हो, ट्विटर के मौजूदा मैनजमेंट ने अगले साल के अंत तक कंपनी के पेरोल में करीब 80 करोड़ डॉलर की कटौती करने का प्लान तैयार किया है। वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि ट्विटर के ह्यूमन रिसोर्स के कर्मचारियों ने अपने स्टाफ को बड़े पैमाने पर होने वाली छंटनी को लेकर कहा है कि कंपनी की ऐसी कोई भी योजना नहीं है। लेकिन डॉक्यूमेंट्स में कर्मचारियों को बाहर निकालने और बुनियादी इंफ्रास्ट्रक्चर में कटौती की व्यापक योजनाएं देखने को मिल रही हैं। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि कंपनी की ये योजना मस्क के कंपनी को खरीदने की पेशकश से पहले की है।बता दें कि एलन मस्क ने ट्विटर डील कैंसिल करने के बाद यू टर्न ले लिया था। वो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को खरीदने के लिए तैयार हो गए थे। उन्होंने इस डील पर ट्विटर को लेटर लिखा था। लेटर में मस्क के वकीलों ने कहा था कि वह कानूनी लड़ाई को खत्म कर ट्रांजेक्शन को पूरा करना चाहते हैं। ट्विटर के एक प्रवक्ता ने भी इस लेटर की पुष्टि की थी।

# मैक्सिको में बड़ा ट्रेन हादसा

## तेल टैंकर से टकराने के बाद आसपास के कई घरों में लगी आग

मैक्सिको, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। नोर्थ अमेरिका के मैक्सिको में बड़ा ट्रेन हादसा हो गया है. तेज रफ्तार ट्रेन एक तेल टैंकर से टकराकर पलट गई और देखते ही देखते उसमें आग लग गई. घटना की तस्वीरें सामने आयी हैं जिसमें ट्रेन पूरी तरह आग की लपटों में दिख रही है. वहीं, घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया. आसपास के लोग भागते दिख रहे हैं. ट्रेन में आग इस कदर लगी कि आसपास के घर भी आग की चपेट में आ गए. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम आग को बुझाने में जुट गई है. सामने आयी तस्वीरों में आग लगने से धुएं का गुबार उठते दिख रहा है.



एग्वास्कालिएंटिस के मेयर के मुताबिक, घटनास्थल पर 300 घर हैं जिनमें से 120 घरों को नुकसान पहुंचा है।

# कहीं आतंकियों के हाथ न लग जाएं पाक के परमाणु हथियार

## बाइडन के बयान ने दिए कई संकेत

वाशिंगटन, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बयान ने वैश्विक स्तर पर नई चर्चा शुरू कर दी है। यह चर्चा संभावित परमाणु खतरे को लेकर है। दुनिया के कई देशों को आशंका है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियार सुरक्षित हाथों में नहीं हैं और वे आतंकियों के हाथ लग सकते हैं। दरअसल, बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पाकिस्तान को 'दुनिया का सबसे खतरनाक' राष्ट्र कहा था। उनके इस बयान ने दुनिया के अन्य राष्ट्रों का ध्यान इस ओर खींचा। हालांकि, पाकिस्तान ने बाइडन के बयान को खारिज



करते हुए इसे तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक बताया था।

### दुनिया के सामने खतरा

ग्लोबल स्ट्रैट व्यू की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की सरकार, तालिबान और उसके विभिन्न संगठनों व इसके अलावा पाकिस्तान के अंदर अन्य जिहादी समूहों ने परमाणु हथियारों के आतंकवादी हाथों में पड़ने पर चिंता पैदा कर दी है। दरअसल, पाकिस्तान की सरकार तालिबान का गुप्त रूप से समर्थन करती है। दुनिया का मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आतंकी संगठनों द्वारा चोरी किए जाने का खतरा बना हुआ है।

### पाकिस्तान से मिल रहे कई संकेत

ग्लोबल स्ट्रैट व्यू की रिपोर्ट के मुताबिक, बीते साल अगस्त में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी और तालिबान के शासन के बाद खतरा अधिक बढ़ा है। ऊपर से पाकिस्तान द्वारा हथियारों का उत्पादन, साथ ही साथ अधिक सामरिक परमाणु हथियारों की संभावित तैनाती ने इनके दुरुपयोग की संभावना को और अधिक बढ़ा दिया है।

# सूडान में जमीन को लेकर हुई भिड़ंत में 170 की मौत

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर-पूर्वी अफ्रीकी देश सूडान में दो दिन से जारी हिंसा में अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां पर दक्षिणी ब्लू नाइल राज्य में भूमि को लेकर दो पक्षों के बीच हुए टकराव में पिछले दो दिनों में जमकर खूनखराबा हुआ। लड़ाई का आलम यह है कि राज्य में कर्फ्यू लगा होने के बावजूद लगातार गोलियां चलने की आवाजें गूंज रही हैं। हर तरफ पुलिस और सेना का कड़ा पहरा है।

समाचार एजेंसी एएफपी के मुताबिक बड़ी संख्या में लोग गोलीबारी से घायल हुए हैं। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है। पिछले हफ्ते राजधानी खार्तूम से करीब 500 किमी (310 मील) दक्षिण में सूडान के अशांत दक्षिणी क्षेत्र में रोजेयर्स के पास वाड अल माही में हौसा लोगों और प्रतिद्वंद्वी समूहों के सदस्यों के



बीच भूमि को लेकर बहस के बाद बुधवार को लड़ाई छिड़ गई। इस लड़ाई में दोनों गुटों ने एक-दूसरे पर गोलियां चलाई और घरों में आग लगा दी।

एजेंसी के मुताबिक हौसा के एक नेता ने कहा कि इलाके में सुरक्षा बलों की भारी तैनाती और रात भर के कर्फ्यू के बावजूद झड़पें हुईं। इस बारे में संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि करीब 65 हजार लोगों ने अपना घर छोड़ दिया है।

सूडान पिछले साल सेना प्रमुख अब्देल फत्ताह अल बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट के बाद से गहरी राजनीतिक अशांति और एक बढ़ते आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सूडान की सेना ने बुधवार को कहा कि एक विद्रोही समूह ने एक महत्वपूर्ण शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है, जिसने दक्षिणी राज्य पश्चिमी कोर्डोफन के एक शहर में दो अधिकारियों को घायल कर दिया था।

### सूडान पीपुल्स लिबरेशन मूवमेंट-नॉर्थ से संबंधित फोर्स ने अंधाधुंध गोलाबारी की

राजधानी खार्तूम से लगभग 580 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में लागावा में कथित तोपखाने हमले, पिछले हफ्ते शहर के पास एक भूमि विवाद में जातीय संघर्ष के बाद आए थे, जिसमें कई लोग मारे गए थे। सशस्त्र बलों ने एक बयान में कहा, "सूडान पीपुल्स लिबरेशन मूवमेंट-नॉर्थ से संबंधित फोर्स ने अंधाधुंध गोलाबारी की।" मानवीय मामलों में समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने बताया कि ब्लू नाइल में जुलाई में हिंसक झड़पें हुई थीं, जिनमें अक्टूबर की शुरुआत तक 149 लोगों की जान जा चुकी थी। बीते हफ्ते नए सिरे से शुरू हुए संघर्ष में 13 लोग मारे गए थे। ओसीएचए के मुताबिक, हिंसा से क्षेत्र में कम से कम 1,200 लोग विस्थापित हुए हैं।

## सागर में मुस्लिम डॉक्टर ने हिंदी में लिखी दवाइयां

### कहा : श्रीहरि लिखने से मरीजों को जल्द मिल सकता है आराम

भोपाल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के सागर जिले से एक मुस्लिम डॉक्टर का पर्चा सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। क्योंकि वहां डेन्टल सर्जन डॉ. औसफ अली मरीजों का पर्चा हिंदी में लिख रहे हैं। बाकायदा पर्चे पर सबसे पहले 'श्रीहरि' लिखते हैं। जिसके बाद मरीज की बीमारी, लक्षण और फिर दवाएं लिख रहे हैं। जानकारी के अनुसार सागर में राहतगढ़ बस स्टैंड के पास स्थित सना डेंटल क्लीनिक के संचालक डॉ. औसफ अली अब हिंदी में पर्चा लिख रहे हैं। वे डेंटल सर्जन और निजीतोर पर प्रेक्टिस करते है। मुख्यमंत्री की इस अपील और हिंदी प्रेम के चलते सागर में डॉ. औसफ अली ने हिन्दी में पर्चा लिखना शुरु कर दिया है।

# हिजाब विरोधी लड़कियों ने बंदूकें उठाईं

## कुर्द लड़ाकों के साथ मिलिट्री ट्रेनिंग कर रहीं ईरान सरकार के घोर विरोधी कुर्दिस्तान के लड़ाके



तेहरान, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। ईरान में हिजाब विरोधी लड़कियों ने तानाशाह सरकार के खिलाफ आरपार की जंग छेड़ दी है। शहरों में पुलिस और सेना के दमन के बाद हिजाब विरोधी कई लड़कियां ईरान के पश्चिम में स्थित कुर्दिस्तान पहुंच गई हैं। यहां के कुर्द लड़ाकों के साथ ये लड़कियां मिलिट्री ट्रेनिंग ले रही हैं। कुर्दिस्तान के लड़ाके ईरान सरकार के घोर विरोधी हैं। हिजाब विरोधी लड़कियों के यहां पहुंचने से तिलमिलाई ईरान सरकार ने यहां पर 3 अक्टूबर को भारी बमबारी की थी। इस हमले में 25 कुर्द लड़ाकों के घायल होने की जानकारी भी है। उल्लेखनीय है कि पिछले माह हिजाब नहीं पहनने के कारण मारी गई माशा भी कुर्द थी।

### ईरानी सेना से बचकर 300 किमी का सफर तय कर पहुंचती हैं

ईरान के शहर सनानदाज और सकीज से हिजाब विरोधी लड़कियां ईरानी सेना से बचकर इराक बॉर्डर पर इरबिल पहुंचती हैं। 19 साल की एक लड़की रेजान (बदला हुआ नाम) ने बताया कि लगभग 10 से 12 घंटे के सफर के दौरान मेरी जिंदगी दांव पर थी। ईरानी सैनिक यदि मुझे देख लेते तो गोली मार देते। लेकिन मुझे इसका डर नहीं था।

### मां से कहा- मैं अपनी बहनों को जीने की आजादी दूंगी

हिजाब विरोधी आंदोलन में भाग लेने वाली 20 साल की सकीना का कहना है कि पुलिस ने बर्बर तरीके से पिटाई की। इसके बाद से ही उसने कुर्दिस्तान जाने की ठान ली थी। मैंने अपनी मां से कहा कि मैं अपनी बहनों को जीने की आजादी दूंगी। इसी जज्बे के साथ मैं कुर्दिस्तान आई हूं। मैंने ईरान में लड़कियों को तानाशाह सरकार की बंदिशों में जिंदगी गुजारते हुए देखा है, लेकिन उन्हें जल्द आजादी मिलेगी।

# भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में

## जिनपिंग ने राजनीतिक प्रतिद्वंदियों को कुचला

बीजिंग, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग पर आरोप लग रहा है कि भ्रष्टाचार विरोधी अभियान की आड़ में उन्होंने अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कुचल दिया। उन्होंने खुद को मजबूत करने के लिए उन सभी विरोधियों को रास्ते से हटाना शुरू किया जिन्होंने उनकी राजनीति में दखल देने की कोशिश की। एक इतालवी मीडिया आउटलेट डिफ़ेसा की ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार बताया गया है कि जब शी ने राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, तो वे कठिन आंतरिक परिस्थितियों को लेकर चिंतित थे। लेकिन उन्हें इस बात का आभास था कि उनके राजनीतिक प्रतिद्वंदी पार्टी के अंदर भ्रष्टाचार फैला रहे हैं। इसके बाद उन्होंने भ्रष्ट कार्यकर्ताओं पर नकेल कसनी शुरू कर दी।



### जिनपिंग ने राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कई सियासी दुश्मन भी बनाए

खुद को आगे बढ़ाने के लिए शी जिनपिंग ने अगले कुछ वर्षों में बड़े सुधार के वादे किए जिसने उन्हें जनता की नजर में एक सुधारवादी नेता के रूप में पेश किया। हालांकि, शुरू में यह सब पूरा करने के लिए उन्होंने नए दुश्मन बनाए। इसी दौरान उन्होंने प्रतिद्वंद्वियों को कुचलने के अपने भ्रष्टाचार विरोधी प्रयासों की सफलता का लाभ उठाया।

### भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के तहत 50 लाख लोगों की जांच

फिर उन्होंने धीरे-धीरे अपने व्यक्ति के पंथ पर केंद्रित एक पार्टी पदानुक्रम का विकास सुनिश्चित किया। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ भ्रष्टाचार विरोधी अधिकारी ने कहा कि शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान ने पिछले एक दशक में लगभग 50 लाख लोगों की जांच की है।

### हमारी पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में कभी आराम से नहीं बैठेगी जिनपिंग

शी के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान, प्रमुख नीतियों में से एक ने कथित तौर पर उनके राजनीतिक आधार को मजबूत करने में मदद की है। शी जिनपिंग का एक बार फिर से शिर्ष नेता चुना जाना तय है और वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करने के लिए दृढ़ हैं। एनएचके वर्ल्ड के अनुसार शी ने एक रिपोर्ट में कहा कि पार्टी भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में कभी आराम से नहीं बैठेगी।

# अमरीका के न्यूयॉर्क में भारत जैसी दिवाली

## स्कूलों में अगले साल से छुट्टी का ऐलान, होंगे कई खास इंतजाम



नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। अगले साल यानी 2023 से अमरीका के न्यूयॉर्क की पब्लिक स्कूलों में भारत की तरह छुट्टी होगी। न्यूयॉर्क असेंबली के सदस्य जेनिफर राजकुमार कहा कि हिंदू, सिख, बौद्ध, और जैन धर्मों के 2 लाख से अधिक न्यू यॉर्कर को पहचानने का समय आ गया है, जो रोशनी के त्योहार 'दिवाली' को मनाते हैं। जेनिफर राजकुमार ने कहा कि रोशनी के त्योहार दिवाली से हमने सीखा है। शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली पर छुट्टी की घोषणा को लेकर जेनिफर ने कहा, हम उन अनगिनत लोगों को एक स्पष्ट संदेश देना चाहते थे जो इस उत्सव के समय को स्वीकार करते हैं। इसके साथ ही जेनिफर राजकुमार ने इस छुट्टी को शैक्षिक क्षण बताते हुए कहा कि जब हम दिवाली को स्वीकार करते हैं, तो हम बच्चों को दिवाली के बारे में जानने के लिए प्रोत्साहित करने जा रहे हैं। हम उनसे इस बारे में बात करने जा रहे हैं कि रोशनी का त्योहार क्या है, और अपने भीतर रोशनी कैसे जलाएं।

### भारतीय दूत रणधीर जायसवाल ने जताया आभार

न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूत रणधीर जायसवाल ने दीवाली के मौके पर छुट्टी की घोषणा करने पर आभार जताते हुए सराहनीय कदम बताया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय-अमेरिकी समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग थी। दीवाली के मौके पर छुट्टी की घोषणा के बाद न्यूयॉर्क शहर में विविधता और अधिक बढ़ेगी।

### दीवाली के जरिए अपने अंदर के प्रकाश को स्वीकार करते हैं: मेयर एरिक एडम्स

मेयर एरिक एडम्स ने कहा, जब हम अपने आस-पास के इतने अंधेरे से निपटते हैं, तो हम अपने आस-पास के प्रकाश की भारी मात्रा को महसूस करने में असफल हो जाते हैं। इसलिए जब हम दीवाली को स्वीकार करते हैं, तो हम उस प्रकाश को स्वीकार कर रहे हैं जो हमारे अंदर है। वह प्रकाश जो स्पष्ट रूप से अंधेरे को दूर कर सकता है और यही कारण है कि यह इतना महत्वपूर्ण है।


### बुराई पर अच्छाई की जीत त्योहार दिवाली

मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि अगले हफ्ते, हम दिवाली मनाएंगे। दिवाली बुराई पर अच्छाई की जीत त्योहार, जो राम की अच्छाई पर बुराई की हार का उदाहरण है। हम सभी न्यू यॉर्क वासियों के लिए परस्पर विश्वास, सद्भाव, प्रेम और सहिष्णुता के हिंदू सिद्धांतों का जश्न मनाएंगे।

# पुतिन ने दे दिया था परमाणु बम के इस्तेमाल का आदेश

### एक्सपर्ट का चौंकाने वाला दावा, आखिर किसने रोक दी तबाही?

मॉस्को, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन कई बार परमाणु हमले की धमकी दे चुके हैं। आठ महीने पहले जब उन्होंने यूक्रेन पर हमला किया था तो अपने परमाणु बलों को अलर्ट पर रहने का आदेश दे दिया था। अब एक अंदरूनी सूत्र के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि पुतिन ने परमाणु विस्फोट की कोशिश की थी लेकिन वह इसमें असफल रहे क्योंकि कुछ अधिकारियों ने उनकी इस योजना को विफल कर दिया। कई रिपोर्ट्स में यह अनुमान लगाया जा चुका है कि पुतिन नाटो और पश्चिमी देशों को अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए परमाणु बम का बटन दबा सकते हैं। बढ़ती चिंताओं के चलते ब्रिटेन के रक्षा मंत्री ने अपने अमेरिका दौरे को टाल दिया है। विश्लेषकों को डर सता रहा है कि पुतिन काला सागर में बम विस्फोट कर सकते हैं जिससे सुनामी और जहरीली गैस के बादल का खतरा पैदा हो जाएगा। दावा तो यह भी किया जा रहा है कि यूक्रेन में युद्ध के मैदान में इस्तेमाल से पहले आर्कटिक में एक परमाणु परीक्षण की योजना बनाई जा रही है।



### पुतिन ने दिया न्यूक्लियर टेस्ट का आदेश

धमकियों और अनुमान के बीच एक दावे ने सभी की चिंताओं को बढ़ा दिया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि पुतिन ने इस महीने की शुरुआत में दो परमाणु परीक्षणों का आदेश दे दिया था, लेकिन 'कुछ कारणों' से वे हो न सके। अंदरूनी सूत्रों ने दावा किया कि प्रक्षेपण 'तकनीकी विफलता' या कुछ सैन्य अधिकारियों की 'अनिच्छा' के चलते संभव न हो सके। जासूसों और राजनयिकों को ट्रेनिंग देने वाले मॉस्को के एक इंस्टीट्यूट में पूर्व प्रोफेसर, वरलेरी सोलोवी ने कहा, 'यह दिखाता है कि पुतिन का अधिकार अब कमजोर हो रहा है।'

### परमाणु हमले का फैसला ले चुके हैं पुतिन?

उन्होंने कहा, 'यूक्रेन युद्ध में सामरिक परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर पुतिन के फैसले को निस्संदेह विरोध का सामना करना पड़ेगा। मुझे नहीं पता प्रतिरोध कितना प्रभावी होगा, लेकिन पिछले दो हफ्तों में परमाणु परीक्षण होने वाले थे, एक बैरेंट्स सागर में पानी के नीचे और दूसरा आर्कान्जेस्क क्षेत्र में जमीन के नीचे। लेकिन दोनों बार टेस्ट नहीं हुए।' रूसी राष्ट्रपति और उनके करीबियों के विशेषज्ञ सोलोवी ने दावा किया कि पुतिन परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए सैद्धांतिक रूप से फैसला ले चुके हैं।

### कमजोर हो रहा पुतिन का आदेश?

सोलोवी ने दावा किया कि पुतिन ने हाल ही में जिन दोनों परीक्षणों का आदेश दिया था, वे 'बाधित' हो गए। पुतिन को 'तकनीकी गड़बड़ियों' को लेकर रिपोर्ट दी गई। लेकिन एक बार दुर्घटना होती है, दो बार संयोग होता है लेकिन अगर तीसरी बार भी टेस्ट उसी तरह फेल हो जाए तो साफ है कि चीफ कमांडर्स ने पुतिन के आदेशों को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि यह पुतिन के अधिकार के पतन को दिखाता है।

## घूंघट की आड़ में दुल्हन की जगह भेजा लड़का, सुहागरात के समय हुआ फरार

भिंड, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले के लहार थाना पुलिस के पास आया एक हैरान करने वाला मामला सुर्ख़ियों में है। मामला शादी के नाम पर ठगी का है, जहां दूल्हे को दुल्हन के नाम पर घूँघट में एक लड़का सौंप दिया गया, जो अगली सुबह 4 बजे बिना मुंह दिखाए फरार हो गया। पीड़ित दूल्हे ने अपनी व्यथा बताते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगायी है। अब तक आपने शादी के नाम पर दुल्हन को बदलना, लुटेरी दुल्हन जैसे किस्से सुने होंगे, लेकिन भिंड जिले के लहार में एक शख्स को दुल्हन की बजाय घूंघट की आड़ में लड़के के साथ विदा कर दिया गया। मामले का खुलासा पुलिस में हुई शिकायत के साथ हुआ। लहार क्षेत्र के मड़ैयापुरा में रहने वाले बुजुर्ग ग्यासी कुशवाहा और उनके दो बेटे वर्षों से साथ रह रहे हैं। पत्नी का कई सालों पहले देहांत हो जाने से घर में कोई महिला भी नहीं है जो घर के काम काज कर सके। बड़े बेटे सोनू की उम्र अधिक हो जाने से शादी भी नहीं हो पा रही थी। हाल ही में सोनू के साथ काम करने वाले गुड्डू नाम के दोस्त ने बातों में फंसा कर सोनू की शादी के नाम पर ठगी कर ली।

## राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के आरोप में चीनी महिला गिरफ्तार

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस ने एक चीनी महिला काई रूओ को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसके पास से डोलमा लामा के नाम से एक नेपाली नागरिकता प्रमाण पत्र बरामद हुआ है। हालांकि यह पाया गया कि वह चीनी है और वर्ष 2019 में चीनी पासपोर्ट पर भारत की यात्रा आई थी। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। काई के खिलाफ कई धाराएं लगाई गई हैं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने बताया कि यह महिला वर्ष 2019 में भारत आई थी। इसके बाद नेपाल चली गई फिर नेपाली नागरिक बनकर भारत आई और चीन के लिए जासूसी करने लगी। दिल्ली पुलिस ने महिला को 2 दिन रिमांड पर लिया था और उसके बाद जेल भेज दिया गया है। भारत सरकार के आदेश पर इस मिशन को बहुत सीक्रेट रखा गया था। आरोपी महिला भारत में धर्मशाला में रह रही थी। रामबन पुलिस ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत पांच कथित ओवरग्राउंड वर्कर्स को हिरासत में लिया है।

# पाक में जानवर भी काटते हैं अदालत के चक्कर, 6 गधे हुए गिरफ्तार, अब कोर्ट में होगी पेशी

इस्लामाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के चित्राल में छह गधों को हिरासत में लिया है। गधों को जिले के दरोश इलाके में लड़की की तस्करी के संबंध में हिरासत में लिया गया है। दरोश के असिस्टेंट कमिश्नर ने लड़की तस्करी के खिलाफ एक अभियान चलाया जिसके तहत लड़कियों से लदे गधों को हिरासत में लिया गया। पाकिस्तान का यह अजीबोगरीब मामला अब सुर्खियां बटोर रहा है। पाकिस्तान में गधों की आबादी बहुत अधिक है और हर साल तेजी से बढ़ रही है। पिछले वित्तीय वर्ष के अनुसार पाकिस्तान में गधों की संख्या 5.6



मिलियन से बढ़कर 5.7 मिलियन हो गई है। बात सिर्फ गधों को हिरासत में लेने तक नहीं रही, असिस्टेंट कमिश्नर ने वन विभाग को गधों को कोर्ट में पेश करने का भी आदेश दिया है। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार दिलचस्प बात यह है कि गधे बेहद समझदार थे क्योंकि वे अपने दम पर लड़कियों की तस्करी करते थे और उन्हें एक से दूसरी जगह पर पहुंचाते थे। इससे पहले सितंबर में वन विभाग के एक कर्मचारी को लकड़ी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसे अब सस्पेंड कर दिया गया है।

### लकड़ी तस्करी से हो रहा लाखों का नुकसान

लकड़ी की अंधाधुंध तस्करी की वजह से जंगल न सिर्फ वनों की कटाई की समस्या से जूझ रहे हैं बल्कि विभाग को भी लाखों रुपए का घाटा उठाना पड़ रहा है। पाकिस्तान के लिए गधा बेहद महत्वपूर्ण जानवर है। दरअसल पाकिस्तान का एक बड़ा वर्ग आर्थिक रूप से पशुपालन पर निर्भर है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुपालन कर रहे हैं और अपनी आय का लगभग 35-40 फीसदी इसी क्षेत्र से प्राप्त करते हैं।

### पाकिस्तानी गधों में चीन को भी दिलचस्पी

पाकिस्तान में गधे आय का अहम स्रोत हैं और इनका जीडीपी में भी योगदान है। चीन भी पाकिस्तानी गधों के आयात में दिलचस्पी रखता है। गधे की खाल का चीन में काफी इस्तेमाल होता है। गधे की खाल से निकली हुई जिलेटिन का इस्तेमाल कई तरह की महंगी दवाओं को बनाने में किया जाता है। पाकिस्तान भी गधों को बेचकर अपनी कमाई करता है। खबरों की मानें तो एक गधे के लिए पाकिस्तान को 18 से 20 हजार रुपए तक मिल जाते हैं।

# सपा सांसद बर्क के बोल

## पीएफआई पर तो पाबंदी लगा दी लेकिन आरएसएस पर क्यों नहीं?



संभल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले सपा से संभल के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने इस बार आरएसएस पर निशाना साधा है। सांसद ने पीएफआई पर लगाए गए प्रतिबंध को झूठा प्रोपेगेंडा बताया है। गुरुवार को दिए बयान में सांसद ने कहा कि उनकी जानकारी के हिसाब से पीएफआई गलत कार्यों में शामिल नहीं है।

उस पर भाजपा ने साजिश के तहत प्रतिबंध लगाया है। सांसद ने कहा कि पीएफआई पर तो पाबंदी लगा दी है, लेकिन आरएसएस पर पाबंदी क्यों नहीं लगाई गई है। आरएसएस मुसलमानों के साथ जुल्म करती है। आगे कहा कि धर्म संसद में मुसलमानों के लिए जहर उगला गया था। उससे साफ है नफरत बढ़ाने का काम करती है।

### मुस्लिमों को किया जा रहा खौफजदा

सांसद ने आगे कहा कि भाजपा मुसलमानों को खौफजदा कर रही है। इसलिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। पीएफआई एक राजनैतिक दल है। अन्य दलों की तरह ही वह भी काम करती है। वह मुल्क के गद्दार नहीं है।

# सपा विधायक इकबाल बोले-

## असदुद्दीन ओवैसी भाजपा की बी टीम ईडी और सीबीआई से डरती हैं मायावती

संभल, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के संभल विधायक इकबाल महमूद ने भाजपा और आरएसएस को मुसलमानों का सबसे बड़ा दुश्मन बताया है। कहा है कि आरएसएस की विचारधारा हमेशा मुसलमानों के खिलाफ रही है। सपा विधायक ने कहा कि भाजपा देश में मुसलमानों को परेशान कर रही है। बहुसंख्यक लोगों को खुश किया जा रहा है। यह ज्यादा दिन नहीं चलेगा। आगे कहा कि असदुद्दीन ओवैसी भाजपा की बी टीम हैं। वह अपनी तकरीरों के जरिए मुसलमानों को नुकसान पहुंचाते हैं। मायावती पर निशाना लगाते हुए कहा कि वह ईडी, और



सीबीआई से डरतीं हैं। इसलिए वह मुसलमानों के हक में नहीं बोल पाती हैं। भाजपा सपा पार्टी को हराने के लिए बसपा का इस्तेमाल करती है। विधायक ने कहा कि आरएसएस गोडसे की पूजा करती है और महात्मा गांधी से नफरत है। महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराया है। आगे कहा कि पसमांदा बुद्धिजीवी सम्मेलन में वही गए हैं जो लालची हैं। सच्चा मुसलमान भाजपा में कभी नहीं जाएगा।

### 39 प्रिंसिपलों पर बड़ी कार्रवाई, नहीं मिलेगा वेतन

पटना, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। योजना राशि की रिपोर्ट नहीं देने पर पटना जिले के 39 प्राचार्यों पर कार्रवाई की गई है। सभी प्राचार्य को शोकॉज (स्पष्टीकरण) किया गया है। साथ ही वेतन बंद कर दिया गया। इनमें बाढ़, मनेर, बिहटा, बिक्रम और संपतचक प्रखंड के स्कूल शामिल हैं। इन सभी स्कूलों के प्राचार्य को योजना राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा करना था लेकिन ये सभी उपस्थिति नहीं हुए। इसके बाद पटना जिला शिक्षा कार्यालय ने नोटिस जारी किया है।

# 'बेचारे डीजीपी दो महीने में रिटायर होने वाले हैं'

पटना, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के डीजीपी एस के सिंघल को फ्रॉड अभिषेक अग्रवाल के द्वारा चीफ जस्टिस बनकर कॉल करने के मामले ने अब सियासी रंग पकड़ लिया है। भाजपा ने बिहार के डीजीपी एस के सिंघल को निशाने पर लिया। वहीं अब इस मामले पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रतिक्रिया सामने आई है जिसमें उन्होंने डीजीपी का बचाव किया है। इस पूरे मामले पर सीएम ने जांच की बात भी कही है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस पूरे मामले की जांच चल रही है। डीजीपी को लेकर उन्होंने कहा कि बेचारे दो महीने में रिटायर करने वाले हैं।

वो बढ़िया ही काम कर रहे हैं। अब किसी ने दूसरे के नाम से फोन कर दिया। इसका खुलासा भी जांच में हुआ।

**जालसाज का दावा**

बता दें कि बिहार के डीजीपी पर भाजपा ने तब निशाना साधा जब फर्जी जज बनकर आइपीएस आदित्य कुमार की पैरवी करने वाले अभिषेक अग्रवाल ने ये कहा कि डीजीपी भी उसके झांसे में आ गये थे। कई बार डीजीपी ने कॉल बैक तक किया। वहीं गया के पूर्व एसएसपी के केस को भी हटा दिया।

**भाजपा का हमला तो डीजीपी ने तोड़ी चुप्पी**

बता दें कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने बिहार के डीजीपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब डीजीपी एक फ्रॉड के झांसे में आ सकते हैं तो आम पुलिस फोर्स की क्या हालत होगी। उन्होंने कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाये।

इसके जवाब में डीजीपी सिंघल ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी और कहा कि ये मामला बेहद पेंचिदा है। वो राजनीतिक बयानों पर कुछ नहीं कहेंगे लेकिन समय के साथ बहुत कुछ सामने आना बाकि है।

# सरकारी ट्रामा सेंटर में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में घायल को लगाए टांके



फिरोजाबाद, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक तरफ जहां सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अस्पतालों में लापरवाही का अंधेरा छाया हुआ है। फिरोजाबाद के सरकारी मेडिकल कॉलेज में मरीजों के इलाज में लापरवाही बरती जा रही है। रविवार शाम को कॉलेज के ट्रामा सेंटर में मोबाइल टॉर्च की रोशनी में घायल को टांके लगाए गए। घायल के इलाज करने के दौरान अचानक बिजली चली गई थी। थाना फरिहा क्षेत्र के गोहाना निवासी मोहनपाल पुत्र राजेंद्र सिंह रविवार शाम को बाजार से घर जा रहा था। रास्ते में बाइक फिसलने से घायल हो गया था। घायल को परिजन रात करीब पौने आठ बजे सरकारी ट्रामा सेंटर लाए। उसके चेहरे और सिर पर काफी चोट लगी थी। कुछ मांस फट गया था। घायल मोहनपाल के भाई गौरव के अनुसार जिस समय वो ट्रामा सेंटर पहुंचा उस समय बिजली थी। जैसे ही इलाज शुरू किया बिजली चली गई। इस कारण स्टाफ को उसके भाई मोहनपाल का उपचार अंधेरे में करना शुरू कर दिया। तभी बिजली चली गई। ऐसी स्थिति में पर्याप्त रोशनी के लिए ट्यूब लाइटों से इनवर्टर का कनेक्शन नहीं था। जनरेटर चलाने में भी 15 मिनट का वक्त लग गया। बिजली नहीं होने के कारण मोबाइल की टार्च से रोशनी करनी पड़ी। इस दौरान वहां मौजूद संविदा स्टाफ ने घायल को टांके लगाए।

# डेंगू के मरीज को प्लाज्मा की जगह चढ़ा दिया मौसमी का जूस

## मरीज की गई जान, जांच होने तक अस्पताल सील

प्रयागराज, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के डॉक्टरों की लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया है, जिसके चलते एक डेंगू मरीज की मौत हो गई। बुधवार (19 अक्टूबर) को एक निजी अस्पताल में एक 32 वर्षीय डेंगू मरीज की मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनके मरीज की मौत प्लाजमा या प्लेटलेट्स की बजाए मौसमी के रस का इंजेक्शन लगाने की वजह से हुई है। वहीं इस मामले पर जब प्रयागराज के सीएमओ नानक सरन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया गया है।

सीएमओ नानक सरन ने आगे बताया, "जांच जारी है, मृतक के परिवार ने कुछ आरोप लगाए हैं। मरीज को तीन यूनिट प्लेटलेट्स दिए जाने तक कोई समस्या नहीं थी। फिर उन्होंने अस्पताल में किसी के माध्यम से कुछ प्लेटलेट यूनिट मंगवाई, जिसके बाद मरीज की हालत बिगड़ गई। अगले दिन रोगी की मृत्यु हो गई।"



सीएमओ ने आगे कहा, "परिवार के पास अभी भी चढ़ाई गई प्लेटलेट्स की एक यूनिट बची है। प्लेटलेट्स की आखिरी यूनिट जो परिवार के पास है उसकी जांच की जाएगी। निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार शाम अस्पताल को सील कर दिया गया था। ये जांच खत्म होने तक सील रहेगा।" प्रयागराज के एसएसपी शैलेश पांडे ने कहा, "हम ब्लड और प्लेटलेट्स की अवैध आपूर्ति में शामिल गिरोहों को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले हमने ब्लड और प्लेटलेट्स की अवैध आपूर्ति के आरोप में 12 लोगों को जेल भेजा था।"

मृतक प्रदीप पांडे के साले सौरभ त्रिपाठी ने बताया, '14 अक्टूबर को उनकी तबीयत खराब हो गई और उन्हें प्रयागराज के पीपलगांव इलाके के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। परीक्षण के बाद हमें बताया गया कि उन्हें डेंगू है। 16 अक्टूबर को हमें बताया गया कि उन्हें आठ यूनिट प्लेटलेट्स की जरूरत है। हम परिवार के भीतर से तीन इकाइयों की व्यवस्था करने में कामयाब रहे।"

**अस्पताल ने 25 हजार में दिए 5 यूनिट प्लेटलेट्स**

सौरभ ने आगे बताया, 'किसी ने हमसे कहा कि अस्पताल के मालिक का बेटा हमारे लिए प्लेटलेट्स का इंतजाम कर सकता है। हमने उनसे संपर्क किया और उन्हें पांच यूनिट के लिए 25,000 रुपये का भुगतान किया। मेरे जीजा को जब चार यूनिट प्लेटलेट्स दिए गए तो उनकी हालत बिगड़ गई। फिर हम उसे दूसरे निजी अस्पताल ले गए। वहां के डॉक्टरों ने कहा कि शरीर में कुछ खून का थक्का जम गया था और बुधवार को उसकी मौत हो गई।" सौरभ ने आगे बताया," यह मौसमी का रस था जो मेरे जीजा जी को प्लेटलेट्स के बजाय दिया गया था। मेरे पास पांचवां पैकेट है जिसमें रस है। मैं इसे संबंधित अधिकारियों को दूंगा।"

# ताजनगरी की महिलाएं जुए की महफिल में पुरुषों को पछाड़ा

आगरा, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। ताजनगरी में पुरुष छोड़िए महिलाएं भी इक्का, बादशाह और गुलाम पर दांव लगा रही हैं। शहर की पॉश कालोनियों में कार्ड पार्टी के नाम पर महिलाओं की जुए की महफिल सज रही है। सिगरेट और शराब तो मामूली बात है पार्टियों में कई किस्म के हुक्के भी चल रहे हैं। बुधवार को हरीपर्वत क्षेत्र की एक पॉश कालोनी में एक कारोबारी के घर दोपहर तीन बजे कार्ड पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी में बड़े घरानों की 125 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। बेसमेंट में पार्टी आयोजित की गई थी। पार्टी में शामिल 99 प्रतिशत महिलाओं में हार जीत के दांव लगाए। पार्टी आयोजित करने वाली महिलाएं खुद पार्टी में लाखों रुपये हार गई। यह तो सिर्फ एक पार्टी है। इन दिनों शहर की पॉश कालोनियों में कार्ड पार्टी की धूम मची हुई है।

# बीजेपी एमपी वरुण गांधी ने अपनी ही सरकार पर साधा निशाना

## कहा- सरकार में व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं, छात्रों का भविष्य खराब हुआ

लखनऊ, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के पीलीभीत सांसद वरुण गांधी आए दिन अपनी ही सरकार पर हमला बोलते रहते हैं। एक बार फिर उन्होंने यूपी पेट की परीक्षा को लेकर बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। वरुण गांधी ने पीलीभीत के बरखेड़ा ब्लाक में एक जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान बीजेपी सांसद ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से प्रारंभिक पात्रता परीक्षा का आयोजन को लेकर कहा कि छात्र साल भर जी लगाकर पढ़ाई करते हैं, तैयारी करते हैं कि इस बार एग्जाम में बेहतरीन कर के आएंगे लेकिन बाढ़ के चलते देश में 35 लाख में से 16 लाख छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गए।

बीजेपी सांसद ने इसका जिम्मेदार सरकार को ठहराया है।



उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए आगे कहा कि क्या आपको पता है कि पिछले 5 सालों में जो रोजगार दिया गया उसमें 80 फीसदी रोजगार संविदा पर दिया गया है। इस देश में कोई भी इंसान संविदा पर काम नहीं करना चाहता है। आपको बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब वरुण गांधी अपनी ही सरकार पर हमलावर हो गए हों। वरुण गांधी बेरोजगारी के मुद्दे पर युवाओं की आवाज बनकर अपनी ही सरकार से सवाल किया करते हैं।

15 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश में परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के लिए जद्दोजहद करते छात्रों की तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा कर बीजेपी सांसद वरुण गांधी ने योगी सरकार पर निशाना साधा था। उन्होने इन तस्वीरों के कैप्शन में लिखा था, 'यूपी बाढ़ की चपेट में है और 37 लाख से अधिक छात्र पेट की परीक्षा देने निकले हैं। प्रश्न पत्र हल करने से बड़ी चुनौती सेंटर तक पहुंचना है। छात्रों की निरंतर मांग के बाद ही न परीक्षा टाली गई और न यातायात के पुख्ता इंतजाम किए गए। शायद हवाई निरीक्षण से जमीनी मुद्दे नहीं दिखते।'

# क्रिप्टो का काम करने थाईलैंड गए सीवान के 4 युवक म्यांमार में फंसे

### वापसी के लिए 4 लाख की मांग



सीवान, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार के चार युवक म्यामांर गये युवक फंस गये हैं। सभी युवक मैरवा प्रखंड के निवासी हैं। ये युवक आईटी सेक्टर में काम के लिए थाईलैंड के रास्ते म्यांमार गए थे। काम की तलाश में वहां जाकर ये लोग फंस गये हैं। थाईलैंड में काम के नाम पर बुलाने के बाद कंपनी ने अवैध तरीके से म्यांमार में भेज दिया है। युवकों और परिजनों ने दूतावास से उनकी सुरक्षित वापसी के लिए गुहार लगाई है। चारों युवक क्रिप्टो करेंसी का काम करने वाली कंपनी के बुलावे पर गए थे।

युवकों को वापस भेजने के नाम पर प्रति व्यक्ति चार लाख रुपये की मांग की जा रही है। युवक म्यांमार में दहशत में हैं। परिजन को फोन करके वापस घर बुलाने की मांग कर रहे है। परिजनों ने सांसद कविता सिंह के माध्यम से विदेश मंत्रालय में गुहार लगायी है। एक माह से चारों युवक फंसे हुए हैं। अगस्त माह में एक स्थानीय एजेंट ने आईटी सेक्टर के क्रिप्टो करेंसी का काम करने वाली कंपनी में नौकरी दिलाने के थाईलैंड का वीजा दिलाने का इंटरव्यू रखा था। जिसमें प्रतिमाह लगभग 1 लाख 30 हजार सैलरी दिलाने का वादा किया गया। थाईलैंड में आईटी सेक्टर का काम जानकर युवकों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इंटरव्यू दिया।

**नौकरी दिलाने के नाम पर डेढ़ लाख लिया था**

इंटरव्यू के बाद मझौली रोड के तीन युवक और कोल्हुआ दरगाह के एक युवक को कंपनी ने कर्मचारी ने एप्वाइंटमेंट लेटर भेज दिया। इसके लिए एजेंट ने लगभग डेढ़ लाख रुपये लिए।

जिसके बाद चारों यूपी और जम्मू के एक युवक के साथ 28 अगस्त थाईलैंड चले गये। वहां थाईलैंड के पश्चमी शहर मीशाट सिटी में काम करना था।

# पुलिस स्मृति दिवस पर गरजे योगी

## कोई क्रिमिनल बाहर नहीं, जेल में या मारा गया

लखनऊ, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को नमन करने के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ कानून से खिलवाड़ करने वालों पर जमकर गरजे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में कोई भी अपराधी स्वच्छंद नहीं, या तो जेल में है या फिर मारा गया। अपराध और अपराधियों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति और पुलिस की सक्रियता का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश में संगठित अपराध समाप्त हो गया है। प्रदेश में महिलाएं- बालिकाएं, कमजोर वर्ग और व्यापारी आज सुकून से हैं। हर पर्व-त्योहार शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हो रहा है। समाज में समरसता है।

सीएम ने बताया कि यूपी में अलग-अलग मुठभेड़ों में 166 दुर्दांत अपराधी मारे जा चुके हैं।



बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस की कोशिशों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए अब तक 44 अरब 59 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई है। ऐसी जमीनों पर अब बेटियों के लिए स्कूल या गरीबों के लिए घर बन रहे हैं। सीएम ने कहा कि 30 मार्च 2017 से 13 अक्टूबर 2022 तक प्रदेश भर 166 दुर्दांत अपराधी मारे गए। जबकि 4453 घायल हुए। 58,648 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई और 807 पर एनएसए के तहत कार्रवाई की गई। 50 कुख्यात माफियाओं और उनके सदस्यों की लगभग 2268 करोड़ की संपत्ति जब्त अथवा ध्वस्त की गई। इसमें एक माफिया और उसके आठ साथी मुठभेड़ में मारे भी गए। 39 को आजीवन कारावास की सजा हुआ है तो अदालत में प्रभावी पैरवी के जरिए दो अपराधियों को फांसी की सजा भी दिलाई गई। इसी अवधि में हमारे 13 जवान शहीद भी हुए।

सीएम योगी ने बताया कि एक सितंबर 2021 से 31 अगस्त 2022 की अवधि में कर्तव्य की बेदी पर देश में 264 पुलिसकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर किए। इनमें उत्तर प्रदेश के 07 पुलिसकर्मी क्रमशः उपनिरीक्षक वीरेन्द्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक कादिर खां, मुख्य आरक्षी मुनील कुमार चौबे, आरक्षी सर्वेश कुमार, आरक्षी सुमित कुमार, आरक्षी ललित कुमार और आरक्षी मनीष कुमार शामिल हैं।

# तेजस्वी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## कहा- बिहार मॉडल देख अब नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं

पटना, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिप्टी सीएम तेजस्वी प्रसाद यादव ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा है कि सुना है कि प्रधानमंत्री 75 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र बांट रहे हैं। यह बिहार मॉडल है, जिसे अब पूरा देश अपना रही है। राजधानी पटना में शुक्रवार को कांग्रेस सांसद अखिलेश सिंह की ओर से आयोजित श्री कृष्ण सिंह जयंती कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी ने ये बातें कहीं। तेजस्वी ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन सरकार नियुक्ति पत्र बांटने लगी तो वह भी 75000 लोगों को नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। तेजस्वी ने कहा कि वादा हर साल दो करोड़ रोजगार देने का था, इसके हिसाब से 8 साल में 16 करोड़ लोगों को रोजगार मिलना चाहिए था।

# हाईकोर्ट ने कहा, दिव्यांग छात्र को राज्य सरकार 10 लाख रुपये का मुआवजा दे

लखनऊ, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक दिव्यांग छात्र को सीट आवंटित होने के बावजूद दाखिला न दिए जाने के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को दो महीने में इस छात्र को 10 लाख रुपये बतौर मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। सरकार यह धनराशि इसके लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियों से वसूल सकती है। कोर्ट ने कहा कि अगर दो महीने के भीतर मुआवजा नहीं दी जाती है तो नौ फीसदी सालाना ब्याज के साथ धनराशि देनी होगी। कोर्ट ने छात्र के सिक्युरिटी मनी को भी नौ फीसदी सालाना ब्याज के साथ लौटाने को कहा है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने छात्र सत्यम वर्मा की याचिका पर किया।

याची का कहना था कि प्री आयुष टेस्ट 2016 में उसकी कैटेगारी रैंक 5,336 आई थी। मेडिकल बोर्ड द्वारा उसे 50 से 70 प्रतिशत तक विकलांग पाया गया था। इसके बाद उसने 15 नवंबर 2016 को द्वितीय काउंसिलिंग में भाग लिया और उसे साहू रामनारायण मुरली मनोहर आयुर्वेदिक कॉलेज, बरेली में सीट आवंटित कर दी गई। जब छात्र वहां दाखिला लेने पहुंचा तो उसे बताया गया कि वहां की सभी सीटें पहले ही भर चुकी हैं।

वहीं याचिका पर जवाब देते हुए कॉलेज की ओर से कहा गया कि तत्कालीन निदेशक आयुर्वेद द्वारा काउंसिलिंग बोर्ड को बताया गया था कि याची ने प्रवेश लेने से मना कर दिया था। याचिका का राज्य सरकार और महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा की ओर से विरोध किया गया।

# अखिलेश परिवार ने हवन-यज्ञ में नेताजी की आत्मा की शांति के लिए दीं आहुतियां

इटावा, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के लिए आज उनके पैतृक गांव सैफई में उनके आवास पर शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव समेत परिवार के सभी लोगों ने आहुतियां देकर नेताजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद उनके आवास पर श्रद्धांजलि देने वालों का क्रम जारी है। 11 वें दिन शुक्रवार को उनकी आत्मा की शांति के लिए हवन यज्ञ शुरू हुआ। सुबह नौ बजे अयोध्या से आए रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण समेत पांच महंतों ने हवन शुरू कराया। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री



अखिलेश यादव, उनकी पत्नी व पूर्व सांसद डिंपल यादव, प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव, अभय राम यादव, पूर्व सांसद धर्मेन्द्र यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव, प्रतीक यादव समेत पूरा परिवार यज्ञ में शामिल हुआ।


सैफई और इटावा के कुछ अन्य खास लोग भी यज्ञ शामिल हुए हैं। यज्ञ पूजन में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग आए हैं। जिसको ध्यान में रखकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

आवास के आसपास 15 जगहों पर बैरिकेडिंग लगाई गई है। वहीं आगरा से हलवाई बुलवाए गए हैं। लखनऊ से आए टेंट हाउस संचालक ने आवास में दो वाटर प्रूफ पंडाल बनाए हैं।

# भूमिहीनों को मिलेगी जमीन

## भूदान आंदोलन के दौरान बिहार में दान की गई 1.60 लाख एकड़ भूमि की हुई पुष्टि

पटना, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। आचार्य विनोबा भावे द्वारा शुरू किए गए भूदान आंदोलन के तहत दान की गई 1.60 लाख एकड़ जमीन 60 साल बाद सामने आई है। बिहार सरकार अब इस जमीन को भूमिहीनों के बीच वितरण की योजना तैयार कर रही है। बिहार सरकार के राजस्व और भूमि सुधार विभाग के सूत्रों ने के मुताबिक, 1.60 लाख एकड़ की पुष्टि के बाद इसके वितरण की प्रक्रिया इस साल दिसंबर के बाद शुरू होने की संभावना है। यह जमीन 1950 से 60 के दशक में दान की गई थी। सूत्रों ने बताया, राज्य भूदान समिति द्वारा जब इन जमीनों का प्रमाणीकरण किया जा रहा था, तो सामने आया कि इनके दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा पाया गया कि कुछ भूखंड वास्तव में नदी के तल, पहाड़ियों और जंगलों पर स्थित थे। अधिकारियों ने बताया, इन समस्याओं के कारण इन भूखंडों की पुष्टि में काफी देर हो गई। जो भूखंड उपयुक्त पाए गए हैं, उन्हें प्रक्रिया शुरू होने के बाद भूमिहीनों में समान रूप से वितरित कर दिया जाएगा। दरअसल, भूदान आंदोलन के तहत राज्य में 6.48 लाख एकड़ भूमि सामने आई थी। हालांकि, इनके प्रबंधन, वितरण व अनियमितताओं के लिए 2017 में बिहार सरकार ने तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया था। ऐसे में भूदान समिति को इस आयोग की रिपोर्ट का इंतजार है। राज्य के पूर्व मुख्य सचिव अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में गठित यह पैनल नवंबर में अपनी रिपोर्ट सौंप सकता है। बिहार के भूमि सुधार व राजस्व मंत्री आलोक कुमार मेहता ने पीटीआई को बताया कि भूदान आंदोलन के दौरान दान की गई लगभग 1.60 लाख एकड़ भूमि भूमिहीन लोगों के बीच वितरण के लिए उपयुक्त पाई गई है। सरकार ने राज्य के सभी 38 जिलों में भूमिहीन लोगों का सर्वेक्षण भी शुरू कर दिया है और यह इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। मेहता ने बताया, भूमि का वितरण निश्चित रूप से इस साल दिसंबर के बाद कभी भी शुरू हो सकता है। हालांकि, कुल 1.60 एकड़ की पुष्टि की गई भूमि में से रोहतास और कैमूर जिलों में लगभग 33,500 एकड़ कृषि उद्देश्यों के लिए उपयुक्त नहीं हैं।



# दिवाली की खुशी के बाद फूट सकता है राजस्थान में सियासी 'बम'

## खड़गे 26 के बाद संभालेंगे कांग्रेस अध्यक्ष का पद; उसके बाद धारीवाल, जोशी और राठौड़ पर होगा फैसला



जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रदेश कांग्रेस की सियासत पर होने वाले फैसलों पर एक सप्ताह का समय और बढ़ गया है। वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव तो जीत गए हैं, लेकिन इसका प्रमाण पत्र उनको 26 अक्टूबर को मिलेगा। इसको लेकर दिल्ली में एक बड़े आयोजन की तैयारी भी चल रही है। खड़गे के अधिकृत तौर पर कुर्सी संभालने के बाद ही राज्य के विषय को लेकर कोई फैसला आगे बढ़ेगा। अनुशासन समिति भी अपनी रिपोर्ट इसके बाद ही सौपेंगी।

### खड़गे की रिपोर्ट पर ही जारी किया था नोटिस, अब वही करेंगे फैसला

राष्ट्रीय सोनिया गांधी को मल्लिकार्जुन खड़गे ने ही पूरी रिपोर्ट दी थी। 25 सितंबर को जयपुर में जो भी घटनाक्रम हुआ। उनकी रिपोर्ट के आधार पर ही अनुशासन समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने शांति धारीवाल, महेश जोशी एवं धर्मेंद्र राठौड़ को नोटिस जारी किया था। तीनों ही नेता इसको लेकर अपना जबाव पार्टी को भेज चुके हैं। अब अनुशासन समिति की रिपोर्ट पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष खड़गे को ही फैसला करना है।

### बयानबाजी जारी; दिव्या ने धारीवाल, जोशी व राठौड़ पर फिर बोला हमला

संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की एडवाइजरी के बावजूद पार्टी नेताओं की बयानबाजी जारी है। खासकर, सबसे ज्यादा मुखर ओसियां विधायक दिव्या मदेरणा ने एक बार फिर यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल, चीफ व्हिप महेश जोशी एवं आरटीडीसी के चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ पर तंज कसा है।

दरअसल, नवनिर्वाचित कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को बधाई देने यह तीनों नेता भी दिल्ली पहुंचे थे। मदेरणा ने इसको लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा कि 'काबा किस मुंह से जाओगे 'गालिब', शर्म तुम को मगर नहीं आती। मतलबी दुनिया के रंग हैं। बैरंग लौटाने वाले रंगीन फूलों के गुलदस्ता देते हुए यह सर्वोच्च अवसारवाद है।' गत 25 सितंबर को विधायकों से रायशुमारी करने प्रदेश प्रभारी अजय माकन के साथ वरिष्ठ नेता खड़गे भी बतौर पर्यवेक्षक यहां आए थे। इसको लेकर भी दिव्या ने लिखा कि समय पर फेर देखिए। खड़गे के बुलाने पर यह मिलने भी नहीं गए। और अब तीनों उन्हें बधाई देने पहुंचे।

# माथुर बोले- फूट का डर नहीं मोदी का नेतृत्व है

## कहा- चन्द्रबाबू नायडु ने भी एनडीए के खिलाफ नेता इकट्ठे किए थे




जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य, चुनावी रणनीतिकार और राजस्थान प्रदेश कोर कमेटी के सदस्य ओम प्रकाश माथुर ने कहा- राजस्थान में 'कमल का फूल' ही विधानसभा चुनाव में बीजेपी का सीएम फेस होगा। माथुर ने कहा- वही हमारे यहां सीएम होता है। क्योंकि मुख्यमंत्री का फैसला कोई इंडिविजुअल व्यक्ति नहीं कर सकता है। पार्टी में सिस्टम है, कई प्रदेश में हम सीएम फेस के साथ चुनाव लड़ते हैं, कई प्रदेशों में बिना सीएम फेस घोषित किए ही चुनाव लड़ते हैं। बीजेपी पार्लियामेंट्री बोर्ड और पार्टी की नीति ही यह तय करती है।

सवाल था कि क्या सीएम फेस घोषित करने में पार्टी को किसी तरह का डर लगता है कि राजस्थान में बीजेपी नेताओं में फूट हो जाएगी ?

ओम प्रकाश माथुर बोले- आज मोदी के नेतृत्व में हमें कोई डरने की जरूरत नहीं है। हम किसी से भी नहीं डरते हैं। पहले भी चन्द्रबाबू नायडु ने एनडीए के खिलाफ नेता इकट्ठे किए थे। अब भी अलग-अलग नेता इकट्ठे करते हैं। हम तो कहते हैं अच्छा है। सामने मजबूत विपक्ष होगा तो हमें लड़ने का मजा आएगा।

ओम प्रकाश माथुर ने आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चन्द्रबाबू नायडू के बहाने बिना नाम लिए पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पर निशाना साधा। इनके लिए चर्चा है कि राजस्थान में उन्हें बीजेपी ने सीएम फेस घोषित नहीं किया। तो वसुंधरा राजे के समर्थित विधायक और नेता राजस्थान में बीजेपी पार्टी को तोड़कर चुनाव में बड़ा नुकसान पहुंचा सकते हैं। माथुर ने चन्द्रबाबू नायडू के उस फैसले का उदाहरण दिया, जिसमें उन्होंने आंध्रप्रदेश के लिए विशेष पैकेज की मांग पर 2018 में तेलुगु देशम पार्टी(टीडीपी) का एनडीए से नाता तोड़ लिया था। इसके बाद वह विपक्ष को एक करने और नेताओं को इकट्ठा करने में जुट गए थे। एनडीए से अलग होने के बाद नायडू खुदको राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित करना चाहते थे।

# सौम्या फिर पहुंची हाईकोर्ट

## सरकार के टर्मिनेशन के फैसले को दी चुनौती नवंबर में सुनवाई की संभावना



जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर नगर निगम ग्रेटर पूर्व मेयर सौम्या गुर्जर का मामला एक बार फिर कोर्ट में आ गया है। खुद सौम्या ने राज्य सरकार के टर्मिनेट (पद से बर्खास्त) करने के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। पद से बर्खास्त होने के बाद से सौम्या लगातार स्वायत्त शासन निदेशालय से अपनी टर्मिनेशन के आदेशों और न्यायिक जांच की ऑफिशियल कॉपी मांग रही थी। 20 अक्टूबर को कॉपी मिलने के बाद आज कोर्ट में सौम्या ने याचिका दायर की है। जानकारों के मुताबिक याचिका को आज लिस्टेट किया गया है, लेकिन दोपहर 3 बजे तक सुनवाई के लिए उनका नंबर नहीं आया है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अब अगले महीने नवंबर में ही इस मामले पर सुनवाई हो सकती है। क्योंकि 22 से 30 अक्टूबर तक कोर्ट में दीपावली पर्व की छुट्टियां है। 31 अक्टूबर से कोर्ट दोबारा शुरू होंगे।

### 27 सितम्बर को किया था पद से बर्खास्त

राज्य सरकार ने सौम्या गुर्जर को मेयर पद और पार्षद की सदस्यता से 27 सितम्बर को बर्खास्त किया था। सुप्रीम कोर्ट से आदेश आने के बाद राज्य सरकार ने ये एक्शन लिया था, जिसके बाद शील धाबाई को कार्यवाहक मेयर बनाया था। पिछले दिनों सरकार ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर नगर निगम ग्रेटर में खाली हुए 4 वार्डों में वापस चुनाव करवाने के आग्रह किया था।

# कांग्रेस के सियासी संकट का रिमोट सीपी जोशी के हाथ

## इस्तीफे मंजूर किए तो सरकार पर संकट नहीं तो खत्म हो जाएगी प्रेशर पॉलिटिक्स

जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष बन चुके हैं। इसी के साथ राजस्थान में चल रहे सियासी ड्रामे को लेकर सभी की निगाह अब हाईकमान पर टिक गई है। उम्मीद की जा रही है कि राजस्थान के इस सियासी संकट पर अब हाईकमान की ओर से कोई निर्णय आएगा। मगर इन सबके बीच संवैधानिक रूप से राजस्थान का सियासी संकट विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के निर्णय पर टिका हुआ है।

पिछले दिनों सियासी बवाल के समय कांग्रेस के 91 विधायकों ने स्पीकर जोशी को इस्तीफे सौंप दिए थे। इस्तीफों को लेकर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। ऐसे में राजस्थान कांग्रेस की राजनीति में एक बार फिर जोशी महत्वपूर्ण हो गए हैं।

कभी सीएम के प्रबल दावेदार रहे सीपी जोशी 2014 के बाद से राजस्थान की राजनीति में फ्रंट लाइन से बाहर हो गए थे। मगर अब एक बार फिर राजस्थान कांग्रेस के सियासी संकट का रिमोट उनके हाथ में आ गया है। सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के दावे अलग-अलग हैं। मगर इस वक्त सीपी जोशी दोनों के लिए महत्वपूर्ण बने हुए हैं।

यही वजह है कि सीएम गहलोत लगातार इस्तीफों के मामले को लेकर गेंद सीपी जोशी के पाले में डालते रहे हैं। एक दिन पहले गुरुवार को भी गहलोत ने मीडिया से कहा कि इस्तीफों को लेकर हम लोग पिक्चर में नहीं हैं। ये काम स्पीकर का है। वो प्रक्रिया अनुसार निर्णय करेंगे। वहीं पायलट का भी पिछले कुछ समय में जोशी को लेकर कोई बयान




सामने नहीं आया है।

यूपीए-2 में सीपी जोशी केंद्रीय मंत्री रहे थे। उनके पास महत्वपूर्ण विभाग थे। 2008 में 1 वोट से हारने से पहले जोशी कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष थे। इससे पहले वे राजस्थान सरकार में मंत्री भी रहे थे। 2013 में कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें एआईसीसी महासचिव भी बनाया था। 2018 तक वे इस पद पर रहे। इस दौरान उन्हें कई राज्यों का प्रभारी भी बनाया गया था।

2014 के बाद पश्चिम बंगाल, असम सहित नॉर्थ ईस्ट के कई राज्यों का जोशी को प्रभारी बनाया गया। मगर प्रभारी रहते वे कांग्रेस को मजबूत नहीं कर पाए। उनके बिहार का प्रभारी रहते भी कई विवाद सामने आए। उनके रहते असम से हिमंता बिस्वा सरमा पार्टी छोड़कर चले गए। वहीं बिहार में नीतीश कुमार ने महागठबंधन से नाता तोड़ा। इसके बाद जोशी के कई बयान ऐसे भी आए जिनसे राहुल गांधी सहित हाईकमान उनसे दूर होता चला गया।

यही वजह रही कि 2018 में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद पहले मंत्रिमंडल गठन में सीपी जोशी का नाम नहीं था। बाद में उन्हें विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया। तब से जोशी राजस्थान की राजनीति में ज्यादा हाइप नहीं रहे। मगर अब एक बार फिर राजस्थान की राजनीति में जोशी फिर महत्वपूर्ण हो गए हैं। इन हालातों में सीपी जोशी की चुप्पी और उनका निर्णय बेहद अहम है। ऐसे में जिस दिन ये चुप्पी टूटेगी उस दिन राजस्थान में कई समीकरण बदलते दिख सकते हैं।

पूरे मामले पर सीपी जोशी की चुप्पी अब आम लोगों को चुभने लगी है। आम कांग्रेस कार्यकर्ता जहां सीपी के इस व्यवहार को गहलोत-पायलट गुट के लिए नफा-नुकसान के रूप में तौल रहा है। वहीं सियासत में रुचि रखने वालों को सीपी का यह रूप रहस्यमयी महसूस हो रहा है। 25 सितंबर के बाद करीब एक महीना बीतने को है, लेकिन सीपी ने अभी तक इस्तीफों को लेकर अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है। वे न तो यह कह रहे हैं कि उनके पास कितने इस्तीफे आए और न यह बता रहे कि जो इस्तीफे उनको मिले उनका वे क्या कर रहे हैं?

# उदयपुर में हुई 23 किलो सोने की लूट का खुलासा

उदयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। उदयपुर में 29 अगस्त को मणप्पुरम गोल्ड लोन के ऑफिस में हुई 23 किलो सोना और 11 लाख रुपए कैश लूट की वारदात को खुलासा किया है। गैंग के 2 आरोपी पकडे. गए। पुलिस ने राजस्थान के निंबाहेड़ा से युवकों को गिरफ्तार किया है। वो निंबाहेड़ा से नीमच होते हुए उज्जैन में महाकाल के दर्शन के लिए जा रहे थे। गैंग के मास्टरमांइड गुड्डू समेत कुल 3 आरोपी फरार है। वारदात के बाद से आरोपी आपस में संपर्क में नहीं है। उदयपुर आईजी प्रफुल्ल कुमार और एसपी विकास शर्मा ने शुक्रवार को पूरी वारदात का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों ने गैंग के सभी सदस्य बिहार के रहने वाले है। जेल में ही सभी की दोस्ती हुई। कोई भी आरोपी एक-दूसरे को उसके असल नाम से नहीं जानता। उदयपुर में लूट के बाद वे लोग गांवों के रास्ते भागते हुए निंबाहेडा और नीमच पहुंचे।

# राजस्थान में अगले 10 दिन तक मौसम साफ

### चित्तौड़गढ़ में सबसे ठंडी रात, दिन में तेज गर्मी से लोग परेशान



जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में अब रात में सर्दी के तेवर धीरे-धीरे बढ़ने लगे है। बीती रात 8 शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, दूसरी तरफ उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के कई शहरों में रात में सर्दी के बाद दिन में तेज धूप लोगों के लिए परेशानी बन रही है। मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक अगले 10 दिन प्रदेश में मौसम साफ रहेगा, जो अब रबि की फसल की बुवाई के लिए सबसे अनूकुल समय रहेगा।

जयपुर मौसम केन्द्र से मिली रिपोर्ट देखें तो बीती रात सबसे सर्द रात चित्तौड़गढ़ जिले में रही, जहां न्यूनतम तापमान 13.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यहां रात में अब ठिठुरन बढ़ गई, लोग गर्म कपड़ों पहनने लगे है। मौसम का ये ही रूप शेखावाटी बेल्ट में भी बना हुआ है। यहां सीकर, चूरू पारा 15 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है, जिससे यहां रातें ठंडी होने लगी है। हालांकि इन शहरों में जितनी जल्दी रात ठंडी हो रही है, दिन उतनी ही तेजी से गर्म भी हो रहे है। यहां दिन में तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने लगा है।

इसी तरह उदयपुर, करौली, भीलवाड़ा, बारां, अलवर में भी तापमान गिरकर 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है और यहां भी अब लोगों को ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरों में सर्दी का अहसास होने लग गया है। ग्रामीण अंचल में लोग रात में लोग कम्बल, रजाईयां ओढ़ने लगे है।

दिन में तापमान बरकरार

भले ही कई शहरों में रात में सर्दी बढ़ गई हो, लेकिन उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में दिन में अब भी पारा 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने लगा है। पिलानी, सीकर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, गंगानगर, नागौर, हनुमानगढ़, जालौर में दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर चला जाता है। यहां दिन और रात के तापमान में अंतर इन दिनों ज्यादा बढ़ गया है, जो लोगों के लिए मौसमी बीमारी का कारण बन रहा है।

जयपुर मौसम केन्द्र के वैज्ञानिकों की माने तो राज्य में अगले 10 दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान के उत्तरी हिस्से में पंजाब, हरियाणा क्षेत्र के ऊपर एंटी साइक्लोनिक सिस्टम बना हुआ है, जिससके कारण दिन में तेज धूप निकलेगी, जबकि रात में तापमान गिरने से सर्दी बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अगले 10 दिन का मौसम रबि की फसल बोने वालों के लिए सबसे अनुकूल है।

# नाराज भाजपा के 5 विधायक कलेक्ट्रेट पर धरने पर बैठे

### विकास कामों का पैसा जारी होने से थे नाराज, कटारिया बोले, वल्लभनगर में किस खुशी में जारी हुआ पैसा

उदयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशनल ट्रस्ट (डीएमएफटी) से अपने विधानसभा क्षेत्र में पैसा जारी नहीं किए जाने से नाराज उदयपुर के 5 भाजपा विधायक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठक गए। इसमें भाजपा के मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, सलूंबर विधायक अमृतलाल मीणा, झाड़ोल से बाबूलाल खराड़ी और गोगुंदा विधायक प्रताप गमेती थे। उन्होंने खुलकर कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि जहां भाजपा विधायक है, वहां काम नहीं हो रहे। जबकि उदयपुर में ही कांग्रेस के विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में विकास कामों के लिए पैसा जारी किया गया है।

पांचों विधायक डेढ़ घंटे कलेक्टर ऑफिस के ठीक बाहर धरने पर बैठे रहे। इसके बाद विधानसभा नेता प्रतिपक्ष और शहर विधायक गुलाबचंद कटारिया वहां पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर ताराचंद मीणा से बात की। फिर खान विभाग के शासन सचिव रोहित गुप्ता से फोन पर बात की।

कटारिया ने कहा कि कांग्रेस सरकार में दुर्भाग्य से (डीएमएफटी) की एक मीटिंग उदयपुर में प्रभारी मंत्री रहे प्रताप खाचरियावास ने ली थी। जिसमें हम सभी ने अपने विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के प्रस्ताव बनाकर दिए थे, लेकिन उन पर एक भी रुपया खर्च नहीं हुआ। इस बारे में जब शासन सचिव से लेकर मंत्री को पूछा गया तो वे बोलते हैं कि हमने पैसा नहीं रोका। कलेक्टर इस मामले में स्वतंत्र है। कटारिया बोले, मैं ये पूछना चाहता हूं कि वल्लभनगर में



किस खुशी में 13 करोड़ रुपए जारी किए गए। बता दें, वल्लभनगर में कांग्रेस विधायक प्रीति गजेन्द्रसिंह शक्तावत हैं।

जिला परिषद की बैठक में मुझे नहीं बुलातेः कटारिया


कटारिया ने कहा कि आज जिला परिषद की मीटिंग चल रही है। आजकल मुझे इस मीटिंग में नहीं बुलाया जाता। क्यों नहीं बुलाते, ये वो ही जाने। मैं 35 साल से देख रहा हूं कि चाहे भाजपा या कांग्रेस जिला प्रमुख रहे हो। मुझे बराबर बुलाया जाता रहा। अब इन्होंने कोई कलाकारी की है। क्योंकि मैं तैयारी से आता हूं, सवाल पूछता हूं। अब तो ये बैठक में एनवक्त पुलिंदा पकड़ा देते हैं।

# नौ साल की बेटी से पिता ने किया रेप

### प्राइवेट पार्ट पर आए टांके; दर्द से तड़पती रही बच्ची, दरिंदे को बचाते रहे घरवाले

बहरोड़, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलवर में पिता ने ही अपनी फूल सी बच्ची को रौंद डाला। मां ने रात में अपने साथ सुलाने के लिए नौ साल की बेटी को भेजा तो वह दरिंदा बन गया। उसने बच्ची से रेप किया। बच्ची लहूलुहान हो गई, उसकी हालत इतनी बिगड़ गई कि उसके प्राइवेट पार्ट पर टांके लगाने पड़े। सब कुछ जानते हुए घरवाले उस हैवान का बचाव करते रहे। चुप्पी साधे रहे। मामला बहरोड़ थाना क्षेत्र का है।

20 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे अलवर में चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर एक कॉल आती है। कॉर्डिनेटर मुकेश कुमार पोसवाल फोन उठाते हैं। फोन करने वाले शख्स एक सांस में बोलना शुरू करता है, 'बात पांच-छह दिन पुरानी है, बहरोड़ के एक गांव में एक नौ साल की



मासूम के साथ दरिंदगी की गई है और यह दरिंदगी उसके ही पिता ने की है।

उसके परिवार में सबको मालूम है, गांव में भी कुछ लोग जानते हैं, लेकिन कोई कुछ नहीं बोल रहा साहब। साहब, उस मासूम को दर्द होता है, इस दरिंदगी के बाद वह लहूलुहान मिली थी। उसकी हालत देख घर वाले उसे गांव के ही किसी डॉक्टर के पास ले गए। उसके प्राइवेट पार्ट पर नौ टांके आए हैं। उस डॉक्टर ने टांके लगाकर मासूम को घर भेज दिया, लेकिन उसका दर्द कम नहीं हुआ है। उसके चेहरे पर खौफ है, वह डरी हुई है। सहम गई है और घर से बाहर तक नहीं निकल रही है। वह रोती है, कोई न तो उसकी सिसकियां सुन रहा है और न ही उसकी पीड़ा समझ रहा है।

# 'सुकन्या समृद्धि' में विधायकों-सांसदों का इंट्रेस्ट नहीं

### बीजेपी अध्यक्ष पूनिया ने 4 अक्टूबर को शुरू किया था अभियान, अब तक टारगेट से पीछे

जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने नवरात्रों के दौरान बांसवाड़ा में त्रिपुरा सुंदरी माता के मंदिर से 4 अक्टूबर को जिस सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जरूरतमंद बेटियों के खाते खुलवाने की पहल की थी, वो आज 17 दिन बीत जाने के बावजूद रफ्तार नहीं पकड़ पाई। महीने भर में पूनिया का लक्ष्य इस योजना के तहत एक लाख से अधिक खाते खुलवाने का था, लेकिन उन्हीं की पार्टी के सांसदों-विधायकों ने इसमें ज्यादा इंट्रेस्ट नहीं दिखाया। अपील का कोई खास असर नहीं हो रहा है। अभी करीब 8500 खाते ही खुले हैं, जो लक्ष्य से बहुत पीछे है।

इनमें भी 5100 खाते तो अकेले टोंक-सवाईमाधोपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने और 2100 खाते मालपुरा के विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने खुलवाए हैं। इनके अतिरिक्त कुछ खाते बलबीर सिंह




लूथरा और रामलाल शर्मा जैसे विधायकों ने खोलने की शुरुआत की है। इनके अतिरिक्त फिलहाल किसी विधायक-सांसद की रुचि इस अपील को लेकर नहीं दिखी। योजना के तहत खाता खुलवाने पर पहली किश्त विधायक, सांसद को स्वयं देनी है। नवरात्र के नौ दिनों के हिसाब से पूनिया ने बांसवाड़ा में कन्या पूजन करने के बाद नौ खाते खुलवाकर इसे शुरू किया था। सुकन्या खाते खुलवाने में अव्वल रहने पर पूनिया ने हाल ही टोंक जाकर सांसद जौनापुरिया और विधायक कन्हैया लाल चौधरी को सम्मान भी किया है। नागौर, भीलवाड़ा, बाड़मेर, सीकर, श्रीगंगानगर आदि इलाकों में कुछ भाजपा कार्यकर्ता भी खाते खुलवाने का प्रयास जरूर कर रहे हैं।

# 30 हजार से ज्यादा संविदाकर्मी नियमित हुए

### 9 साल की सर्विस पर 18500 और 18 साल पर 32 हजार रुपए मिलेगी सैलरी

जयपुर, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। गहलोत सरकार ने 30 हजार से ज्यादा संविदाकर्मियों को नियमित करने का फैसला किया है। पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी और पैराटीचर्स को नियमित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। तीनों को अब शुरुआत में 10,400 रुपए का वेतन मिलेगा। जिन संविदा कर्मचारियों को अभी 10,400 से ज्यादा मिलते हैं, उनका वेतन पहले की तरह मिलता रहेगा। 9 साल की सर्विस पूरी करने पर 18,500 और 18 साल की सर्विस पूरी करने पर 32,300 रुपए सैलरी मिलेगा।

इन पदों को राजस्थान कॉन्ट्रैक्चुअल हायरिंग टू सिविल पोस्ट रूल्स के दायरे में लिया गया है। शिक्षाकर्मी, पैराटीचर्स और ग्राम पंचायत सहायक के पदनाम बदले गए हैं। शिक्षाकर्मी को अब शिक्षा सहायक, पैराटीचर्स को पाठशाला सहायक और ग्राम पंचायत सहायक विद्यालय सहायक कहा जाएगा। एजेंसी या जॉब बेसिस पर लिए



संविदाकर्मी नहीं आएंगे दायरे में

एजेंसी के माध्यम से जॉब बेसिस पर काम कर रहे संविदा कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जाएगा। पंचायत सहायक, शिक्षाकर्मी और पैराटीचर्स को तभी नियमित किया जाएगा जब वे इन पदों के लिए तय एजुकेशनल क्वालिफिकेशन को पूरा करते हैं। कॉन्ट्रैक्चुअल सर्विस रूल्स के दायरे में वे ही संविदाकर्मी आएंगे जो तय योग्यता पूरी करते हैं।

जिन संविदा कर्मियों का पहले का वेतन ज्यादा होगा तो उन्हें मिलने वाले वेतन में दो सालाना इंक्रीमेंट जोड़कर नया वेतन तय किया जाएगा। जिन कर्मचारियों का पहले से मिलने वाला वेतन संरक्षित किया गया है, उनकी 9 और 18 साल की सर्विस की गिनती इन नियमों के आने की तारीख से होगी।

# पुलिस शहीदों की सेवाओं को याद रखा जाएगा : जिला एसपी



आसिफाबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय आसिफाबाद में भव्य तरीके से (झंडा दिवस) मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर राहुल राज मौजूद रहे। सबसे पहले उन्होंने मशाल जलाई और पुलिस शहीद स्तूप पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए एसपी ने कहा कि पुलिस शहीदों की सेवाएं यादगार हैं। आसिफाबाद क्षेत्र के सिरपुर कागज नगर में 1995 से अब तक 14 पुलिसकर्मियों ने समाज की शांति और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है और हमें उनकी सभी सेवाओं को याद रखने और उनके बलिदानों को याद करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर समाज बिना किसी समस्या के शांतिपूर्ण है, तो यह पुलिस की वजह से है।कहा कि त्योहारों और छुट्टियों के अलावा पुलिस विभाग समाज की भलाई के लिए चिंतित रहता है। उन्होंने कहा कि कर्तव्य पालन में प्राणों की आहुति देने से आज समाज के सभी वर्ग शांति से रह रहे हैं और तेलंगाना आंदोलन की भावना को ध्यान में रखते हुए मैत्रीपूर्ण पुलिस व्यवस्था जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेदारी है कि लोग थाने में आकर अपनी समस्या बताने से न डरें। कहा जाता है कि पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है कि सभी लोग बिना किसी परेशानी या डर के शांत रहें। उन्होंने हमें अपनी राज्य सरकार और अपने देश को अच्छा नाम देने और हमारे पुलिस विभाग में अच्छा नाम लाने के लिए कहा। बाद में उन्होंने कहा कि वह शहीदों के परिजनों की समस्याओं को जानेंगे और उनका शीघ्र समाधान करने की दिशा में काम करेंगे। शहीदों के परिवार के सदस्यों को शॉल देकर सम्मानित किया गया और उपहार भेंट किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष कोवालक्ष्मी, आसिफाबाद विधायक अतराम सक्कू, जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एआर) भीम राव, जिला अपर पुलिस अधीक्षक (एआर) भीम राव, डीएसपी श्रीनिवास, करुणाकर, नागेंद्र, जिला पुलिस अधिकारी सीआई, आरआइएस, एसआई, आरएसआई और पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

# मिधानि में राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के उद्यम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) में रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय के दल द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण किया गया। रक्षा उत्पादन विभाग के राजभाषा विभाग के सहायक निदेशक (राजभाषा) मनोज कुमार चौधरी और वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी कालेय खान ने मिधानि में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित निरीक्षण प्रश्नावली पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण के दौरान दिए गए आँकड़ों पर मिधानि के उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। चर्चा के उपरांत निरीक्षण दल द्वारा मिधानि में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए किए सभी कार्यों के साक्ष्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया गया। जैसे राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3 (3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5, 8,




11 और 12 के अनुपालन, हिंदी में किए जा रहे पत्राचार आदि। निरीक्षण दल ने मिधानि में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए मिधानि प्रबंधन की प्रशंसा की। निरीक्षण दल ने मिधानि की विशेष उपलब्धियों जैसे, अहिंदी भाषी क्षेत्र श्रेणी में तकनीकी आलेख आर्मरिंग के क्षेत्र में अग्रणी मिधानि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर राजभाषा गौरव पुरस्कार की प्राप्ति; नगर राजभाषा कार्यान्यन समिति (उपक्रम) हैदराबाद-सिकंदराबाद द्वारा राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्यन के लिए मध्य श्रेणी कार्यालय के अंतर्गत मिधानि का राजभाषा ट्रॉफी पुरस्कार के लिए चयन, नराकास-उपक्रम द्वारा आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं में हिंदी टंकण प्रतियोगिता में मिधानि के रत्नेश भट्ट, वरि. सहायक, ईएमएस को द्वितीय पुरस्कार की प्राप्ति, दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, खैरताबाद द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मिधानि के कर्मचारियों श्रीमती गरिमा ओझा, सहायक प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) तथा राजकुमार साहू, तकनीशीयन (युटिलिटिज) को क्रमशः प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार की प्राप्ति, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कहानी लेखन प्रतियोगिता में मिधानि के उप प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार) डॉ. बी. बालाजी को लघु कथा लेखन के लिए पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा तथा हिंदी राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए मिधानि में लागू कार्यालय का कामजकाज हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 में 50 अधिकारियों व कर्मचारियों को नकद पुरस्कारों से सम्मानित करने की घोषणा आदि पर प्रशंसा व्यक्त की। इसके अतिरिक्त मिधानि द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन को गति प्रदान करने के लिए किए जा रहे अतिरिक्त प्रयासों जैसे, विश्व हिंदी दिवस 2022 के उपलक्ष्य में "वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन में हिंदी का प्रयोग : वर्तमान और भविष्य' विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन, नराकास (उपक्रम) के तत्वावधान में छोटे सदस्य कार्यालयों के लिए संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन, कार्यपालकों के मैट में राजभाषा कार्यान्वयन के लिए 5 अंकों का निर्धारण तथा हिंदी में पुस्तक लेखन को बढ़ावा देने के लिए मिधानि राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना के आरंभ के लिए भी हृदय से सराहना की। कार्यक्रम के आरंभ में ए. रामकृष्ण, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सहायक निदेशक (राजभाषा) मनोज कुमार चौधरी और देबाशीष दत्ता, महाप्रबंधक (परियोजना) ने वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी कालेय खान का स्वागत किया। इस अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति और राजभाषा कार्यकारिणी समिति के सदस्य श्रीराम रमेश बाबू, महाप्रबंधक (मेल्ट्स), पी. शशिधरण, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग सेवा), श्रीमती के. मधुबाला, अपर महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा), एनवीएस रामगोपाल, अपर महाप्रबंधक (क्यूएम एवं एएमटीएल), अरुण कुमार शर्मा, अपर महाप्रबंधक (पीपीएम), प्रवीण एस. वारद, उप महाप्रबंधक (क्रय), शुभदीप घोष, उप महाप्रबंधक (प्रभारी, क्रय) और पॉल एंटनी (कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी) भी उपस्थित रहे। राजभाषा निरीक्षण के सफल आयोजन में डॉ. बी. बालाजी, उप प्रबंधक (हिंदी अनुभाग एवं निगम संचार), दीपक पार्थसारथी, उपप्रबंधक (मानव संसाधन), श्रीमती डी. वी. रत्ना कुमारी, कनिष्ठ कार्यपालक और वासुदेव, सहायक (हिंदी अनुवादक) ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## संगारेड्डी में मनाया गया पुलिस स्मृति दिवस

संगारेड्डी, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। संगारेड्डी के एसपी एम रमण कुमार ने कहा कि जिले में पुलिस शहीदों के परिवारों की सहायता के लिए हमेशा मौजूद रहेगी। शुक्रवार को संगारेड्डी में पुलिस स्मृति दिवस की पूर्व संध्या पर शहीदों के परिवारों से बात करते हुए उन्होंने पुलिस स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। पुलिस के बलिदान को याद करते हुए, रमण कुमार ने कहा कि तेलंगाना में नक्सलवाद को नियंत्रित करने में कई पुलिस कर्मियों ने अपनी जान कुर्बान कर दी।

# सिद्दिपेट एसबीआई क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय भवन को मिला गोल्ड रेटिंग



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्थिरता और पर्यावरण की देखभाल स्टेट बैंक इंडिया के सबसे महत्वपूर्ण मूल्यों में से एक है। इस दिशा में विभिन्न उपायों के बीच एसबीआई अपने भवनों को ग्रीन बिल्डिंग में बदलने पर भी काम कर रहा है। एचआईसीसी नोवाटेल हैदराबाद में आयोजित अपनी 20वीं ग्रीन बिल्डिंग कांग्रेस में, इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आईजीबीसी) ने आईजीबीसी ग्रीन मौजूदा बिल्डिंग रेटिंग सिस्टम के तहत ग्रीन बिल्डिंग मानकों को सफलतापूर्वक प्राप्त करने के लिए सिद्दीपेट में एसबीआई क्षेत्रीय व्यापार कार्यालय भवन को "गोल्ड रेटिंग" से सम्मानित किया। जितेंद्र कुमार शर्मा, डीजीएम और सीडीओ, एसबीआई हैदराबाद सर्कल ने बैंक की ओर से पुरस्कार प्राप्त किया।




जामबाग के पार्षद राकेश जायसवाल ने नलगोंडा में बीआरएस नेताओं की सस्ती राजनीति का विरोध किया, क्योंकि बीआरएस नेताओं ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की कब्र खोदी। इस विरोध प्रदर्शन में भाजपा नेता शैलेंद्र यादव, श्वेता, कल्पना, राजू, नरसिंह, अनिल, रामबगड़े शामिल हुए।

# सड़क निर्माण में मदद किये जाने पर हुआ सम्मान



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। गोशामहल निर्वाचन क्षेत्र के तोपखाना में सड़क निर्माण कार्य को पूरा किये जाने पर स्थानीय लोगों में हर्ष है। गौरतलब है कि तोपखाना क्षेत्र में पहले सड़क समस्या से लोग परेशान थे। लोगों की परेशानी को लेकर मंत्री तलसानी श्रीनिवास के साथ विचार-विमर्श कर स्थानीय टीआरएस नेता एम. आनंद कुमार गौड़ ने निर्माण कार्य शुरू कराया। बीच इस सड़क पर काम होने के दौरान अन्य राजनीतिक दल के नेताओं ने पाइपलाइन बिछाने का काम बंद कर दिया। उन्होंने कहा कि उनकी लापरवाही के कारण पाइप लाइन नहीं डाली गई और सड़क का काम रोक दिया गया।

कितु मंत्री से पुनः अनुरोध कियं जाने पर संबंधित अधिकारियों ने कार्य को पूरा किया। इस कार्य को अपने वादे के अनुसार आनंद कुमार गौड़ ने तीन दिनों के भीतर काम पूरा कर लिया। इस पर जैन समाज मंदिर के अध्यक्ष चम्पालाल जैन बंडारी द्वारा श्री गौड़ का सम्मानित किया गया। इस अवसर पर किशोर जैन, राजेश जैन, मुकेश अग्रवाल, मनीष जैन, गिरीश भंडारी, ललित जैन, पंकज जैन, जंबाग संभाग के महासचिव जी. नंदू कुमार, सलमान, शेखर, नरेश गौड़ सहित अन्य ने भाग लिया।

# लोगों की सुविधा के लिए अंदावेली ब्रिज के पुनर्निर्माण का प्रयास : जिला कलेक्टर

आसिफाबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद जिला कलेक्टर राहुल राज ने कहा कि जिले के सिरपुर निर्वाचन क्षेत्र के अंदेवेली पुल के पुनर्निर्माण के प्रस्ताव लोगों की सुविधा के लिए शासन को भेजे जाएंगे। शुक्रवार को जिले के कागजनगर कस्बे में इम्पैक्ट इंडिया फाउंडेशन का दौरा करने के बाद सिरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कोनेरू कोनप्पा के साथ अंदावेली पुल की स्थिति का जायजा लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूरी रिपोर्ट तैयार कर सरकार को बारिश व बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए



अंदेवेली पुल के पुनर्निर्माण और लोगों की सुविधा के लिए यातायात बहाल करने के प्रस्ताव भेजे जाएंगे। कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं अन्य ने भाग लिया।



बिहार समाज सेवा संघ, पैराडाइज शाखा द्वारा आयोजित छठ पूजा में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेने के लिए मंत्री तलसानी से मुलाकात कर आमंत्रित करते हुए संघ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक सिंह, सचिव मनीष गुप्ता, संजय सिंह, रानीगंज एरिया अध्यक्ष बबलू ओझा, संतोष यादव व अन्य।

# जनावरों में लप्पी वायरस के लक्षण नजर आने पर पशु चिकित्सक को सूचित करें : डॉ.विजय बडीवार



मदनूर, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार के आदेशानुसार मदनूर मंडल मारेपल्ली सरपंच शिला की अध्यक्षता में मेनूर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय बडीवार ने शुक्रवार के दिन मारेपल्ली गांव में स्थानीय लोगों से बताया कि आजकल जानवरों में लप्पी वायरस लक्षण दिखाई दे रहे हैं। अगर किसी जनवर में ऐसे लक्षण दिखाई दे रहा है तो तुरंत इसकी जानकारी पशु चिकित्सक को दें। लप्पी वायरस की रोकथाम करने के लिय मारेपली गांव में 127, मेनूर 105, छोटा एकलार 138, शेखापुर 318, सोमूर 160, सुलतानपेट 158, मोगा 145, बड़ा एकलारा 206, रूशेगाव 256, मदनूर 426, कोडचिरा 147, लछन 364, धनुर गांव में 353, मंडल में अभितक 2903 जानवरों को लप्पी वायरस टीकाकरण किया गया है।

# डिफेक्सपो-2022 के दौरान बीडीएल ने किया समझौता



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और डसॉल्ट एविएशन प्राइवेट लिमिटेड ने भारतीय सशस्त्र बलों और भविष्य के निर्यात बाजार के लिए राफेल विमान पर एस्ट्रा और स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड हथियार जैसे बीडीएल हथियार प्रणालियों के एकीकरण के लिए एक समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है। बीडीएल और आईआईटी, रोपड़ ने सभी मिसाइलों और पानी के नीचे के हथियारों के लिए संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं और प्रौद्योगिकी विकास पर काम करने के लिए समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है। उपरोक्त के अलावा, बीडीएल ने अन्य संगठनों के साथ भी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिनमें अशोक लीलैंड डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स, न्यूजस्पेस टेक्नोलॉजीज आदि शामिल हैं।

गांधीनगर, गुजरात में डिफेक्सपो-2022 के किनारे आयोजित बंधन समारोह के दौरान माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में संबंधित कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। कमोडोर सिद्धार्थ मिश्रा (सेवानिवृत्त), सीएमडी, बीडीएल ने कहा कि नए भागीदारों के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन कंपनियों के बीच अधिक सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। पी. राधाकृष्ण, निदेशक (उत्पादन) ने बीडीएल की ओर से समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। एन. श्रीनिवासुलु, निदेशक (वित्त), डॉ. उपेंद्र वेन्नम, मुख्य सतर्कता अधिकारी, कमोडोर ए माधवराव (सेवानिवृत्त), कार्यकारी निदेशक (विपणन) और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे। बीडीएल ने डिफेक्सपो-2022 के दौरान विभिन्न संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन में प्रवेश किया है।

# दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई




हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मारवाड़ी युवा मंच पर्ल महिला शाखा, सिकंदराबाद द्वारा दृष्टिबाधित छात्रों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। शाखा मंत्री शीतल जैन द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार शाखा अध्यक्ष रक्षा जैन की अध्यक्षता में दिवाली के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय प्रकल्प आनंद सबके लिए के तहत बंसीलालपेट स्थित साईं जूनियर कॉलेज के दृष्टि बाधित छात्रों में मिठाई और अल्पाहार की व्यवस्था की गई। 200 बच्चों ने अल्पाहार का लाभ लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा के रक्तदान संयोजिका पूनम बोहरा, कविता मांडण, संतोष गुजरानी, पुष्पा कोठारी आरती जैन रिद्धि बोहरा का सराहनीय सहयोग रहा। शाखा के कोषाध्यक्ष कला गांधी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



केंद्रीय गुरुद्वारा गौलीगुडा में सरकारी स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा कार्यालय और कर्मचारियों द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया या। इसमें भाग लेते हुए डिप्टी डीएचएचओ किंग कोटी क्लस्टर डॉ पद्मजा, डॉ. स्नेहिका, डॉ अक्षरा धया, डॉ. सविता, बसंती कौर, एनआर लक्ष्मण राव, बोनी वेंकटेश यादव, अरुणसिंह, धीरज और अन्य।



श्रीमद्भागवत कथा के मुख्य यजमान सूर्यप्रकाश कोलरीया का सम्मान करते हुए श्रीश्री प्रभुदासजी महाराज। उपस्थित हैं मुरलीधर व्यास, माणिकचंद पांडिया, द्वारकाप्रसाद तिवाड़ी, श्रीनिवास, आनंदप्रकाश व्यास व अन्य।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग

### भ्रष्टाचार के केस ...

कहा था कि इमरान ने अपने कार्यकाल के दौरान विभिन्न देशों से मिले गिफ्ट को बेच दिया था। इमरान ने चुनाव आयोग को बताया था कि उन्होंने तोशखाने से इन सभी गिफ्ट्स को 2.15 करोड़ रुपए में खरीदा था। इन्हें बेचकर उन्हें करीब 5.8 करोड़ रुपए मिले थे। जिन तोहफों को इमरान ने बेचा था उनमें एक बेशकीमती घड़ी, कफलिंक का एक जोड़ा, एक महंगा पेन, एक अंगूठी और चार रोलेक्स वॉच शामिल थीं।

पाकिस्तान की मशहूर पत्रकार आलिया शाह के मुताबिक- पाकिस्तान में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति या दूसरे पद पर रहने वालों को लोगों मिले तोहफों की जानकारी नेशनल आर्काइव को देनी होती है। इन्हें तोशाखाना में जमा कराना होता है। अगर तोहफा 10 हजार पाकिस्तानी रुपए की कीमत वाला होता है तो बिना कोई पैसा चुकाए इसे संबंधित व्यक्ति रख सकता है। 10 हजार से ज्यादा है तो 20 फीसदी कीमत देकर गिफ्ट अपने पास रखा जा सकता है। अगर 4 लाख से ज्यादा का गिफ्ट है तो इसे सिर्फ वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) या सदर-ए-रियासत (राष्ट्रपति) ही खरीद सकता है। अगर कोई नहीं खरीदता तो नीलामी होती है।

### अनिल देशमुख की ...

उद्धव गुट वाली शिवसेना के नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। पात्रा चॉल से जुड़े इस केस में उन्हें इसी साल जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। पिछले महीने विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम कोर्ट से उन्होंने जमानत मांगी थी। इस याचिका का अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने विरोध किया था। उन्होंने हवाला दिया था कि जांच एजेंसी के पास 2011 से रिकॉर्ड मौजूद हैं, जो बताते हैं कि संजय राउत पात्रा चॉल परियोजना में शामिल थे।

सिद्धार्थ नगर उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा चॉल है। यह 47 एकड़ में फैला हुआ है। इसमें 672 किराएदार परिवार रहते हैं। 2008 में महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी ने की एक सहयोगी कंपनी को चॉल के लिए एक पुनर्विकास अनुबंध सौंपा था।

जीएसीपीएल को किराएदारों के लिए 672 फ्लैट बनाने और महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) को कुछ फ्लैट देने थे। हालांकि, ईडी के अनुसार पिछले 14 सालों में किराएदारों को एक भी फ्लैट नहीं मिला है।

# 2 बार की चैंपियन वेस्टइंडीज बाहर

## आयरलैंड से हारी; बैट और लक ने साथ नहीं दिया

होबार्ट, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में शुक्रवार को सबसे बड़ा उलटफेर हुआ। 2 बार की वर्ल्ड चैंपियन वेस्टइंडीज क्वालिफाइंग राउंड में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गई। आयरलैंड ने विश्वविजेता टीम को 9 विकेट से हरा दिया।

ऐसा पहली बार है जब कोई विश्व विजेता टीम वर्ल्ड कप के मेन राउंड में नहीं पहुंची पाई है।

वेस्टइंडीज ने 2012 और 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीता था। ICC रैंकिंग में आयरलैंड की टीम 12वें स्थान पर है वहीं, वेस्टइंडीज की टीम सातवें नंबर पर है। इस मैच में वेस्टइंडीज को न तो बल्लेबाजों का साथ मिला और न लक ही उनके फेवर में रहा।

### मैच हारने की 3 वजह

1. आयरिश स्पिनर्स

आयरलैंड के स्पिनर्स ने प्रभावी प्रदर्शन किया। वे वेस्टइंडीज को एक के बाद एक झटके देते रहे और वेस्टइंडीज टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही। 5 में से 4 विकेट स्पिनर्स ने चटकाए। एक विकेट मीडियम पेसर मैकार्थी ने लिया।

पूरे टूर्नामेंट में वेस्टइंडीज की टीम स्पिनर्स को अच्छे से नहीं खेल पाई।

2. आयरिश बैटिंग

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद आयरिश ओपनर ने कमाल की शुरुआत की। 11 ओवर में 100 रनों का आंकड़ा पार कर हर प्रेशर को हटा दिया। कैप्टन बालबर्नी ने 37 रनों की पारी खेली। पॉल स्टर्लिंग के साथ 73 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। स्टर्लिंग ने 56 नाबाद और टकर ने 47 नाबाद रन बनाए।

3. वेस्टइंडीज टॉप ऑर्डर फेल

वेस्टइंडीज का टॉप ऑर्डर फेल रहा। मिडल ऑर्डर में ब्रैंडन किंग (62) ने पारी संभाली पर कोई और बल्लेबाज साथ नहीं दे पाया।

किस्मत ने भी साथ छोड़ा, आयरलैंड का फेवर किया

11वें ओवर की चौथी गेंद पर ओडियन स्मिथ की बॉल पर लोर्कन टकर ने पुल करने के प्रयास में कैच आउट हो गए। वे पवेलियन की ओर चल पड़े थे। तभी थर्ड अंपायर ने नो बॉल दे दिया और टकर वापस फिर बल्लेबाजी करने आ गए।



### मैच ब्रीफ (T20 World Cup)

| वेस्टइंडीज | | आयरलैंड | |
|---|---|---|---|
| टीम स्कोर: 146/5 (ओवर 20) | | टीम स्कोर: 150/1 (ओवर 17.3) | |
| बैटर | बॉलर | बैटर | बॉलर |
| ब्रैंडन किंग 62 (48) | गैरेथ डेलानी 3/16 | पॉल स्टर्लिंग 66* (48) | अकिल होसेन 1/38 |
| जॉनसन चार्ल्स 24 (18) | सिमी सिंह 1/11 | लोर्कन टकर 45*(35) | जेसन होल्डर 0/23 |

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को 9 विकेट से हराकर सुपर-12 एंट्री की।

### आयरलैंड का सुपर 12 में जाना तय, जिम्बाब्वे-स्कॉटलैंड का रिजल्ट बाकी

आयरलैंड दो जीत के बाद 4 अंक लेकर पॉइंट टेबल में टॉप पर है और वह सुपर-12 के लिए क्वालीफाई कर चुकी है।

वेस्टइंडीज टूर्नामेंट से बाहर है। 2016 की चैंपियन 2 अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर है। ग्रुप का आखिरी मुकाबला जिम्बाब्वे और स्कॉटलैंड के बीच खेला जा रहा है।

जिम्बाब्वे-स्कॉटलैंड मैच विजेता टीम भी सुपर-12 में जाएगी। कौन किस पूल में होगा। इसका फैसला मैच के बाद होगा।

अभी स्कॉटलैंड, जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज एक-एक जीत के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर हैं। तीनों के एक समान दो-दो अंक हैं।

आयरलैंड ने 13वीं बार टेस्ट प्लेइंग नेशन को हराया



आयरलैंड की टीम ने 13वीं बार टेस्ट मैच खेलने वाली टीम को टी-20 क्रिकेट में हराया है। उन्होंने पांच मुकाबलों में जिम्बाब्वे, 4 मैच में अफगानिस्तान और एक बार बांग्लादेश को हराया था। वेस्टइंडीज के खि ला फ आयरिश टीम की तीसरी जीत है।

**वेस्टइंडीज:** काइल मेयर्स, जॉनसन चार्ल्स, एविन लुईस, निकोलस पूरन (कप्तान और विकेट कीपर), ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, जेसन होल्डर, अकील होसेन, ओडियन स्मिथ, अल्जारी जोसेफ, ओबेद मैककॉय।

**आयरलैंड:** एंड्रयू बालबर्नी (कप्तान), पॉल स्टर्लिंग, लोर्कन टकर (विकेटकीपर), हैरी टेक्टर, कर्टिस कैंपर, जॉर्ज डॉकरेल, गैरेथ डेलानी, मार्क अडायर, सिमी सिंह, बैरी मैकार्थी, जोशुआ लिटिल।

# पाकिस्तान से भिड़ने मेलबर्न पहुंची भारतीय टीम

## 23 अक्टूबर को है महामुकाबला, रोहित ब्रिगेड शुक्रवार को जमकर की प्रैक्टिस

मेलबर्न, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत हो गई है। हालांकि दुनियाभर के फैंस को इंतजार है 23 अक्टूबर को मेलबर्न में होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले सुपर हिट मुकाबले की। इस मुकाबले के लिए रोहित बिग्रेड की टीम मेलबर्न पहुंच चुकी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ब्रिस्बेन से मेलबर्न पहुंचने का वीडियो शेयर किया है।

### पर्थ में लगा था भारत टीम का कैंप

भारतीय टीम वर्ल्ड कप की तैयारी के लिए इस महीने के शुरुआत में ही पर्थ पहुंच गई थी। भारतीय टीम का कैंप पर्थ में ही लगा था, ताकि खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया के पिचों से अवगत हो सकें और अपने को वहां के वातावरण में ढाल सकें। टीम इंडिया ने पर्थ में लोकल टीम के साथ 2 अभ्यास मैच खेले, जबकि ब्रिस्ब्रेन में टोस्ट टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ वार्मअप मैच खेले। जिसमें टीम को जीत मिली। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा वार्मअप मैच बारिश की वजह से नहीं हो सका था।

### मैच पर बारिश का खतरा




भारत-पाक के बीच होने वाले मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। इस मैच के टिकट बुकिंग शुरू होने के 10 मिनट में ही सोल्ड आउट हो गए थे। भारत और पाकिस्तान से कई फैंस खासकर यही मैच देखने ऑस्ट्रेलिया जा रहे हैं, लेकिन फैंस सहित आईसीसी की तमाम उम्मीदों पर बारिश पानी फेर सकती है।

1992 से लेकर अब तक वनडे और टी-20 वर्ल्ड कप मिलाकर भारत और पाकिस्तान के बीच 13 मुकाबले खेले गए हैं, लेकिन अब एक भी मैच बारिश के कारण रद्द नहीं हुआ है।

23 अक्टूबर को मेलबर्न में भारी बारिश की आशंका जताई गई है। ऐसा होता है तो वनडे और टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब भारत-पाकिस्तान मैच बारिश की भेंट चढ़ जाएगा।

# भारत-पाक महामुकाबले से पहले शान मसूद चोटिल

## अभ्यास के दौरान सिर पर लगी चोट, जमीन पर गिर पड़े

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने वाले महा मुकाबले से पहले पाकिस्तानी खेमे से बुरी खबर आ रही है। उनके नंबर तीन बल्लेबाज शान मसूद को प्रैक्टिस के दौरान सिर पर चोट लग गई, जिसके वजह से उन्हें अस्पताल ले जाया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रैक्टिस के दौरान मोहम्मद नवाज की एक गेंद मसूद के सिर पर लग गई। वह वहीं नीचे गिर गए। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले कर जाया गया। हालांकि, उनकी क्या स्थिति है, इसके बारे में अभी आधिकारिक रूप से कोई बयान सामने नहीं आया है।

### वार्मअप मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 22 गेंदों पर बनाए थे 39 रन

पाकिस्तान को 23 अक्टूबर को सुपर-12 में भारत के खिलाफ मैच खेलना है। मसूद ने इंग्लैंड के खिलाफ वार्मअप मैच में 22



गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 39 रनों की पारी खेली थी। इस मैच में पाकिस्तान के नियमित ओपनर बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं खेले थे। ऐसे में कप्तान ने मसूद को प्रैक्टिस का मौका दिया था। मसूद ने अब तक अंतरराष्ट्रीय पर खेले 12 मैचों में 24.44 की औसत से 220 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 125 का रहा है।

### फखर जमान और हैदर अली प्लेइंग इलेवन में हो सकते हैं शामिल

आईसीसी के नियमों के अनुसार सिर पर चोट लगने के बाद कंकशन प्रक्रिया से उन्हें गुजरना पड़ेगा। अगर डॉक्टरों को लगता है कि उन्हें आराम की जरूरत है, तो वह भारत के खिलाफ प्लेइंग इलेवन के हिस्सा नहीं होंगे।

# रोहित की पाक बॉलर्स को जवाब देने की तैयारी

## बाएं हाथ के गेंदबाजों के साथ कर रहे प्रैक्टिस, ताकि शाहीन-नवाज मुसीबत न बनें

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। 23 अक्टूबर को भारत-पाकिस्तान के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का महामुकाबला मेलबर्न में खेला जाना है। उससे पहले रोहित शर्मा लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलर्स के साथ नेट पर प्रैक्टिस करते नजर आए। इसका वीडियो वायरल हो रहा है।

दरअसल, लेफ्ट आर्म फास्ट बॉलरों के खिलाफ प्रैक्टिस की मुख्य वजह पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मोहम्मद नवाज हैं। इन बॉलर्स ने पिछले मैचों में भारतीय बल्लेबाजों को बहुत परेशान किया था।

पिछले साल 2021 में हुए वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के साथ हुए पहले मुकाबले में भारत को हार का सामना करना पड़ा था। रोहित शर्मा बिना खाता बोले ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के शिकार हुए थे। अफरीदी ने रोहित के सामने



यॉर्कर लेंथ पर इनस्विंग बॉल डाली। रोहित LBW आउट हुए थे।

वहीं, केएल राहुल भी 8 गेंदों का सामना कर शाहीन की गेंद पर ही 3 रन बनाकर आउट हो गए थे। रोहित इस बार कोई जोखिम नहीं ले चाहते हैं। उन्होंने शुक्रवार को मेलबर्न में पहले ट्रेनिंग सेशन में नेट प्रैक्टिस के दौरान लेफ्ट-आर्म गेंदबाजों के साथ प्रैक्टिस करते दिखे।

पाकिस्तान की बॉलिंग लाइन अप इस वर्ल्ड कप बहुत मजबूत बताई जा रही है। तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ और नसीम शाह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। इन्हीं गेंदबाजों से बचने के लिए भारतीय टीम के खिलाड़ी कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ से लंबी चर्चा कर रहे थे।

2021 के वर्ल्ड कप में सुपर-12 के मुकाबलों में इंडिया पाकिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरी थी। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 151 रन ही बना पाई थी। 152 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने बिना विकेट खोए ही लक्ष्य को हासिल कर लिया था। मोहम्मद रिजवान ने 79 और कप्तान बाबर आजम ने नाबाद 68 रन की पारी खेली थी। वहीं, शाहीन अफरीदी 4 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए थे।

### वर्ल्ड कप में वापसी कर रहे हैं अफरीदी

शाहीन शाह अफरीदी पिछले कुछ समय से घुटने की चोट के चलते पाकिस्तान टीम से बाहर थे, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप से पहले उन्होंने वापसी कर ली है। पिछले वर्ल्ड कप में सुपर-12 के एक मैच के दौरान उन्होंने रोहित शर्मा, विराट कोहली और केएल राहुल जैसे बड़े गेंदबाजों के विकेट चटकाए थे।

# टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने पर निर्णय लेगा गृह मंत्रालय

## स्पोर्ट्स मिनिस्टर अनुराग ठाकुर ने कहा - प्लेयर्स की सिक्योरिटी को देखते हुए लिया गया फैसला



भारत में होने वाले 2023 वनडे वर्ल्ड कप में पाकिस्तान समेत सभी बड़ी टीमें हिस्सा लेगी - *अनुराग ठाकुर (केंद्रीय सूचना और प्रसारण, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री)*

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि गृह मंत्रालय अगले साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप के लिए भारत के पाकिस्तान दौरे पर फैसला करेगा। खिलाड़ियों की सिक्योरिटी को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। 2023 में वर्ल्ड कप भारत में होगा। इसमें पाकिस्तान समेत दुनिया की तमाम टीमें शामिल होंगी। ठाकुर ने यह बयान खेलो इंडिया यूथ गेम्स की घोषणा के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दिया।

### भारत का स्पोर्ट्स में बहुत योगदान

मिनिस्टर अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत का स्पोर्ट्स में बहुत योगदान है। आप किसी भी ख्याल में भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकते, खासकर क्रिकेट में। अगले साल भारत वर्ल्ड कप होस्ट करेगा और यह एक ऐतिहासिक आयोजन होगा।


जय शाह के बयान के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुलाई थी इमरजेंसी मीटिंग

अगले साल यानी 2023 में पाकिस्तान में वनडे फॉर्मेट का एशिया कप होना है। ऐसे में बीसीसीआई के सचिव और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष जय शाह ने कहा था कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। उन्होंने भी कहा था कि टूर्नामेंट न्यूट्रल वेन्यू, यानी तीसरी जगह पर होगा। इसके बाद विवाद शुरू हो गया।

अनुराग ठाकुर की प्रतिक्रिया तब सामने आई जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बीसीसीआई सचिव जय शाह के बयान के बाद एशिया क्रिकेट काउंसिल के साथ इमरजेंसी मीटिंग बुलाने का प्रस्ताव रखा।

न्यूज एजेंसी पीटीआई के अनुसार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी वर्ल्ड कप के बायकॉट की धमकी देने के साथ-साथ आईसीसी और एसीसी का रोना भी रो रहा है। उसका कहना है कि इससे आईसीसी और एसीसी को घाटा होगा।

# टी20 विश्व कप चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को मात देगा न्यूजीलैंड : काइल जैमीसन



नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को भरोसा है कि उनकी टीम शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में आस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप सुपर-12 मैच में रणनीतिक रूप से स्मार्ट निकलेगी. पीठ की चोट के कारण दरकिनार किए गए जैमीसन ने कहा कि ब्लैक कैप्स ने हाल ही में केर्न्स में ट्रांस-तस्मान प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला खो दी थी, लेकिन टी20 क्रिकेट पूरी तरह से एक अलग गेंद का खेल है और कुछ भी हो सकता है.

जैमिसन ने सेन्ज ब्रेकफास्ट के हवाले से कहा, "मैं कल टीम का समर्थन करूंगा. साथ ही हौसलाअफजाई भी करूंगा. मुझे यकीन है कि वे बहुत चतुराई से सामने आएंगे और उस स्वतंत्रता के साथ खेलेंगे और उन्हें बड़े मंच पर ले जाने की कोशिश करेंगे."

आस्ट्रेलिया, आरोन फिंच की अगुआई में, अपने घरेलू लाभ और अपने पक्ष में इतिहास के कारण शुरूआती सुपर 12 मैच में पसंदीदा के रूप में सामने आया है. न्यूजीलैंड के लिए, ये एक बेहद महत्वपूर्ण मैच है क्योंकि उनके ग्रुप में इंग्लैंड भी है, जो समूह में सबसे कठिन टी20 टीमों में से एक है, और जोस बटलर की टीम से हारने पर सेमीफाइनल में पहुंचने का उनका काम बहुत मुश्किल कर सकता है.

जैमिसन ने आगे कहा, "हमने पहले ही क्वालीफाइंग मैचों के माध्यम से देखा है कि हर कोई अपने दिन हर किसी को हरा सकता है. मुझे लगता है कि यही टी20 क्रिकेट की खूबसूरती है."

जैमीसन ने राष्ट्रीय टीम में वापस जाने से पहले निकट भविष्य में स्थानीय क्रिकेट में उपस्थिति दर्ज कराने की योजना बनाई है।

# बारिश के खतरे पर विलियमसन ने कहा, बिना मैदान पर उतरे तैयारी करना मुश्किल

सिडनी, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड सुपर 12 मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है. अगर मैच कम ओवरों का होता है, तो दोनों टीमों को अपने-अपने प्लेइंग इलेवन में अंतिम क्षणों में कुछ बदलाव करने पड़ सकते हैं. लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन 90 प्रतिशत बारिश के खतरे के बावजूद शनिवार को मैच होने की उम्मीद कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि मैदान पर उतरे बिना बहुत सी चीजों का अनुमान लगाना कठिन है. उन्होंने कहा, "स्वाभाविक रूप से आप 20-ओवर (मैच) के लिए तैयारी करते हैं और फिर कोशिश करते हैं और जो आपके सामने है उसे समायोजित करें. इसके अलावा, जो मौसम का अनुमान है. हमें पिच को भी देखने की आवश्यकता होगी कि इससे तैयारी में मदद मिलेगी." विलियमसन ने कहा, "इसमें



कोई संदेह नहीं है कि वे एक अनुभवी टीम हैं और वे इसमें बहुत समय लगाएंगे, वह अपने घर में खेल रहे हैं, तो उन्हें परिस्थितियों से काफी मदद मिल सकती है."

मौसम का हवाला देते हुए और एक संभावित संक्षिप्त खेल का हवाला देते हुए, विलियमसन ने अपने सुपर 12 अभियान के लिए अपनी प्लेइंग इलेवन का संकेत देने से इनकार कर दिया. उन्होंने कहा, "हमने पिच को भी नहीं देखा है. इसे आज सुबह कवर किया गया था. हम अभी तक अपने प्लेइंग इलेवन की पुष्टि नहीं करेंगे, क्योंकि अगर यह कम ओवर का मैच होता है, तो कई बदलाव की संभावना होगी. इसलिए हमें बस इंतजार करना होगा।"

# ऑस्ट्रेलिया के पास नहीं है बैकअप विकेटकीपर

## डेविड वार्नर को निभानी पड़ सकती है जिम्मेदारी

नई दिल्ली, 21 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती सुपर-12 मैच से पहले कप्तान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच ने कहा कि आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के नियमित विकेटकीपर मैथ्यू वेड के चोटिल होने की संभावना में, सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर उनकी जगह लेंगे.

रिजर्व विकेटकीपर जॉश इंग्लिस चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए. वेड टीम में एकमात्र विकेटकीपर खिलाड़ी हैं और फिंच ने कहा कि 34 साल के वेड के भी घायल होने की स्थिति में, वार्नर कीपिंग की भूमिका के लिए तैयार हैं.



फिंच ने कहा कि वो कर्तव्यों को निभाने के लिए थोड़ा असहज महसूस कर रहे हैं. 35 साल के फिंच ने कहा, "मैंने निश्चित रूप से (अभ्यास सेशन के दौरान) इसका अभ्यास नहीं किया. मेरे घुटने ठीक ना होने के कारण मैं विकेटकीपर का काम नहीं कर सकता."

फिंच ने कहा कि घर पर खेलने का दबाव कुछ ऐसा था जिसमें उनकी टीम के सदस्य खुद को पहले से व्यस्त नहीं रख रहे थे, क्योंकि इससे टीम के खिताब को बरकरार रखने के अभियान पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता था।

# हवाला रैकेट का पर्दाफाश, 1 करोड़ 10 लाख बरामद



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कमिश्नर टास्क फोर्स, साउथ जोन टीम, हैदराबाद की टीम ने शाहइनायगंज पुलिस के साथ मिलकर हैदराबाद शहर और उसके आसपास हवाला का संचालन करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 1,10,73,400 रुपए नकद और चार मोबाइल फोन बरामद हुए है। गिरफ्तार आरोपियों में कमलेश (47), अशोक कुमार (35), राहुल अग्रवाल (28), रतन सिंह (25) शामिल है। ये सभी व्यापारी है और शाहइनायतगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुख्य आरोपी कमलेश कुमार चुड़ीबाजार का रहने वाला है और हैदराबाद के बेगमबाजार में प्लास्टिक बैग का कारोबार करता है।

उसे अपने व्यवसाय में उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा था। इसलिए उसे शहर और उसके आसपास हवाला चलाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने राहुल अग्रवाल के साथ अपनी योजना साझा की। वह हवाला व्यवसाय करने के लिए तैयार हो गया। कमलेश कुमार ने ग्राहकों तक धनराशि पहुंचाने लिए अशोक कुमार और रतन सिंह की व्यवस्था की। विश्वसनीय सूचना के आधार पर बीती शाम साउथ जोन टास्क फोर्स की टीम ने शाबइनायतगंज पुलिस के साथ एमजे ब्रिज, जुमेरात बाजार में वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार की रोककर तलाशी ली गई तो चेकिंग के दौरान काले रंग के पॉलीथिन में भारी मात्रा में धनराशि मिली। पूछताछ करने पर उन्होंने राशि के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच के लिए एसएचओ शाहइनायतगंज थाने को सौंपे दिया गया।

# छह शिकारी गिरफ्तार, तेंदुए की खाल जब्त



भूपालपल्ली, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस अधीक्षक (एसपी) जे. सुरेंद्र रेड्डी ने कहा कि ने कटाराम डीएसपी राममोहन रेड्डी की देखरेख में पुलिस की एक विशेष टीम ने शुक्रवार को जिले के महादेवपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक तेंदुए की खाल बेचने जा रहे छह लोगों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कोथागुडेम जिले के चेरला मंडल के कोय्यूर गांव के इरूपा नागेंद्र बाबू, मुलुगु जिले के एतुरनगरम मंडल के रॉययूर गांव के पोलम वेंकटेश, एतुरनगरम मंडल के शंकराजुपल्ली गांव के परसाबोइना राजेश, मुलुगु जिले के येदुजेरला गांव के येरगटला श्रीनाथ शामिल हैं।

पश्चिम गोदावरी जिले के कुक्कुनूर मंडल के दचाराम गांव के बुर्री सैकिरन, जो वर्तमान में भद्राद्री-कोठागुडेम जिले के सरपका गांव में रहते हैं, और कुक्कुनूर मंडल के बेस्टगुडेम गांव के बोम्मकांति किशोर शामिल हैं।

पोलम वेंकटेश ने इरुपा नागेंद्र बाबू के साथ मिलकर एक तेंदुए को मारने के लिए जाल बिछाया, क्योंकि उन्हें पता चला कि तेंदुआ छत्तीसगढ़ राज्य में बीजापुर जिले के हुसुर तालुक के पमेदु गांव के पास वन क्षेत्र में घूम रहा है और बड़ी रकम बनाने के लिए त्वचा को बेचने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने राजेश की मदद से इसे बेचने की कोशिश की, जो वेंकटेश के दोस्त हैं। एसपी ने कहा कि वे इसे 30 लाख रुपये में बेचना चाहते थे।

रेड्डी ने कहा कि चमड़ी बेचने के लिए, वे महाराष्ट्र के लिए रवाना हुए, लेकिन हमारी विशेष पुलिस टीम ने शुक्रवार को महादेवपुर के पास वन क्षेत्र में उन्हें सफलतापूर्वक पकड़ लिया। श्री रेड्डी ने टीम पुलिस टीम की सराहना की। आरोपियों को महादेवपुर थाने में स्थानांतरित कर दिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोटरसाइकिल, तीन हजार रुपये नकद और छह मोबाइल भी बरामद किए हैं। महादेवपुर सीआई टी किरण, एसआई एन राज कुमार, हेड कांस्टेबल राजेंदर, कांस्टेबल धनुंजय, किशन, श्याम, किरण और अन्वेश ने ऑपरेशन में भाग लिया।

# अमरावती पदयात्रा में केवल 600 किसान हिस्सा ले सकते हैं: एपी हाईकोर्ट

अमरावती, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को निर्देश दिया कि अमरावती पदयात्रा अधिकतम 600 सदस्यों की हो और केवल किसान ही यात्रा में भाग लें। उच्च न्यायालय ने कहा कि अगर कोई यात्रा के साथ एकजुटता व्यक्त करना चाहता है, तो वह ऐसा कर सकता है, लेकिन केवल सड़क के किनारे से, और रैलियों के दौरान केवल चार वाहनों का उपयोग किया जाना चाहिए।

महाधिवक्ता एस. श्रीराम ने शुक्रवार को कहा कि आयोजक अदालत के आदेशों का उल्लंघन कर रहे हैं और सरकार के खिलाफ भाषण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अदालत ने केवल 600 की भागीदारी की अनुमति दी, लेकिन कई जगहों पर 30,000 से अधिक लोगों को भाग लेते देखा गया और विपक्षी नेता भी भड़काऊ भाषण दे रहे हैं। एपी उच्च न्यायालय की एकल पीठ जिसमें न्यायमूर्ति राव रघुनंदन राव शामिल हैं, जो लंच मोशन याचिका पर सुनवाई कर रही है। कहा कि पुलिस आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे और मामले की सुनवाई 27 अक्टूबर को तय कर दी।

श्री वैष्णव स्वीट्स व कैटरर्स
भव्य सेल
कलकत्ता बादाम कतली ₹ 900/- per Kg.
स्पेशल काजू कतली ₹ 800/- per Kg.
अंजीर रोल ₹ 800/- per Kg.
गुलाब जामुन ₹ 400/- per Kg.
बेसन चक्की ₹ 400/- per Kg.
मोतीचूर लड्डू ₹ 400/- per Kg.
बालुशाही ₹ 400/- per Kg.
स्पेशल नवरतन चुड़वा ₹ 600/- per Kg.
मूंगदाल ड्राईफ्रूट ₹ 600/- per Kg.
स्पेशल गौंद लड्डू ₹ 600/- per Kg.
शुद्ध घी की मिठाइयाँ ऑर्डर पर उपलब्ध है एवं कई नई वेराइटी के नमकीन, सवाली, पेठा, मसाला काजू, खारा उपलब्ध
माहेश्वरी भवन, नगारखाना, बेगम बाजार, हैदराबाद.
सुरेश महाराज 9849433950, 9030900700, 9000807305

# शहीदों के बलिदान को प्रेरणा के रूप में लिया जाना चाहिए : स्टीफन रवींद्र

## साइबराबाद सीपी ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी





हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर साइबराबाद सीपी स्टीफन रवींन्द्र ने साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय में शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीपी ने कहा कि देश की सेवा के लिए पुलिस को फिर से तैनात किया जाना चाहिए। समाज व देश के लिए और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिस शहीदों के बलिदान से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। कर्तव्य की पंक्ति में अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों के बलिदान को हमेशा याद रखना सभी की जिम्मेदारी है। अगर देश की सुरक्षा की जिम्मेदारी सेना की है तो देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी विकट परिस्थितियों में भी पुलिस ने बहादुरी से अपने कर्तव्यों का पालन किया और लोगों की सेवा की। उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा जान की बाजी लगाने के प्रयास सराहनीय हैं ताकि लोगों को पुलिस विभाग में अधिक विश्वास हो सके। उन्होंने कहा कि अगर पूरी दुनिया सो रही है तो पुलिस जनता की सुरक्षा और शांति के लिए अपने प्राणों की आहुति देने के लिए लगातार तैयार है।

लोगों के लिए जीने-मरने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान दिखाना और लोगों के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए बलिदान के प्रति सम्मान दिखाना हम सभी की जिम्मेदारी है। पुलिस अमर वीरों का स्मरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पुलिस के कर्तव्यों का पालन करने के लिए आगे आने वालों के लिए कर्तव्यों के प्रदर्शन में प्रेरणा और नयापन भरना है। पुलिस को कर्तव्य पालन में अनुशासन के साथ काम करना चाहिए। सीपी ने कहा कि इस साल देश भर में ड्यूटी के दौरान करीब 264 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि शहीदों का निधन उनके परिवारों के लिए एक बड़ी क्षति है और मृत पुलिसकर्मियों की आत्मा को शांति मिले।

इसी क्रम में सीपी ने शहीदों के परिवार के सदस्यों को अमंगल एसआई के हनुमंत रेड्डी, तालाकोंडापल्ली पुलिस कांस्टेबल फहीमुद्दीन और सशस्त्र कांस्टेबल ईश्वर राव की सेवाओं की स्मृति में सम्मानित किया। कार्यक्रम में संयुक्त सीपी अविनाश महंती, साइबराबाद ट्रैफिक डीसीपी टी श्रीनिवास राव, मधापुर डीसीपी सुश्री शिल्पावल्ली, शमशाबाद डीसीपी जगदीश्वर रेड्डी, महिला और बाल सुरक्षा विंग सीपी कविता, साइबर क्राइम एडीसीपी रितिराज, एडमिन डीसीपी इंदिरा, एडीसीपी रवि कुमार, सीएआर मुख्यालय एडीसीपी एमडी रियाज उल हक, एडीसीपी वेंकट रेड्डी, एसओटी एडीसीपी नारायण, एसीपी, इंस्पेक्टर, पुलिस ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भद्र रेड्डी, विभिन्न वर्गों के कर्मचारी, पुलिस परिवार के सदस्यों और अन्य पुलिस कर्मियों ने भाग लिया।

# जेपी नड्डा के लिए कब्र का निर्माण सत्तारूढ़ टीआरएस के अंत की शुरुआत : डॉ. लक्ष्मण

## सांसद ने सीएम केसीआर की आलोचना की



हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. के. लक्ष्मण ने आज राज्य के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधा और मुख्यमंत्री से पूछा कि जब उनकी पार्टी के नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ अपमानजनक व्यवहार किया, तो वह क्या कर रहे हैं।

सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जेपी नड्डा की नकली कब्र बनाने की घटना का जिक्र करते हुए लक्ष्मण ने कहा कि उनकी पार्टी के नेता के लिए कब्र का निर्माण सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के अंत की शुरुआत है। उन्होंने मांग की कि सीएम केसीआर और राज्य मंत्री केटीआर को अपनी पार्टी के नेताओं की पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ टिप्पणी के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए और चेतावनी दी कि अगर पिता और पुत्र की जोड़ी ने उनकी मांग पूरी नहीं की तो टीआरएस पार्टी को भारी कीमत चुकानी होगी।

राज्य पार्टी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, लक्ष्मण ने कहा कि राज्य के लोग फ्लोरोसिस के मुद्दे पर सत्तारूढ़ दल के नेताओं की राजनीति देख रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम केसीआर ने तेलंगाना के सीएम बनने के बाद से राज्य के लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के लोग सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के लिए कब्र का निर्माण करेंगे।

## बंडी संजय ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार ने आज पुलिस शहीद स्मृति दिवस पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की सेवाएं अमूल्य हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार पुलिस और होमगार्डों की अमूल्य सेवाओं के बावजूद उनकी समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। उन्होंने राज्य सरकार से पुलिस अधिकारियों के वेतन वृद्धि और पदोन्नति जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान करने की मांग की। इस अवसर पर संजय ने अपने निजी सुरक्षाकर्मियों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुछ लोक कलाकारों ने पुलिस के दुस्साहस की प्रशंसा करते हुए गीत भी गाए।

धनतेरस व दिपावली के शुभ अवसर पर आप सभी के लिए विशेष ऑफर
पूजा केटरर्स
द्वारा शुद्ध घी की मिठाईयाँ एवं विभिन्न प्रकार की नमकीन, सवाली, पेठा हॉलसेल रेट ऑर्डर पर उपलब्ध
* अंजीर रोल
* काजू कतली
* मोती चूर लड्डू
* स्पेशल दालमोठ
* सवाली मट्ठी
* अजमेरी कलाकन्द
* मूंगदाल ड्राईफ्रूट चुड़वा
* बादाम कतली
* मिक्स मिठाई
* बेसन की बर्फी
* शक्कर पारे
शाही चिवड़ा
आपके भरोसे की दुकान
अपने परिजनो व शुभचिंतको को धनतेरस व दिपावली के अवसर पर भेंट कीजिये उच्च क्वॉलिटी, किफायती दर की मिठाईयाँ
घाँसी महाराज (पूजा केटरर्स)
14-9-639, संतोषीमाता मंदिर के सामने, जिन्सी चौराहा रोड, जुमेरात बाजार, हैदराबाद
सम्पर्क: 9848085375, 9440552321, 9440381090, 9000760667

# रोजगार मेला के तहत नए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे किशन रेड्डी

हैदराबाद, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी शनिवार को रेल कलारंग, सिकंदराबाद में रोजगार मेला के पहले चरण के तहत केंद्र सरकार के नए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोज़गार मेला के तहत 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान का शुभारंभ करेंगे। कल 75,000 नए चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन नए चयनित उम्मीदवारों को भी संबोधित करेंगे। दक्षिण मध्य रेलवे में, समारोह दो स्थानों अर्थात् सिकंदराबाद और विजयवाड़ा में आयोजित किया जा रहा है।

सिकंदराबाद में कार्यक्रम के दौरान 16 विभागों के अधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। विभागों में शामिल हैं - रेलवे, डाक विभाग, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), आयकर विभाग, रक्षा मंत्रालय के तहत सैन्य अभियंता सेवा, मिधानी डिपो, जनगणना विभाग, केंद्रीय जल बोर्ड, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, केनरा बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी)। विजयवाड़ा में, मंडल रेल सभागार, विजयवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा और सूचना और प्रसारण और मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन, पशुपालन और डेयरी इस अवसर पर उपस्थित होंगे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# बस में लगी आग, 60 यात्री बाल-बाल बचे



विजयवाड़ा, 21 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश में शुक्रवार को सरकारी सड़क परिवहन निगम (आरटीसी) की एक बस में आग लगने से कम से कम 60 यात्री बाल-बाल बच गए। घटना शुक्रवार सुबह कृष्णा जिले के वेंत्रप्रगड़ा के पास की है।

आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बस छात्रों सहित 60 यात्रियों के साथ गुडीवाड़ा से विजयवाड़ा जा रही थी। आग बस के इंजन से लगी। धुंआ देख एक सतर्क चालक ने वाहन को रोका और यात्रियों को नीचे उतरने को कहा। पूरी बस में आग लगने से पहले सभी यात्रियों के सुरक्षित उतर जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। घटना में किसी को चोट नहीं आई हालांकि, वाहन पूरी तरह जलकर खाक हो जाने के कारण यात्रियों ने अपना सामान खो दिया। उनमें से कुछ नकद, सोने के आभूषण और अन्य कीमती सामान खो गए। मौके पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरि ओम ज्योतिष केंद्र
समस्या है तो समाधान
ज्योतिष वेदों का नेत्र है, और वेद भगवान का स्वरूप है।
शुभ मुहूर्तावली

| क्र.सं. | मास, तिथि, वार दि. | नक्षत्र योग | चंद्रमा | शुभ समय | विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कार्तिक कृष्ण 13 रविवार दि.23.10.22 | मध्याह्न 2.30 बजे तक उत्तरा फाल्गुनी न. के बाद में हस्ता नक्षत्र | कन्या | प्रातः9-12 बजे तक साथ 6-9 बजे तक | धनतेरस, यमदीपदान, प्रदोष व्रत, पूजन समय सायं 5.50 से 8.24 तक बही खाता, खरीदी करना कलम दवात, चांदी |
| 2. | कार्तिक कृष्ण सोमवार दि.24.10.22 | मध्याह्न में हस्ता न. के बाद चित्रा नक्षत्र रहेगा | रात्रि में 2.30 तक कन्या बाद में तुला | प्रातः 9 से 10.30 मध्याह्न 1.30 बजे से 6 तक सायं 6 से 8.30 तक गोधूली प्रदोष बेला प्रातः शुभ बेला में गादी बिछाना, स्याही भरना | रुप चतुर्दशी,नरक चौदस दीपावली पर्व,श्रीमहालक्ष्मी, सरस्वती,गणेश,कुबेर पूजा 6 से 8.30 तक गोधूली लगन 9 से 11.30 तक मिथुल लग्न 11-16 से 1-40 तक कर्क लग्न 1-35 से 3-45 तक सिंह लग्न |
| 3. | कार्तिक कृष्ण 30 मंगल दि. 25.10.22 | मध्याह्न 2-15 तक चित्रा नक्षत्र बाद में स्वाती नक्षत्र रहेगा | तुला | प्रातः 4.30 बजे से सूतक प्रारंभ,ग्रहण समय सायं 4.31 से 5.59 बजे तक | सूर्य ग्रहण |
| 4. | कार्तिक शु.पक्ष दि.26.10.22 | मध्याह्न 1.30 तक स्वाती नक्षत्र बाद में विशाखा नक्षत्र | तुला | प्रातः 7.30 से 9 बजे तक 10.30 से 12 बजेतक सायं 3 से 6 बजे तक | गोवर्धन पूजा अन्नकूट, कांटा लगाना नूतन व्यापार प्रारंभ करना भाई दूज, यम व्दितीया |

आचार्य पं. प्रमोद जी शास्त्री
9848261917-9491217027
दीपा नर्सिंग होम, एलएमजी स्कूल के समिप, बेगम बाजार, हैदराबाद
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
ब्रिगेड रोड नं. 7, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. मोबाइल : 9000366660
GB GOPAL BALDAWA GROUP
प्रसिद्ध समाज सेवी
गोपाल-मंजू बल्दवा




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.